सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 02 सितम्बर, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 55, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स हल्की गिरावट के साथ बंद

कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई और घरेलू शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। } 10

## छात्रों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी ली जायेंगी वापस : नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि कॉकरोच जनता पार्टी के नेतृत्व में हुए प्रदर्शनों में शामिल प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज सभी प्राथमिकी वापस ली जाएंगी और उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। } 12



## पटाखा विस्फोट : आरोपी के घरों पर चला बुलडोजर

### मुठभेड़ के बाद मुख्य आरोपी गिरफ्तार, अब तक 13 की मौत



विशेष संवाददाता

कौशांबी। उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले के पिपरी थाना क्षेत्र में पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट के मुख्य आरोपी और फैक्टरी मालिक नौशाद को मंगलवार तड़के पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जिलाधिकारी अमित पाल ने बताया कि प्रशासन ने सोमवार रात फैक्टरी को ध्वस्त करने का ...शेष पृष्ठ 10 पर

### नौ पुलिसकर्मी सस्पेंड

लखनऊ। कौशांबी में घनी आबादी के बीच अवैध रूप से चल रही पटाखा फैक्ट्री में सोमवार को हुए भीषण विस्फोट में अब तक 13 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। लचर और लापरवाह व्यवस्था के कारण हुई इन मौतों में आठ बच्चे भी शामिल हैं। इसके अलावा चार पुरुष और एक महिला की जान गई। चार मृतक एक ही परिवार के हैं। दो परिवार के तीन-तीन सदस्यों की जान गई। तीन गंभीर घायलों को अस्पताल में वेंटीलेटर पर रखा गया है। इस मामले में लापरवाही करने वाले नौ पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। इसमें लापरवाही बरतने पर एक इंस्पेक्टर, छह दारोगा और ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता के साथ योग्यता सर्वोच्च प्राथमिकता : योगी

### 40 अधिकारियों का हुआ चयन, 21 विभिन्न आईआईटी से शिक्षित, 8 महिला अधिकारी भी शामिल

विशेष संवाददाता

लखनऊ उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में समूह ख के अधिकारियों की नियमित भर्ती पूरी होने के बाद नवचयनित 40 अधिकारियों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि लंबे अंतराल के बाद हुई इस भर्ती से बोर्ड की कार्यक्षमता मजबूत होगी और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य सरकारी सेवाओं में ऐसी चयन व्यवस्था को मजबूत करना है, जिसमें पारदर्शिता के साथ योग्यता को सर्वोच्च प्राथमिकता मिले। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में लागू की गई नई भर्ती प्रक्रिया इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की जिम्मेदारी सीधे प्रदेश के पर्यावरण और लोगों के स्वस्थ जीवन से जुड़ी है। ऐसे में नवचयनित अधिकारी अपनी तकनीकी दक्षता का इस्तेमाल पूरी जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और ईमानदारी के साथ करें। उन्होंने अधिकारियों को प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने और विभागीय कार्यप्रणाली के साथ मैदानी स्तर की चुनौतियों को समझने के निर्देश दिए। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में समूह ख के 26 सहायक पर्यावरण अभियंता और 14 सहायक वैज्ञानिक अधिकारी, कुल 40 अधिकारियों का चयन किया गया है। चयनित अधिकारियों में 21 विभिन्न आईआईटी से शिक्षित हैं, जबकि अन्य अधिकारियों ने देश और प्रदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों से शिक्षा प्राप्त की है। चयनित अधिकारियों में 8 महिलाएं भी शामिल हैं। इस भर्ती की खास बात यह रही कि मुख्यमंत्री के निर्देश और सिद्धांतों के अनुरूप चयन प्रक्रिया में बदलाव किया गया। पहले बोर्ड में समूह ख के अधिकारियों की भर्ती मुख्य रूप से केवल साक्षात्कार के आधार पर की जाती थी। पुरानी विनियमावली, 1995 ...शेष पृष्ठ 10 पर



### सेवा संकल्प अभियान से गांव-गांव पहुंचेगी विकास की कहानी

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन, जनसेवा और विकास यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने तथा नागरिकों को विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश में एक माह तक व्यापक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान 17 सितंबर से शुरू होकर 17 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान के दौरान सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, विकास और जनभागीदारी से जुड़े 13 प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### शीर्ष न्यायालय ने सीजेपी प्रदर्शनकारियों के खिलाफ रद्द कीं सभी प्राथमिकी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को उन सभी प्राथमिकियों को रद्द कर दिया, जो देश भर में 20 से 25 जुलाई के बीच कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों में शामिल छात्रों के खिलाफ दर्ज की गई थीं। इसके बाद कॉजपा ने राष्ट्रीय राजधानी में पांच सितंबर को होने वाले अपने प्रस्तावित मार्च को रद्द कर दिया। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र सरकार को यह भी निर्देश दिया कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) प्रश्नपत्र लीक के कारण अपनी जान गंवाने वाले छात्रों के परिवारों को तीन महीने के भीतर मुआवजा दिया जाए। प्रदर्शनकारियों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को बंद करते हुए पीठ ने कहा युवा प्रदर्शनकारियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए, हम पूरा न्याय करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हैं।

### अस्पताल में भर्ती हुए अन्ना हजारे

मुंबई। सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे की रक्त जांच रिपोर्ट में गुर्दे में संक्रमण के संकेत मिलने के बाद उन्हें मंगलवार को मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। हजारे के एक सहयोगी ने यह जानकारी दी। चिकित्सक डॉ. गौतम भंसाली ने बताया कि हजारे की हालत स्थिर है और वह ठीक हो रहे हैं। उन्होंने बताया वह अब बेहतर और स्थिर हैं। उनके सहयोगी दत्ता आवारी ने बताया कि 89 वर्षीय हजारे को सोमवार रात दक्षिण मुंबई स्थित बॉम्बे अस्पताल लाया गया। इससे पहले, उन्हें शुरुआती इलाज के लिए अहिल्यानगर जिले में उनके पैतृक गांव रालेगण सिद्धि के एक स्थानीय चिकित्सा केंद्र में भर्ती कराया गया था। अन्ना की रक्त जांच रिपोर्ट के अनुसार उन्हें गुर्दे में संक्रमण है।

# आतंकवाद मानवता के लिए गंभीर चुनौती : मोदी

### प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के वित्तपोषण, भर्ती और सुरक्षित पनाहगाह के खिलाफ ठोस कदम उठाने की वकालत की

एजेंसी

बिश्केक। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) से उन देशों का मुकाबला करने का आग्रह किया जो आतंकवाद का इस्तेमाल सरकार की नीति के तौर पर करते हैं। मोदी ने आतंकवाद के वित्त पोषण और आतंकियों की भर्ती के खिलाफ सामूहिक लड़ाई में दोहरे मापदंड को खारिज करने की भी अपील की। उनका इशारा सीधे तौर पर पाकिस्तान की ओर था। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और कई अन्य वैश्विक नेताओं की मौजूदगी में, मोदी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हम केवल कार्रवाई-प्रतिक्रिया वाले दृष्टिकोण तक सीमित नहीं रह सकते क्योंकि आतंकवादी गतिविधियां मानवता के लिए लगातार एक गंभीर चुनौती बनी हुई हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने एससीओ के भीतर निर्णायक कार्रवाई का आह्वान करते हुए आतंकवादी तंत्र, जिसमें वित्तपोषण नेटवर्क, भर्ती के तरीके और पनाहगाह शामिल हैं, को पूरी तरह से खत्म करने की वकालत की। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि जो देश आतंकवाद का इस्तेमाल नीतिगत हथियार के तौर पर करते हैं, उन्हें चेतावनी दी जानी चाहिए कि आतंकवाद कभी भी किसी के लिए रणनीतिक रूप से उपयोगी नहीं हो सकता। पश्चिम एशिया संकट पर चिंता जाहिर करते हुए मोदी ने कहा कि भारत ने निरंतर यह कहा है कि सभी तनावों और संघर्षों को युद्ध के मैदान में नहीं, बल्कि बातचीत और कूटनीति के जरिए सुलझाया जाना चाहिए।



प्रधानमंत्री ने चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के संदर्भ में कहा कि कनेक्टिविटी परियोजनाओं को सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए क्योंकि यह एससीओ चार्टर की मूल भावना है। भारत बीआरआई का विरोध करता रहा है क्योंकि इसका कुछ हिस्सा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से होकर गुजरता है। हालांकि, प्रधानमंत्री मोदी के भाषण का मुख्य विषय आतंकवाद से निपटने के लिए एससीओ से एकजुट होकर काम करने का उनका आह्वान था। उनकी बातों को मुख्य रूप से पाकिस्तान द्वारा अलग-अलग आतंकवादी समूहों को दिए जा रहे समर्थन के संदर्भ में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, आतंकवाद पूरी मानवता के लिए एक गंभीर चुनौती बना हुआ है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हम सिर्फ कार्वाई-प्रतिक्रिया वाले नजरिए तक सीमित नहीं रह सकते। मोदी ने कहा हमें आतंकवाद के वित्त पोषण, आतंकियों की भर्ती, कट्टरपंथ के प्रसार और आतंकियों के पनाहगाहों के पूरे तंत्र को खत्म करना होगा। हमें एक स्वर में बात करनी होगी और यह स्पष्ट करना होगा कि इस गंभीर मुद्दे पर दोहरे मापदंडों की कोई जगह नहीं हो सकती। प्रधानमंत्री ने कहा, हमें उन देशों को कड़ा संदेश देना चाहिए जो आतंकवाद का इस्तेमाल अपनी नीति के तौर पर करते हैं तथा आतंकवादियों को पनाह और समर्थन देते हैं। पश्चिम एशिया के हालात पर बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे पता चलता है कि किसी एक इलाके का टकराव सिर्फ उसी इलाके तक सीमित नहीं रहता, क्योंकि उसका असर पूरी दुनिया पर पड़ता है। उन्होंने कहा आज की आपस में जुड़ी हुई दुनिया में, सुरक्षा का दायरा और भी बढ़ गया है। पश्चिम एशिया के संकट ने यह दिखा दिया है कि किसी एक इलाके का टकराव सिर्फ उसी इलाके तक सीमित नहीं रहता। इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ता है जिससे ऊर्जा सुरक्षा, समुद्री व्यापार और आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होती हैं। ऐसी रुकावटों ...शेष पृष्ठ 10 पर


### यूपीपीईटी : अब सात सितंबर तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपी एसएसएससी) ने प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2026 (पीईटी-2026) के अभ्यर्थियों को बड़ी राहत दी है। आयोग ने पीईटी-2026 के लिए पंजीकरण, शुल्क जमा करने और ऑनलाइन आवेदन पत्र सबमिट करने की अंतिम तिथि 1 सितंबर से बढ़ाकर 7 सितंबर 2026 कर दी है। इस संबंध में आयोग की ओर से सूचना जारी कर दी गई है।

आयोग की ओर से जारी पत्र के अनुसार प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2026 (पीईटी-2026) का विज्ञापन 1 अगस्त 2026 को प्रकाशित किया गया था। इसके तहत ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 3 अगस्त 2026 से शुरू हुई थी। पहले पंजीकरण, शुल्क जमा करने और ऑनलाइन आवेदन पत्र सबमिट करने की अंतिम तिथि 1 सितंबर 2026 निर्धारित की गई थी। अब आयोग ने अभ्यर्थियों को अतिरिक्त अवसर देते हुए इस अंतिम तिथि को 7 सितंबर 2026 तक विस्तारित कर दिया है। नई व्यवस्था के अनुसार पीईटी-2026 में शामिल होने के इच्छुक ...शेष पृष्ठ 10 पर

## राम मंदिर ट्रस्ट की सीईओ सर्च कमेटी ने सौंपी रिपोर्ट

### चयन समिति ने तीन योग्य प्रत्याशियों का अंतिम पैनल न्यास को सौंपा



जिला संवाददाता

अयोध्या। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के चयन के लिए गठित सर्च कमेटी ने व्यापक मूल्यांकन प्रक्रिया के सफल समापन की घोषणा करते हुए कमेटी ने मंगलवार को राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास को अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंप दी है, जिसमें मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद के लिए तीन योग्य प्रत्याशियों का एक पैनल दिया गया है। सर्च कमेटी में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) प्रमोद कोहली, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) वी. के. चतुर्वेदी, चतुर्वेदी, पीवीएसएम, एवीएसएम, एसएम, वेटेरन, और परमाणु वैज्ञानिक डॉ. सुरेश ...शेष पृष्ठ 10 पर

## वाणिज्यिक सिलेंडर 9.50 रुपये महंगा

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में बढ़ोतरी के अनुरूप विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत में मंगलवार को 5.46 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई। वहीं, होटल तथा रेस्तरां जैसे प्रतिष्ठानों में इस्तेमाल होने वाले वाणिज्यिक एलपीजी के दाम में 19 किलोग्राम के सिलेंडर पर 9.50 रुपये की वृद्धि की गई।

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों के अनुसार, घरेलू विमानन कंपनियों के लिए विमान ईंधन यानी एटीएफ की कीमत 6.28 रुपये प्रति लीटर या 5.46 प्रतिशत बढ़ाकर 121.28 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। यह वृद्धि एक अगस्त को कीमतों में पांच रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी के बाद हुई है। लगातार दो बढ़ोतरी से विमानन कंपनियों पर वित्तीय बोझ बढ़ेगा। विमानन कंपनियों ...शेष पृष्ठ 10 पर

## धामी ने सैनिक स्मारक का किया लोकार्पण

### स्मारक केवल एक संरचना नहीं, बल्कि सैनिकों की वीरता व त्याग का प्रतीक : सीएम

प्रमुख संवाददाता

चम्पावत (उत्तराखंड)। भारत-नेपाल सीमा से लगे बनबसा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सैनिक स्मारक एवं झंडा पार्क का लोकार्पण करते हुए विशाल राष्ट्रध्वज फहराया। इस दौरान उन्होंने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमांत क्षेत्र में निर्मित यह स्मारक केवल एक संरचना नहीं, बल्कि देश के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले सैनिकों की वीरता और त्याग का स्थायी प्रतीक है। विशाल तिरंगा सीमांत क्षेत्र में राष्ट्रीय गौरव और एकता का संदेश भी देगा। उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद देश की सीमाओं पर जवान पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हैं। उनका बलिदान देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। स्मारक के माध्यम से आने वाली पीढ़ियां सैनिकों के साहस और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को करीब से समझ सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सीमावर्ती क्षेत्रों के प्रति सरकार की सोच में व्यापक बदलाव आया है। पहले जिन्हें देश के अंतिम छोर के ...शेष पृष्ठ 10 पर





**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 31.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 27.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- जेम पर यूपी का जलवा, तीन राष्ट्रीय पुरस्कार (पृष्ठ-02)
- कवच 4.0 परियोजना के लिए 170 करोड़ स्वीकृति (पृष्ठ-02)
- रुपया 28 पैसे की बढ़त के साथ 94.94 प्रति डॉलर (पृष्ठ-10)
- अनियमित बारिश से पेट्रोल-डीजल की बिक्री बढ़ी (पृष्ठ-10)
- बिजली की खपत 13 प्रतिशत बढ़कर 169 अरब यूनिट (पृष्ठ-10)


विशेष खबर — आईएमडी का पूवार्नुमान 10 जिलों में आकस्मिक बाढ़ की आशंका

# छह सितंबर तक भारी बारिश का अलर्ट, योगी सरकार ने कसी कमर

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पहले से जारी बाढ़ की स्थिति के बीच मौसम विभाग ने छह सितंबर तक प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश, आकस्मिक बाढ़, मेघगर्जन और वज्रपात का पूर्वानुमान जताया है। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमान को गंभीरता से लेते हुए योगी सरकार ने राहत एवं बचाव व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। राहत आयुक्त कार्यालय ने संभावित प्रभावित जिलों के प्रशासन को सतर्क रहने तथा जरूरतमंद लोगों तक तत्काल सहायता पहुंचाने के निर्देश जारी किए हैं।





सरकार ने स्पष्ट किया है कि लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिलों को मौसम की स्थिति पर लगातार नजर रखने, नदियों और नालों के जलस्तर की निगरानी करने तथा जलभराव वाले क्षेत्रों में आवश्यक इंतजाम पहले से सुनिश्चित करने को कहा गया है। प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी आकस्मिक स्थिति में राहत और बचाव कार्य तत्काल शुरू किया जा सके। आईएमडी के पूर्वानुमान के मुताबिक छह सितंबर तक प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में भारी से मूसलाधार बारिश हो सकती है। बारिश के साथ कई इलाकों में मेघगर्जन और वज्रपात की भी आशंका है। इसे देखते हुए राहत आयुक्त कार्यालय ने जिला प्रशासन को स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप आवश्यक सावधानी बरतने और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। भारी बारिश की आशंका वाले जिलों में बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, वाराणसी, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, संत रविदास नगर, कानपुर नगर, कानपुर देहात, रायबरेली, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, ...शेष पृष्ठ 10 पर

## हरियाणा : खड़े ट्रक से टकरायी गाड़ी यूपी के छह तीर्थयात्रियों की मौत

एजेंसी

फरीदाबाद। हरियाणा के पलवल में मंगलवार को कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे पर एक पिक-अप गाड़ी के सड़क पर खड़े हुए ट्रक से टकराने से छह तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरियाणा के पलवल में हुए सड़क हादसे में उत्तर प्रदेश के तीर्थयात्रियों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया।

**मुख्यमंत्री योगी ने जताया दुख**

योगी आदित्यनाथ ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा, हरियाणा के पलवल में सड़क दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने संबंधित अधिकारियों को हरियाणा सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर हादसे में जान गंवाने वाले उत्तर प्रदेश के नागरिकों के पार्थिव शरीर उनके गृह जनपद पहुंचाकर परिजनों को सौंपने तथा घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुख सहन करने की शक्ति तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी ...शेष पृष्ठ 10 पर

# जेम पर यूपी का जलवा, तीन राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) के जरिए पारदर्शी और समावेशी सरकारी खरीद को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश को तीन राष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस उपलब्धि पर अधिकारियों को बधाई देते हुए छोटे उद्यमों को सरकारी बाजार से जोड़ने के प्रयासों की सराहना की।

प्रदेश सरकार ने जेम के माध्यम से अब तक एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की सरकारी खरीद की है। इसमें 55,972 करोड़ रुपये से अधिक की खरीद एमएसई से हुई है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में जुलाई तक कुल 7,235 करोड़ रुपये की खरीद में एमएसई की हिस्सेदारी बढ़कर 59 प्रतिशत हो गई है। इसमें उत्तर प्रदेश के अपने एमएसई की हिस्सेदारी 86 प्रतिशत रही। नई दिल्ली के भारत मंडपम में जेम के 10वें स्थापना दिवस समारोह में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उत्तर प्रदेश को तीन पुरस्कारों से सम्मानित किया। इनमें जेम ओवरऑल एक्सीलेंस अवार्ड, हाईएस्ट जेम प्रोक्योरमेंट वैल्यू और बेस्ट आउटरीच बिल्डिंग अवार्ड शामिल हैं। पुरस्कार एमएसएमई के प्रमुख सचिव शशि भूषण लाल सुशील ने प्राप्त किए। प्रदेश में सरकारी खरीद में एमएसई की भागीदारी लगातार बढ़ी है। वर्ष 2023-24 में जेम पर कुल 20,248 करोड़ रुपये की खरीद में एमएसई की हिस्सेदारी 43 प्रतिशत थी। वर्ष 2024-25 में यह बढ़कर 53 प्रतिशत, 2025-26 में 55 प्रतिशत और वित्तीय वर्ष 2026-27 में जुलाई तक 59 प्रतिशत हो गई। इसी अवधि में एमएसई खरीद में उत्तर प्रदेश के अपने उद्यमों की हिस्सेदारी भी 76 प्रतिशत से बढ़कर 86 प्रतिशत हो गई। सरकार के मुताबिक, समावेशी सरकारी खरीद नीति का असर अब आंकड़ों में स्पष्ट दिखाई दे रहा है। जेम ने प्रदेश के छोटे उद्यमियों को देशभर के सरकारी खरीदारों तक पहुंच उपलब्ध कराई है। चालू वित्तीय वर्ष में जुलाई तक यूपी के एमएसई को जेम के माध्यम से 16,953 करोड़ रुपये का कारोबार मिला। इसमें महिला उद्यमियों को 2,202 करोड़, एससी/एसटी उद्यमियों को 255 करोड़ और स्टार्टअप्स को 2,360 करोड़ रुपये का कारोबार मिला। सरकार का कहना है कि जेम के माध्यम से स्थानीय उत्पादों और सेवाओं के लिए बाजार बढ़ रहा है। इससे छोटे उद्यमों के साथ महिला उद्यमियों, एससी/एसटी कारोबारियों और स्टार्टअप्स को नए अवसर मिलने के साथ रोजगार सृजन को भी बढ़ावा मिल रहा है।

- सरकारी खरीद में एमएसई की हिस्सेदारी 59% हुई

जेम के जरिए सरकारी परिसंपत्तियों को बेहतर मूल्य दिलाने का उदाहरण कानपुर में देखने को मिला। उद्योग निदेशालय ने जुलाई 2026 में 34 औद्योगिक प्लॉट एवं शेड की 99 वर्ष की लीज के लिए नीलामी की। इनका आरक्षित मूल्य 6.39 करोड़ रुपये था, जबकि प्रतिस्पर्धी बोली के बाद बिक्री मूल्य बढ़कर 32.54 करोड़ रुपये हो गया। इस तरह सरकार को आरक्षित मूल्य की तुलना में 26.15 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय हुई।

# मथुरा में जन्माष्टमी पर्व भक्ति के साथ होगा तकनीक का संगम

- जन्माष्टमी पर मथुरा में पहली बार होगा भव्य ड्रोन शो
- 4 सितंबर की रात तीन से चार किमी. तक दिखेगा अद्भुत नजारा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा में जन्माष्टमी पर्व को भव्य और दिव्य स्वरूप देने के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मथुरा इस बार जन्माष्टमी पर श्रद्धा, भक्ति के साथ आधुनिक तकनीक के अनूठे संगम की साक्षी बनेगी। इस अवसर पर जहां देश-प्रदेश से आने वाले श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव में शामिल होंगे, वहीं अनेक प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से भक्तिमय माहौल को और भव्य बनाएंगे। इसके साथ ही पहली बार 500 ड्रोन के जरिए आसमान में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म और उनकी विभिन्न लीलाओं को जीवंत किया जाएगा।

ब्रज तीर्थ विकास परिषद की सीईओ लक्ष्मी नागप्पन ने बताया कि इस बार ड्रोन शो मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा, जो चार सितंबर को रात करीब नौ बजे से शुरू होगा। यह शो लगभग एक घंटे तक चलेगा। इस दौरान 500 ड्रोन एक साथ आसमान में उड़ान भरेंगे और अलग-अलग आकृतियों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के जन्म तथा उनकी लीलाओं से जुड़े दृश्य प्रदर्शित करेंगे। ड्रोन शो की खास बात यह होगी कि आसमान में बनने वाली कृष्णलीला की आकृतियां जन्मभूमि के आसपास करीब तीन से चार किलोमीटर की दूरी तक दिखाई दे सकेंगी। इससे श्रीकृष्ण जन्मभूमि और उसके आसपास मौजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को एक साथ इस अनूठे आयोजन का साक्षी बनने का अवसर मिलेगा। इससे पहले 2 सितंबर से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे, जो 4 सितंबर तक चलेंगे। यह सभी कार्यक्रम डैम्पियर नगर स्थित पांचजन्य प्रेक्षागृह में होंगे। नागप्पन ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत 2 सितंबर को दोपहर तीन बजे उद्घाटन और दीप प्रज्वलन के साथ होगी। इसके बाद दोपहर 3:10 से 3:15 बजे तक श्याम जी शंख वादन करेंगे। शाम 4:15 बजे से भारत भूषण भजन, कीर्तन और लोकगायन की प्रस्तुति होगी।

शाम 6:15 से 7:40 बजे तक गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृंदावन की ओर से मुदरिया प्रेम एवं नंदोत्सव की झांकी गीत और नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत की जाएगी। इसके बाद शाम 7 से 9 बजे तक श्रुति अनंदिता वर्मा के निर्देशन में आरुष वर्मा, कमला बैरवा, निष्ठा शर्मा, रालीग खान और सम्राट कुमार कृष्णा कॉन्सर्ट-डिवोशनल म्यूजिकल प्रस्तुति देंगे। इस प्रस्तुति में भक्ति संगीत के साथ आधुनिक संगीत का भी समावेश होगा। तीन सितंबर को शाम 4 से 5 बजे तक देवेश शर्मा भजन गायन करेंगे। इसके बाद शाम 5 से 7 बजे तक कृष्णा सागर कलेक्टिव की भजन जेमिंग होगी।

शाम 6:15 से 7:40 बजे तक गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी की ओर से ह्यमुदरिया प्रेम एवं नंदोत्सव की झांकी गायन और नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत की जाएगी। शाम 7 से 9 बजे तक भी कई प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इनमें श्रुति अनंदिता वर्मा के निर्देशन में आरुष वर्मा, कमला बैरवा, निष्ठा शर्मा, रालीग खान और सम्राट कुमार कृष्णा की संगीत प्रस्तुति शामिल होगी। इसके साथ ही चार सितंबर को दोपहर तीन से पांच बजे तक मोहित शैवानी ह्यकृष्णानयन-कृष्णप्रिय वो जो कभी कहा नहीं गया की प्रस्तुति देंगे। चार सितंबर को शाम 5 से 7 बजे तक हार्टफुलनेस फाउंडेशन की प्रस्तुति होगी। इसमें सुनीति मिश्रा कृष्णः अनंत रंग, अनंत भाव प्रस्तुत करेंगी। इसके बाद अनिरबान भजन एवं बांसुरी वादन और मैत्रेयी राय भजन गायन करेंगी। शाम 7 से 9 बजे तक प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल की भजन संध्या आयोजित होगी। तीन दिवसीय आयोजन के दौरान शहर में पांच बड़े और 21 छोटे मंच भी बनाए जाएंगे। इन मंचों पर ब्रज के कलाकार अपनी लोककला और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। इससे स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा और बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को ब्रज की पारंपरिक संस्कृति से रूबरू होने का मौका मिलेगा। इसके अलावा पहली बार पांचजन्य प्रेक्षागृह परिसर में फूड स्टॉल भी लगाए जाएंगे। इससे श्रद्धालु सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेने के साथ विभिन्न खान-पान का भी लुत्फ उठा सकेंगे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम किए हैं। शहर में 129 स्थानों पर बैरियर लगाए जाएंगे और 24 पार्किंग स्थल बनाए जाएंगे, ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी न हो। सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए 16 वॉच टावर बनाए जाएंगे। पुलिसकर्मी इन टावरों से भीड़ की गतिविधियों पर नजर रखेंगे। इसके साथ ही ड्रोन कैमरों के जरिए भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों और प्रमुख मार्गों की निगरानी की जाएगी।

# तनुज पुनिया समेत कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

## सांसद समेत अन्य कांग्रेसियों को पुलिस ने हिरासत में लेकर भेजा इको गार्डेन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उप्र कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन एवं सांसद तनुज पुनिया के नेतृत्व में मंगलवार को जीपीओ पार्क स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन कर उत्तराखंड में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा मल्लिकार्जुन खड़गे की जनसभा के मंच के शुद्धिकरण करने के दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज किए गये एफआईआर को निरस्त किये जाने की मांग की गयी। इसके बाद पुलिस द्वारा बलपूर्वक तनुज पुनिया सहित सभी कांग्रेसियों को गिरफ्तार कर इको गार्डेन ले गयी जिन्हें देर शाम रिहा किया गया।

सांसद तनुज पुनिया के साथ उप्र कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के तमाम कांग्रेसजन प्रदर्शन में शामिल रहे। अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन तनुज पुनिया ने प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार की मानसिकता दलित विरोधी है। दिखावे के लिए वे बाबा साहब अम्बेडकर और दलित महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण तो करते हैं किन्तु इनके मन में दलितों के प्रति सिर्फ उपेक्षा भरी हुई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं एवं दलित वर्ग से आते हैं उनकी हल्द्वानी में जनसभा के बाद भाजपा के लोगों द्वारा मंच का शुद्धिकरण किया जाना पूरी तरह संविधान विरोधी कृत्य है। उत्तराखण्ड की भाजपा सरकार अविलम्ब इस कृत्य के दोषियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही करे एवं इस दलित विरोधी कृत्य के खिलाफ आवाज उठाने पर राहुल गांधी के विरूद्ध दर्ज किए गए फर्जी एफआईआर को तत्काल निरस्त करने की मांग की। प्रदर्शन एवं गिरफ्तार होने वालों में प्रमुख रूप से डा. शहजाद आलम, ममता चौधरी, मुकेश सिंह चौहान, सुशील कुमार बाल्मीकि, विषम सिंह, सिद्धिश्री, मुरली मनोहर, विनय गौतम, विनीत वर्मा, अमरनाथ पासवान, अखिलेश कनौजिया, अभय गौतम, अजय रावत सहित सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन शामिल रहे।

# कैप्टन दिनेश सिंह बने रालोद पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के संतकबीर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष

**लखनऊ।** रालोद के पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ में संगठन विस्तार को गति देते हुए कप्तानगंज, बस्ती निवासी कैप्टन दिनेश सिंह को संत कबीर दास नगर क्षेत्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष को मनोनयन पत्र रालोद के प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्यराज सिंह एवं प्रदेश कार्यालय प्रभारी तथा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल ब्रह्मपाल तोमर ने संयुक्त रूप से सौंपा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्यराज सिंह ने कहा कि कैप्टन दिनेश सिंह के अनुभव और संगठनात्मक क्षमता का पार्टी को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। प्रदेश कार्यालय प्रभारी एवं पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल ब्रह्मपाल तोमर ने कहा कि कैप्टन दिनेश सिंह को लगभग तीन दशकों का प्रशासनिक एवं सैन्य अनुभव प्राप्त है। उन्होंने अपने सैन्य सेवाकाल में अनेक महत्वपूर्ण सैन्य अभियानों में भाग लेकर कुशल नेतृत्व, अनुशासन और कार्यक्षमता का परिचय दिया है। उनके व्यापक अनुभव का लाभ संगठन को मिलेगा। कर्नल तोमर ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि कैप्टन दिनेश सिंह पूर्वांचल के पूर्व सैनिकों को रालोद से जोड़ने, संगठन को मजबूत करने तथा पार्टी की नीतियों एवं चौधरी चरण सिंह के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में प्रभावी भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर चंद्रबली यादव सदस्य संसदीय बोर्ड, वरिष्ठ नेता हवलदार सिंह यादव, शिक्षक नेता अभय सिंह यादव बस्ती, चौधरी मान सिंह, विकास सिंह भैंसा आदि मौजूद रहें।

# जनता की आवाज बुलंद करना सभी की साझा जिम्मेदारी

## लोकतंत्र की रक्षा के लिए सभी का एकजुट होने की जरूरत : अजय राय

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** विभिन्न क्षेत्रों एवं समुदायों से आये नागरिकों के साथ एक विशेष जनसंवाद लोक हुंकार जन संवाद, जन भागीदारी, जन परिवर्तन (जनता के साथ सीधे संवाद) का कार्यक्रम मंगलवार को गांधी भवन ऑडिटोरियम, कैसरबाग, लखनऊ में आयोजित किया गया, जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रभारी उप्र राजेन्द्र पाल गौतम, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, सांसद राकेश राठौर एवं विधायक वीरेन्द्र चौधरी सहित वरिष्ठ नेतागण भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजेन्द्र पाल गौतम ने कहा कि आज जन संवाद, जन भागीदारी और जन परिवर्तन के संकल्प के साथ जनता के अधिकारों, सामाजिक न्याय, समानता और संविधान की रक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक संवाद आप लोगों के बीच हुआ है। इसका समाज पर अच्छा प्रभाव जाएगा।

उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और उपस्थित सिविल सोसाइटी के साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोगों ने जनता की आवाज को मजबूत करने और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने की दिशा में मजबूत कदम उठाया है, इसके लिए हम सभी की साझा जिम्मेदारी है।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आज विभिन्न क्षेत्रों एवं समुदायों के प्रतिनिधि यहां पर एकत्र हुए हैं लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का संकल्प लेने के लिए आये हैं। बहुत ही सार्थक चर्चा हुई है। उन्होने कहा कि आज देश में संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सभी वर्गों और समुदायों के लोगों को एकजुट होने की जरूरत है। आज उप्र में हर तरफ भय का वातावरण पैदा किया गया है। उन्होंने कहा कि हम राहुल गांधी के सिपाही हैं जिनका कहना है कि देश में जहां कहीं भी पीड़ा दिखाई देगी वहां कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता और नेता पहुंचेंगे और पीड़ित की आवाज उठायेंगे।

सांसद राकेश राठौर ने कहा कि भाजपा देश में संविधान विरोधी कृत्य कर रही है, जिस प्रकार कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की हल्द्वानी में आयोजित कार्यक्रम के बाद मंच का शुद्धिकरण भाजपा के लोगों द्वारा किया गया उन लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने के बजाए हमारे नेता लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी गयी। यह भाजपा का दलित विरोधी कृत्य है जो डा. बाबा साहब द्वारा बनाये गये संविधान का अपमान कर रही है।

# गन्ने के खेत से विदेशी बाजार तक पहुंची एक्सपोर्ट चेन

- यूपी ने करीब 39.9 लाख डॉलर की अतिरिक्त वृद्धि दर्ज की
- कृषि से पैकेजिंग तक दिख रहा त्रिवर्षीय आबकारी निर्यात नीति का असर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में निर्यात की बढ़ती रफ्तार अब केवल विदेशी बाजारों तक पहुंचने वाली बोतलों और उत्पादों की कहानी नहीं रह गई है। इसकी शुरूआत गन्ने के खेत, शीरा और अनाज से होकर उद्योगों तक पहुंच रही है और वहां से पैकेजिंग, भंडारण व परिवहन के रास्ते विदेशी बाजार तक जा रही है।

योगी सरकार की त्रिवर्षीय आबकारी निर्यात नीति 2026-29 ने इस पूरी एक्सपोर्ट चेन को नई गति दी है। वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही (अप्रैल-जून 2026) में प्रदेश के आबकारी निर्यात में पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 45.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि इसी अवधि में राष्ट्रीय वृद्धि 18.3 प्रतिशत रही - इस तरह प्रदेश की वृद्धि राष्ट्रीय औसत की दोगुनी से भी अधिक रही। वहीं मात्रा की दृष्टि से प्रदेश का निर्यात 163 प्रतिशत बढ़ा। सबसे अहम उपलब्धि यह रही कि यूपी ने करीब 39.9 लाख डॉलर की अतिरिक्त वृद्धि दर्ज की।

निर्यात की इस बढ़ती श्रृंखला में कृषि उत्पादों की भूमिका भी अहम है। बस्ती से 25 हजार कुंतल शीरे का विदेश निर्यात किया गया, जिससे करीब पांच लाख अमेरिकी डॉलर की विदेशी मुद्रा प्राप्त हुई। शीरा भिन्न शुल्क वर्गीकरण में आता है, इसलिए यह अर्जन उपरोक्त आंकड़ों से अतिरिक्त है। यानी खेतों में तैयार होने वाले कृषि उत्पाद अब स्थानीय बाजार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि प्रसंस्करण के बाद सीधे वैश्विक बाजार का हिस्सा बन रहे हैं। निर्यात बढ़ने के साथ अप्रैल-जुलाई 2026 के मध्य यूपी की इकाइयों ने अन्य राज्यों को भी पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 1.64 करोड़ अधिक बोतलें भेजीं, जो करीब 45.7 प्रतिशत की वृद्धि है। निर्यात की बढ़ती संभावनाओं ने प्रदेश में नए निवेश के साथ पुरानी औद्योगिक क्षमता को भी सक्रिय किया है। उन्नाव में यूनाइटेड ब्रुअरीज और हरदोई में माउंट एवरेस्ट ब्रुअरीज नई इकाइयां स्थापित कर रही हैं।

फरुर्खाबाद में वुडपेकर ग्रीनएग्री न्यूट्रिएंट्स ने इकाई स्थापित की है। वहीं एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स ने मुरादाबाद की बंद पड़ी इकाई को दोबारा शुरू किया है। गोरखपुर की कियान डिस्टिलरी ने एथेनॉल उत्पादन के साथ पेय आसवनी और ब्रुअरी के लिए भी आवेदन किया है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, रैडिको खेतान भी अन्य राज्यों से अपने सीतापुर और रामपुर संयंत्रों में निर्यात उत्पादन स्थानांतरित कर रही है। अप्रैल-जून 2026 में देश से करीब 10.17 करोड़ अमेरिकी डॉलर का आबकारी निर्यात हुआ। इसमें उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी करीब 127.8 लाख डॉलर रही, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह आंकड़ा 87.9 लाख डॉलर था। यानी महज एक साल में प्रदेश ने करीब 39.9 लाख डॉलर की अतिरिक्त वृद्धि हासिल की।

# कवच 4.0 परियोजना के लिए 170 करोड़ की दी स्वीकृति

विशेष संवाददाता (vol)

- रेलवे ने मुरादाबाद डिवीजन के शेष 712 किलोमीटर पर कवच परियोजना के लिए दी सहमति



**लखनऊ।** भारतीय रेलवे ने उत्तरी रेलवे के मुरादाबाद डिवीजन के शेष 712 रूट किलोमीटर (आरके) खंडों पर कवच वर्जन 4.0 लागू करने की स्वीकृति दे दी है। इसकी कुल लागत 170 करोड़ रुपये है। स्वीकृत कार्य के अंतर्गत स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली (ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम) की तैनाती से डिवीजन के रेलवे सुरक्षा बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी। कवच 4.0 के कार्यान्वयन से चिन्हित खंडों में ट्रेन संचालन के लिए एक उन्नत सुरक्षा परत उपलब्ध होगी।

कवच स्वदेशी रूप से विकसित एक स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली है जिसे परिचालन सुरक्षा बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह खतरे के सिग्नल को पार करने (एसपीएडी) से रोकने में सहायता करता है, असुरक्षित स्थितियों से बचने के लिए आवश्यकता पड़ने पर स्वचालित रूप से ब्रेक लगाता है, गंभीर परिस्थितियों में ट्रेन की गति को नियंत्रित करता है और टक्करों के जोखिम को काफी हद तक कम करता है। यह पहल भारतीय रेलवे द्वारा अपने पूरे नेटवर्क में कवच कवरेज का विस्तार करने और रेलवे सिग्नलिंग तथा ट्रेन सुरक्षा प्रणालियों का आधुनिकीकरण करने के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है।

# हथकरघा उत्पादों की खरीद को बढ़ावा देगी सरकार

## बुनकरों को सरकारी खरीद के माध्यम से मिलेगा स्थायी बाजार और रोजगार




**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग को प्रोत्साहन देने तथा प्रदेश के बुनकरों को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए सरकारी संस्थानों में स्थानीय स्तर पर निर्मित हथकरघा उत्पादों की खरीद को बढ़ावा दे रही है। इसी क्रम में मंगलवार को विधान भवन स्थित कक्ष संख्या-80 में खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य सरकारी विभागों तथा शासकीय उपक्रमों में प्रयुक्त होने वाले बेडशीट एवं गॉज बैंडेज की खरीद और आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मंत्री राकेश सचान ने कहा कि प्रदेश के बुनकरों को सरकारी खरीद का बाजार उपलब्ध कराना योगी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। सरकारी संस्थानों में स्थानीय बुनकरों द्वारा निर्मित गुणवत्तापूर्ण वस्त्रों की खरीद बढ़ने से प्रदेश के लाखों बुनकर परिवारों को रोजगार और आर्थिक मजबूती मिलेगी तथा प्रदेश में उत्पादित वस्त्रों के लिए स्थायी बाजार भी विकसित होगा। उल्लेखनीय है कि 07 अगस्त 2026 को लोकभवन, लखनऊ में हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित राष्ट्रीय हथकरघा दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य विभाग सहित सरकारी विभागों एवं शासकीय उपक्रमों में प्रमुख रूप से प्रयुक्त होने वाले बेडशीट एवं गॉज बैंडेज की खरीद सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में बैठक के दौरान इसकी कार्ययोजना पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में लगभग 2,13,107 बुनकर कार्यरत हैं। बेडशीट तथा गॉज बैंडेज सहित विभिन्न वस्त्रों का उत्पादन प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में बुनकरों द्वारा किया जा रहा है। सरकारी खरीद में इन उत्पादों को प्राथमिकता मिलने से बुनकरों के उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराया जा सकेगा और परंपरागत बुनकरी व्यवसाय से नई पीढ़ी को जोड़ने में भी मदद मिलेगी। समीक्षा बैठक में प्रस्तावित व्यवस्था के तहत सरकारी अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में आवश्यकतानुसार बेडशीट, तकिया कवर तथा गॉज बैंडेज क्लॉथ की आपूर्ति उत्तर प्रदेश राज्य हथकरघा निगम लिमिटेड के माध्यम से सुनिश्चित किए जाने पर चर्चा हुई। इसके लिए प्रदेश के बुनकर सहकारी समितियों एवं बुनकरों से गुणवत्तापूर्ण उत्पादन कराया जाएगा।

# भाजपा की साजिशों से सावधान रहें : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि विधानसभा चुनाव 2027 में एकजुट होकर 2024 के लोकसभा चुनाव से अच्छा प्रदर्शन करना है। जनता ने सपा की सरकार लाने का मन बना लिया है। चुनाव में समाजवादी समर्थक एक भी वोट घटने न पाए। एक भी वोट छूटे न। भाजपा की साजिशों से सावधान रहें। इस बार धोखा नहीं होना चाहिए।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर मंगलवार को विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में आए नेताओं और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के कुशासन, अन्याय, अत्याचार, भ्रष्टाचार से जनता त्रस्त हो गयी है। जनता भाजपा को हटाना चाहती है। भाजपा सरकार में हर स्तर पर भेदभाव है। भाजपा के अन्यायी शासन के खिलाफ पीडीए एकजुट है। पीडीए की एकजुटता से भाजपा घबराई है। भाजपाई पीडीए के खिलाफ तरह-तरह की साजिश कर रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि सपा का पीडीए प्रोग्रेसिव और डेवलपमेंट का है। यहां प्रेम, दया, अपनापन है। सपा सबको साथ लेकर चलती है। सभी का सम्मान करती है।

सपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि बूथों को मजबूत करें। जनता को सपा की योजनाओं के बारे में बताएं। सबके प्रति प्रेम, दया अपनापन का व्यवहार करते हुए सबको जोड़ें। श्री यादव ने कहा कि भाजपा नफरत की राजनीति करती है। भाजपा लोकतंत्र के खिलाफ है। वह लोकतंत्र, संविधान, आरक्षण के लिए खतरा है। भाजपा शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान विरोधी है।

# सच्चाई को दबाने की कोशिश कर रही सरकार : सुनील सिंह

**लखनऊ।** लोकदल अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने देश की आर्थिक स्थिति और लगातार बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश में आज हर तरफ झूठे दावों और प्रचार की गूंज है, जबकि जमीन पर आम जनता महंगाई और आर्थिक परेशानियों से जूझ रही है। सुनील सिंह ने कहा कि जीडीपी के आंकड़ों से लेकर विकास के दावों तक, जनता के सामने ऐसी तस्वीर पेश की जा रही है जो जमीन की सच्चाई से कोसों दूर है। यदि अर्थव्यवस्था इतनी मजबूत है तो फिर आम आदमी की जेब खाली क्यों है और उसकी क्रय शक्ति लगातार कमजोर क्यों हो रही है? उन्होंने कहा कि जनता महंगाई से परेशान है। सीएनजी महंगी, दूध महंगा, एलपीजी महंगी और चीनी महंगी हो चुकी है। रोजमर्रा की जरूरतों का सामान लगातार महंगा हो रहा है, लेकिन मोदी देश में खुशियों की बधाई दे रहे हैं। सवाल यह है कि जब जनता की रसोई का बजट बिगड़ चुका है और परिवार अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं, तो ये खुशियां आखिर किसके लिए हैं? लोकदल अध्यक्ष ने कहा कि आपकी सरकार ने देश की खुशियां छीन ली हैं। बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की समस्याएं, छोटे कारोबारियों का संकट और आम आदमी की घटती क्रय शक्ति जैसे वास्तविक मुद्दों पर सरकार गंभीरता से काम करने के बजाय प्रचार और आत्मप्रशंसा में व्यस्त है।

# बीबीएयू में मनाया जा रहा राजभाषा हिंदी उत्सव

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में 1 - 30 सितंबर तक राजभाषा हिंदी उत्सव-2026 मनाया जा रहा है। हिंदी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित इस उत्सव के अंतर्गत हिंदी माह (हिंदी पखवाड़ा) का उद्घाटन, विभिन्न विभागों द्वारा हिंदी प्रतियोगिताओं, श्रुतिलेख (सु-लेख), टिप्पणी एवं प्रारूपण, हिंदी टंकण, राजभाषा सामान्य ज्ञान तथा स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही सप्त दिवसीय हिंदी कार्यशाला, पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं आनंद मठ पर एक दिवसीय कार्यक्रम, दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी तथा हिंदी पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह भी आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी सहभागिता करेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी उत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि अपनी भाषा, संस्कृति, ज्ञान-परंपरा और राष्ट्रीय अस्मिता के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः अभिव्यक्त करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि हिंदी भारत की विराट सांस्कृतिक चेतना की अभिव्यक्ति है, जिसने विविधताओं के बीच संवाद, समन्वय और सह-अस्तित्व की भावना को निरंतर सुदृढ़ किया है। उन्होंने कहा कि राजभाषा हिंदी का संवर्धन केवल हिंदी दिवस या हिंदी पखवाड़े तक सीमित नहीं होना चाहिए।

# खेल कोटे में 109 सीटों पर 7 तक प्रवेश का मौका

**लखनऊ।** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2026-27 के तहत खेल कोटे की खाली सीटों पर प्रवेश का मौका दिया गया है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को निर्धारित मानकों के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवश्यक प्रमाणपत्रों और दस्तावेजों के साथ सात सितंबर तक कमरा नंबर 207 (ए) में आवेदन जमा कर सकते हैं। प्रवेश निदेशक प्रो. अनामिका चौधरी ने बताया कि आवेदन और खेल प्रमाणपत्रों की जांच के बाद निर्धारित सीटों के सापेक्ष प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी। खेल कोटे में कुल 109 सीटें खाली हैं। इनमें बीटेक में 24, बीए 2025 एनईपी में 20, बीबीए में तीन, बीकॉम में छह, बीसीएसआईटी में तीन, बीएससी में नौ, बीवीए में दो और सीसीआईसीवीएम में एक सीट है। एमटेक (एआईडीएस) और एमटेक (एआईएमएल) में एक-एक सीट है। इसके अलावा एमए अर्थशास्त्र, शिक्षा, हिंदी, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अंग्रेजी और इतिहास में दो-दो, एमबीए में छह, एमसीए, एमकॉम, एमएससी आईटी, रसायन, माइक्रोबायोलॉजी, भौतिकी और सांख्यिकी में दो-दो सीटें हैं। एमवीए एप्लाइड आर्ट्स, एमवीए पेंटिंग में एक-एक और पीडीसीडी में तीन सीटें हैं।

# प्रदेश की 82 लाख महिला किसान बनीं परिवर्तन की अग्रदूत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के गांवों में स्वयं सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था और महिला आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार बनकर उभर रहे हैं। योगी सरकार के ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत प्रदेश में 10.58 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों से करीब सवा करोड़ ग्रामीण परिवार जुड़े हैं। इन समूहों के माध्यम से महिलाओं को रोजगार, उद्यम और स्थायी आजीविका के अवसर मिल रहे हैं।

महिला समूहों से जुड़ी 82 लाख से अधिक महिला किसान भी ग्रामीण बदलाव की अग्रदूत बनी हैं। खाद्य प्रसंस्करण, सिलाई-कढ़ाई, डेयरी, हस्तशिल्प और स्वच्छता उत्पादों सहित विभिन्न क्षेत्रों में महिलाएं छोटे उद्यम संचालित कर रही हैं। प्रशिक्षण, ऋण और बाजार से जुड़ाव ने उनकी आय बढ़ाने के साथ आत्मविश्वास भी मजबूत किया है। मिशन निदेशक अरुण कुमार के मुताबिक, महिलाओं को बचत और ऋण की पारंपरिक व्यवस्था से आगे बढ़ाकर उद्यमिता से जोड़ना मिशन की बड़ी उपलब्धि है। स्वयं सहायता समूहों के जरिए ग्रामीण महिलाओं को बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं तक पहुंच मिली है, जिससे छोटी पूंजी से कारोबार शुरू करने के अवसर बढ़े हैं। कृषि क्षेत्र में भी महिला समूहों की भागीदारी बढ़ी है। 82 लाख महिला किसानों का जुड़ाव ग्रामीण परिवारों की आय के स्त्रोतों में विविधता ला रहा है।

समूहों के माध्यम से महिलाएं एक-दूसरे के अनुभव साझा कर आगे बढ़ रही हैं और सफल महिलाएं दूसरी महिलाओं को भी उद्यमिता के लिए प्रेरित कर रही हैं। सरकार का फोकस अब स्वयं सहायता समूहों को केवल वित्तीय सहायता तक सीमित रखने के बजाय उद्यम, रोजगार और बाजार से जोड़कर स्थायी आय के स्त्रोत विकसित करने पर है।

# बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, कई इलाकों में दो फीट तक जलभराव

## घरों और दुकानों में भरा पानी, रातभर बाल्टियों से पानी बाहर निकालते रहे लोग, लाखों का सामान हुआ खराब

**लखनऊ।** राजधानी में मंगलवार को करीब तीन घंटे तक गरज-चमक के साथ हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। दोपहर करीब दो बजे अचानक काले बादल छा गए और कुछ देर बाद तेज बारिश शुरू हो गई। दिन में ही अंधेरा छाने के कारण वाहन चालकों को हेडलाइट और डिपर जलाकर सफर करना पड़ा। शाम करीब 5:30 बजे तक हुई बारिश से शहर के कई इलाकों में करीब दो फीट तक जलभराव हो गया। गोमतीनगर, इंदिरानगर और सीतापुर रोड के कई हिस्सों में पानी घरों के बेडरूम और किचन तक पहुंच गया। गाजीपुर थाने में भी जलभराव की स्थिति बन गई। सीतापुर रोड योजना के सब्जी मंडी क्षेत्र की गलियां पानी से लबालब हो गईं। बारिश के कारण शहीद पथ, कमता तिराहा, पॉलीटेक्निक और बुद्धेश्वर चौराहा समेत कई प्रमुख मार्गों पर भीषण जाम लग गया। हजरतगंज, अशोक मार्ग, सिकंदरबाग, विधानभवन मार्ग, कैसरबाग, चारबाग और नाका हिंडोला में भी यातायात की रफ्तार थमी रही। गोमतीनगर के विभूतिखंड और लोहिया पथ पर भी वाहनों की लंबी कतारें लगीं।



### चिनहट में आठ फीट सड़क धंसी

चिनहट के रोलेक्स अपार्टमेंट के सामने सीवर मैनहोल के पास करीब आठ फीट सड़क धंसने से खतरा बढ़ गया। वहीं अशरफ विहार कॉलोनी में करीब तीन घंटे तक बिजली गुल रही। आईटी चौराहे पर पेड़ गिरने से भी यातायात प्रभावित हुआ। शाम 5:30 बजे तक जिले में औसतन 36.64 मिमी बारिश दर्ज की गई। चिनहट में सबसे ज्यादा 59 मिमी, अंबेडकर पार्क में 54 मिमी, राजभवन में 45.5 मिमी, बीकेटी में 36.5 मिमी, जनेश्वर मिश्र पार्क में 26.5 मिमी, काकोरी में 26 मिमी और अमौसी में 9 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई। आंकड़ों के अनुसार एक सितंबर तक लखनऊ में सामान्य बारिश 523.9 मिमी है, जबकि अब तक 525.5 मिमी बारिश हो चुकी है। यानी सामान्य से 1.6 मिमी अधिक बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने 5 सितंबर तक बारिश का अलर्ट जारी किया है।

### भूतनाथ बाजार की दुकानों में घुसा पानी

बारिश ने कई इलाकों में जलनिकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। इंदिरानगर का भूतनाथ बाजार पूरी तरह टापू में तब्दील हो गया। बाजार में घुटनों तक पानी भर जाने से कई दुकानों में पानी घुस गया, जिससे व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। इलाके का शायद ही कोई सेक्टर ऐसा रहा, जहां जलभराव की समस्या नहीं दिखी। बारिश के बाद भूतनाथ बाजार की सड़कों पर घंटों पानी जमा रहा। दुकानदार पानी के बीच खड़े होकर अपने सामान को बचाने में जुटे रहे। कई दुकानों में पानी घुसने से सामान भीग गया। व्यापारियों का कहना है कि अचानक बढ़े जलभराव ने कारोबार पूरी तरह प्रभावित कर दिया और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। इंदिरानगर के साथ गोमतीनगर में भी बारिश के बाद हालात खराब रहे। ताज होटल के पास स्थित अंडरपास से लेकर मरीन ड्राइव तक सड़कें पानी में डूबी रहीं। वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई और लोगों को पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ा। नगर निगम की ओर से ताज होटल अंडरपास के पास जलनिकासी के लिए बड़े क्षमता वाले पंप लगाए जाने का दावा किया गया था। इसके बावजूद तेज बारिश के बाद यहां कई घंटे तक पानी जमा रहा। इससे नगर निगम की जलनिकासी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए।







### कई इलाकों में देर शाम तक जलभराव

इंदिरानगर और गोमतीनगर के अलावा इस्माइलगंज, पटेल नगर, अलीगंज, महानगर, फैजुल्लागंज, विजयखंड, विराजखंड, विकल्पखंड और विभूतिखंड समेत कई इलाकों में देर शाम तक पानी भरा रहा। जलभराव के कारण कई जगह लोगों को घरों से निकलने में परेशानी हुई। बाजारों में दुकानदार अपने सामान को पानी से बचाने की कोशिश करते नजर आए। कई स्थानों पर सड़क और नालियों का पानी दुकानों तक पहुंच गया। इससे व्यापारियों को कारोबार बंद रखना पड़ा और लाखों रुपये के सामान के खराब होने की आशंका जताई जा रही है। लगातार बारिश के बीच राजधानी के कई इलाकों में जलभराव ने नगर निगम की तैयारियों और जलनिकासी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल बारिश के दौरान यही स्थिति सामने आती है, लेकिन स्थायी समाधान अब तक नहीं हो सका है।

# फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 10 सितंबर तक बढ़ी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के किसानों के हित में राज्य सरकार के अनुरोध पर केंद्र सरकार ने खरीफ 2026 मौसम के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं चयनित जनपदों में संचालित पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के तहत ऋणी कृषकों के फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 अगस्त से बढ़ाकर 10 सितंबर 2026 कर दी है।

प्रदेश के प्रदेश सरकार द्वारा किए गए अनुरोध को स्वीकार करते हुए भारत सरकार ने प्रदेश के सभी जनपदों के ऋणी कृषकों को राहत दी है। कृषि मंत्री ने प्रदेश के सभी पात्र किसानों से आह्वान किया है कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपनी खेती को प्राकृतिक आपदाओं एवं प्रतिकूल मौसमीय जोखिमों से सुरक्षित रखें। प्रदेश के सभी जनपदों में प्राकृतिक आपदा एवं प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों के कारण फसल नुकसान से किसानों की आय को स्थिरता प्रदान करने के उद्देश्य से यह योजनाएं संचालित की जा रही हैं। शासन द्वारा वर्ष 2026-27 में भी इन योजनाओं को पूर्ववत लागू किया गया है। तिथि विस्तार की सूचना प्रदेश के सभी बैंकों और संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर दी गई है, जिससे अधिक से अधिक पात्र ऋणी कृषकों को आच्छादित कर उन्हें आर्थिक सुरक्षा उपलब्ध कराई जा सके।

प्रदेश में फसल बीमा योजना के जरिए किसानों को व्यापक आर्थिक संबल मिल रहा है। वर्ष 2017-18 से 2025-26 तक प्रदेश के 69.22 लाख लाभार्थी किसानों को कुल 6,119.93 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति दी जा चुकी है। खरीफ 2025 में 20.63 लाख बीमित कृषकों में से 7.27 लाख किसानों को 808.56 करोड़ रुपये तथा रबी 2025-26 में 1.67 लाख किसानों को 134.60 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया है। इस संबंध में सभी पात्र ऋणी किसानों से बिना विलंब अपनी बैंक शाखा से संपर्क कर 10 सितंबर तक बीमा कराने की अपील की गई है।

# कानपुर को डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की तैयारी

विशेष संवाददाता (vol)

- ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन और यूपी सरकार की साझा पहल, शहर के उद्योग जगत को मिलेगी नयी रफ्तार
- 'स्ट्रेटेजिक उत्तर प्रदेश: कानपुर रीजनल डिफेंस वर्कशॉप' का आयोजन आज
- डिफेंस कॉरिडोर में निवेश बढ़ाने और स्थानीय उद्योगों को रक्षा निर्माण से जोड़ने पर रहेगा विशेष जोर

**कानपुर।** कानपुर शहर के औद्योगिक इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। 'उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर' के अंतर्गत शहर को रक्षा निर्माण के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के उद्देश्य से 2 सितंबर को क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

'स्ट्रेटेजिक उत्तर प्रदेशः कानपुर रीजनल डिफेंस वर्कशॉप' का आयोजन एटरनिटी होटल में होगा। ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ) तथा उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कानपुर के स्थानीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को राष्ट्रीय रक्षा आपूर्ति श्रृंखला से जोड़ना तथा क्षेत्र में बड़े निवेश को बढ़ाना है।

सुबह 8:30 बजे पंजीयन के साथ शुरू होने वाले इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में ओआरएफ के उपाध्यक्ष प्रो. हर्ष वी पंत, कानपुर नगर के जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह एवं कानपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद रमेश अवस्थी अपने विचार रखेंगे तथा अतिथियों का अभिनंदन करेंगे।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में 'यूपी डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत कानपुर का औद्योगिक इकोसिस्टम' विषय पर विचार-विमर्श होगा। इस सत्र का संचालन ओआरएफ के डॉ. विवेक मिश्रा करेंगे। इसमें जिला उद्योग केंद्र के उपायुक्त अंजनीश प्रताप सिंह सहित रक्षा एवं तकनीक जगत की कई प्रमुख हस्तियां शामिल होंगी। इनमें डीएमएसआरडीई के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आशीष दुबे, डेटम एडवांस्ड कंपोजिट्स के उप प्रबंध निदेशक तनय तिवारी, एयरोस्पेस एवं एविएशन सेक्टर स्किल काउंसिल के सीईओ संघरक्षका वीपी, गोविंद नारायण एंड ब्रदर्स के सीईओ देवांश गर्ग और यूएसआईबीसी के निदेशक उदय अरुण प्रमुख हैं।

सुबह 11:30 बजे आयोजित द्वितीय सत्र का विषय 'रक्षा निर्माण को मजबूत करने के लिए नीतिगत एवं संस्थागत सुधार' रहेगा।

डॉ. समीर पाटिल के संचालन में होने वाले इस सत्र में टीकेएमएस इंडिया के उपाध्यक्ष कमोडोर अनिल जय सिंह, रक्षा मंत्रालय के पूर्व वित्तीय सलाहकार अमित कौशिश, डेल्टा कॉम्बैट सिस्टम्स लि. के चेयरमैन संतोष कुमार, ईवाई के मैनेजर बलप्रीत सिंह और कानेर्गी इंडिया के फेलो दिनकर पेरी चर्चा करेंगे। दोपहर 1:00 बजे डॉ. अतुल कुमार एवं कुमकुम मोहता कार्यशाला के प्रमुख निष्कर्षों का सार प्रस्तुत करेंगे। सभी विशेषज्ञ एमकेयू लिमिटेड के औद्योगिक परिसर का दौरा करेंगे।

## नन्हीं प्रतिभाओं ने दिया सुरक्षा, नागरिक कर्तव्य और नवाचार का संदेश



**लखनऊ।** सेंट जोसेफ कॉलेज, सीतापुर रोड शाखा में प्री-प्राइमरी एवं प्राइमरी विंग (प्लेवे से क्लास सेकेंड) के विद्यार्थियों के लिए एक जीवंत एवं मनमोहक कक्षा प्रस्तुति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हे विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, आत्मविश्वास, प्रतिभा एवं शानदार प्रस्तुति कौशल से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल और संयुक्त निदेशक सृजन अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलन एवं स्वागत उद्बोधन के साथ हुआ। नन्हे कलाकारों ने सिविक सेंस, इनोवेशन टुडे, एंपावरमेंट टुमारो, रिड्यूस रिसाइकल एंड रिसूज, मैंगो फिएस्टा, भारत भाग्य विधाता जैसे विविध एवं प्रेरणादायी विषयों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

## आरना ओम सिंह ने एक गोल्ड मेडल और एक ब्रांज मेडल पर जमाया कब्जा



**लखनऊ।** सीएमएस के गोमती नगर प्रथम कैम्पस की प्रतिभाशाली छात्राओं आरना ओम सिंह एवं इरा वर्मा ने भोपाल, मध्य प्रदेश में आयोजित नेशनल योगा चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल समेत 3 मेडल अर्जित कर लखनऊ का नाम रोशन किया है। चैम्पियनशिप का आयोजित काउंसिल फॉर द इण्डियन स्कूल सार्टिफिकेट एक्जामिनेशन (सीआईएससीई) के तत्वावधान में किया गया। स्कूल संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी ने इन प्रतिभाशाली छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या व शिक्षकों का आभार व्यक्त किया है। यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है।

# चाय पर चर्चा में जनसमस्याओं पर मंथन 98 आवेदनों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

- मातृशक्ति, युवा और जरूरतमंदों को आत्मनिर्भर बनाना जनसेवा की प्राथमिकता

**लखनऊ।** सरोजनीनगर दक्षिण द्वितीय मंडल में आयोजित ह्यचाय पर चर्चाह्न कार्यक्रम में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने 21 सेक्टर संयोजकों और बूथ अध्यक्षों के साथ क्षेत्र की जनसमस्याओं एवं विकास कार्यों पर चर्चा की। इस दौरान सड़क-नाली, सीवर, जलभराव, बिजली, स्ट्रीट लाइट, पेयजल, पेंशन, आवास, रोजगार, शिक्षा और आर्थिक सहायता से जुड़े 98 आवेदन प्राप्त हुए। विधायक ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

डॉ. सिंह ने बताया कि मातृशक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरू किए गए तारा शक्ति केंद्रों की संख्या अब 170 से अधिक हो चुकी है। इन केंद्रों के माध्यम से 2,000 से अधिक सिलाई मशीनें वितरित की गई हैं। महिलाओं ने एक लाख से अधिक भाजपा झंडे, 50 हजार से अधिक स्कूल बैग और एक लाख से अधिक राष्ट्रीय ध्वज तैयार किए हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में 2,000 से अधिक मेधावी बच्चों को लैपटॉप और साइकिल देकर सम्मानित किया गया है। 70 से अधिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास और डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की गई हैं, जिनसे करीब 32 हजार बच्चों को लाभ मिल रहा है। वहीं 150 से अधिक पार्कों में ओपन जिम और सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग में 10 हजार से अधिक बच्चों की भागीदारी का दावा किया गया। डॉ. सिंह के अनुसार, क्षेत्र में 300 से अधिक मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया गया है। तारा शक्ति निःशुल्क रसोई से प्रतिदिन करीब चार हजार लोगों को भोजन दिया जा रहा है। वहीं उपचार सहायता के तहत 1,700 से अधिक जरूरतमंदों को करीब 27 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि चाय पर चर्चा जनता की समस्याओं को समझने और उनके समाधान की दिशा में प्रभावी कदम उठाने का माध्यम है।

## रेरा में डिजिटल होंगे आर्किटेक्ट, इंजीनियर और सीए के त्रैमासिक प्रमाणपत्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (यूपी रेरा) ने रियल एस्टेट परियोजनाओं की प्रगति को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने के लिए नई डिजिटल व्यवस्था शुरू की है। अब 30 सितंबर 2026 को समाप्त होने वाली तिमाही से प्रमोटरों को त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट के साथ आर्किटेक्ट, इंजीनियर और चार्टर्ड अकाउंटेंट के प्रमाणपत्र डिजिटल रूप में जमा करना अनिवार्य होगा। यूपी रेरा के वर्तमान वेब पोर्टल पर इसके लिए सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। संबंधित पेशेवर अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से प्रमाणपत्र अपलोड करेंगे। इनके जमा होने के बाद ही प्रमोटर परियोजना की त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट अपलोड कर सकेंगे। वर्तमान व्यवस्था में प्रमोटर परियोजना के भौतिक और वित्तीय लक्ष्यों के आधार पर हर तिमाही प्रगति दर्ज करते हैं और प्रमाणपत्रों की स्कैन कॉपी, फोटो एवं वीडियो अपलोड करते हैं। वहीं प्रस्तावित यूपी रेरा 2.0 पोर्टल में आर्किटेक्ट, इंजीनियर और सीए सीधे डिजिटल प्रमाणपत्र जमा करेंगे। प्रमाणित आंकड़ों के आधार पर परियोजना की प्रगति तैयार होगी और प्रमोटर को अलग से वही जानकारी दर्ज करने की जरूरत नहीं होगी।

# अलीगंज में विरोध के बीच सील हुईं 07 अवैध व्यावसायिक इमारतें

विशेष संवाददाता (vol)

- गोमती नगर विस्तार में भी बड़ी कार्रवाई, मानकों के विपरीत बन रहे 12 भवन सील



**लखनऊ।** अलीगंज में आवासीय भू-उपयोग में बनी अवैध व्यावसायिक इमारतों के खिलाफ एलडीए ने मंगलवार को अभियान चलाया। इस दौरान भवन मालिकों व व्यापारियों के विरोध के बीच 07 अवैध कॉम्पलेक्स सील किये गये। उधर, गोमती नगर विस्तार में प्रवर्तन टीम ने मानकों के विपरीत बन रहे 12 अवैध भवन सील किये।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार की सख्ती के बाद प्रवर्तन टीम ने मंगलवार को अलीगंज व गोमती नगर विस्तार में अभियान चलाया। प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि अलीगंज की चन्द्रलोक कालोनी के सेक्टर-ई, सेक्टर-सी, सेक्टर-बी, सेक्टर-सी में कार्रवाई की गयी। जिसमें निरूपमा मिश्रा, वासुदेव वर्मा, विवेक मल्होत्रा, दीप्ति सिंह, हनी सिंह एवं ईश्वर सिंह, प्रकाश अग्रवाल, निशांत सिंह व अन्य की ओर से आवासीय भू-उपयोग में अवैध रूप से निर्मित की गयी 07 व्यावसायिक बिल्डिंगों को सील किया गया।

जोनल अधिकारी ने बताया कि सील किये गये भवनों में शोरूम, रेस्त्रां, निजी बैंक, हॉस्पिटल, डायग्नोस्टिक सेंटर आदि व्यावसायिक गतिविधियां संचालित थीं। अभियान के दौरान भवन मालिकों व व्यापारियों ने विरोध करते हुए कार्रवाई रोकने का प्रयास किया। इसके बावजूद प्रवर्तन टीम द्वारा स्थल पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करायी गयी। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-7 में एम्मार ग्रुप हाउसिंग के पास अवैध रूप से किये जा रहे निर्माण कार्यों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान डॉ संजय हिंद, अमित, महेन्द्र पाण्डेय, उदय प्रताप सिंह, डॉ सीमा सिंह, धर्मराज यादव, गुलरेज अहमद, सुनील तिवारी, राहुल सिंह, उमाशंकर, राजेन्द्र सिंह, सीके पाल व अन्य की ओर से निर्मित किये जा रहे 12 अवैध भवन सील किये गये।

## यूपी में टर्म प्लान कारोबार 72.6% बढ़ा 31 लाख लोग बीमित



**लखनऊ।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में उत्तर प्रदेश में टर्म प्लान व्यवसाय में 72.6 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की है। कंपनी के अनुसार 31 मार्च 2026 तक राज्य में 31,18,423 लोगों को बीमा कवर मिला था। कंपनी का उत्तर प्रदेश में एयूएम 20,178 करोड़ रुपये और सम एश्योर्ड 1,95,789 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने बताया कि राज्य में उसके 37 शाखाओं के अलावा 6,278 भागीदार शाखाएं, 6,567 निर्दिष्ट व्यक्ति और 28,521 एडवाइजर का नेटवर्क है। पिछले सात वर्षों में उत्तर प्रदेश के ग्राहकों को 6,648 करोड़ रुपये के विभिन्न लाभ दिए गए, जबकि मृत्यु दावों के निपटान में 2,544 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। मुख्य वितरण अधिकारी अमीश बैंकर ने कहा कि उत्तर प्रदेश कंपनी के लिए महत्वपूर्ण बाजार है। ग्राहकों को बेहतर अनुभव देने के लिए कंपनी एआई, मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स और डिजिटल तकनीक का इस्तेमाल कर रही है। वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में 99.3 प्रतिशत दावा निपटान अनुपात दर्ज किया गया।

# सोलर में मध्यांचल निगम बना उपभोक्ताओं की नंबर वन पसंद, पूर्वांचल को पछाड़ा

समरेश पति त्रिपाठी

- 931 मेगावाट रूफटॉप सोलर क्षमता के साथ प्रदेश के चारों डिस्कॉम में सबसे आगे

**लखनऊ।** बिजली के बढ़ते खर्च से राहत पाने और अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए उपभोक्ताओं का रुझान सोलर रूफटॉप की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (एमवीवीएनएल) इस मामले में प्रदेश के अन्य वितरण निगमों से आगे निकल गया है। जुलाई 2026 तक मध्यांचल क्षेत्र के जिलों में करीब 931 मेगावाट क्षमता के रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाए जा चुके हैं। यह चारों प्रमुख बिजली वितरण निगमों में सबसे अधिक क्षमता है। आंकड़ों के मुताबिक मध्यांचल निगम के बाद पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम क्षेत्र में करीब 502 मेगावाट, दक्षिणांचल में 340 मेगावाट और पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम क्षेत्र में करीब 311 मेगावाट क्षमता के रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित किए गए हैं। इस तरह मध्यांचल क्षेत्र अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी पूर्वांचल से करीब 429 मेगावाट आगे है।

राजधानी लखनऊ समेत मध्यांचल के जिलों में सोलर को लेकर लोगों की दिलचस्पी लगातार बढ़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार बाराबंकी में 43 मेगावाट, रायबरेली में 57 मेगावाट, सीतापुर में 39 मेगावाट, उन्नाव में 38 मेगावाट और हरदोई में करीब 22 मेगावाट क्षमता के रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाए जा चुके हैं।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के अंतर्गत लखनऊ सहित 19 जिले आते हैं। निगम की वेबसाइट पर रूफटॉप सोलर के लिए अधिकृत विक्रेताओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना और सब्सिडी का लाभ मिलने से घरेलू उपभोक्ताओं के लिए सोलर लगाना पहले की तुलना में अधिक आकर्षक हुआ है। एमवीवीएनएल के सोशल मीडिया प्रचार में दो किलोवाट सिस्टम पर 45 हजार रुपये और तीन किलोवाट पर 90 हजार रुपये तक की सब्सिडी का उल्लेख किया गया है।

### चारों डिस्कॉम में सोलर क्षमता

मध्यांचल–931 मेगावाट
पूर्वांचल–502 मेगावाट
दक्षिणांचल–340 मेगावाट
पश्चिमांचल–311 मेगावाट

आंकड़े बताते हैं कि सौर ऊर्जा के क्षेत्र में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम तेजी से प्रदेश का अग्रणी डिस्कॉम बन रहा है। उपभोक्ताओं की बढ़ती भागीदारी से आने वाले समय में रूफटॉप सोलर क्षमता में और इजाफा होने की उम्मीद है।

# सफाई व्यवस्था पर भाजपा पार्षदों का हंगामा

विशेष संवाददाता (vol)

- एलएसए कंपनी पर लगाए लापरवाही के आरोप

**लखनऊ।** राजधानी की सफाई व्यवस्था को लेकर मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय में भाजपा पार्षदों का आक्रोश सामने आया। महानगर वार्ड के पार्षद हरिश्चंद्र लोधी और गोमती नगर वार्ड के पार्षद कौशल पांडे समेत अन्य पार्षद नगर आयुक्त कार्यालय पहुंचे और सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई। पार्षदों ने सफाई का जिम्मा संभाल रही एलएसए कंपनी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

पार्षदों का आरोप है कि कंपनी की लापरवाही के कारण कई वार्डों में सफाई व्यवस्था बदहाल हो गई है। घरों और बाजारों से नियमित कूड़ा उठान नहीं हो रहा है, जबकि पड़ाव स्थलों पर भी समय से सफाई नहीं कराई जा रही। इसके चलते कई इलाकों में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं और स्थानीय लोगों को दुर्गंध व गंदगी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

भाजपा पार्षद हरिश्चंद्र लोधी, कौशल पांडे, मुसब्बिर अली मंशू और प्रियंका बाजपेई मंगलवार सुबह नगर निगम मुख्यालय पहुंचे थे।

पार्षदों के मुताबिक वे नगर आयुक्त गौरव कुमार से मिलकर सफाई व्यवस्था की शिकायत दर्ज कराना चाहते थे, लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी। इसके बाद पार्षद भाजपा नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी से मिलने पहुंचे। उन्होंने नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की स्थिति और एलएसए कंपनी से जुड़ी शिकायतों को उनके सामने रखा। नगर अध्यक्ष ने पार्षद दल के उपनेता मुन्ना मिश्रा से बातचीत कर जल्द बैठक बुलाने और समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया।

पार्षदों ने चेतावनी दी कि यदि सफाई व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं हुआ और कंपनी की कार्यप्रणाली पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो वे दोबारा नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर धरना-प्रदर्शन करेंगे। पार्षदों का कहना है कि जनता से जुड़ी सफाई जैसी मूलभूत व्यवस्था में लापरवाही किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी।

# भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति, सृजन और संवेदना का प्रतीक रही है



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान, लखनऊ एवं पं. दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजाजीपुरम, लखनऊ के संयुक्त तत्त्वावधान में नारी की राजनैतिक चुनौतियां एवं नारी शक्ति वंदन अधिनियम विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं का पुरस्कार वितरण एवं संगोष्ठी मंगलवार को महाविद्यालय परिसर में हुई। उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान के निदेशक सर्वेश कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. डॉ. शिवानी श्रीवास्तव ने की तथा संचालन हिन्दी विभाग की प्रभारी प्रो. डॉ. सुरंगमा यादव ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणापाणि की प्रतिमा के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण से हुआ। महाविद्यालय की छात्राओं वाणी वंदना प्रस्तुत की। बताते चलें कि द्विदिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस 31 अगस्त,2026 को निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें लगभग 75 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसका शुभारंभ प्राचार्य ने छात्राओं को कॉपी एवं पेन वितरित कर किया। प्रतियोगिता में एम.ए. प्रथम वर्ष की शिवानी रावत ने प्रथम, बी.ए. तृतीय वर्ष की वसुधा यादव ने द्वितीय तथा बी.ए. तृतीय वर्ष की संजू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को निदेशक सर्वेश कुमार सिंह ने प्रमाण-पत्र, स्मृति-चिह्न एवं नकद राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा, भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति, सृजन और संवेदना का प्रतीक रही है। परंतु आवश्यक यह है कि नारी को केवल सम्मानित करने अथवा देवी मानने के स्थान पर उसे निर्णय लेने, नेतृत्व करने और स्वतंत्र रूप से अपनी बात रखने का समान अवसर मिलना चाहिए; तभी लोकतांत्रिक भावना को वास्तविक अर्थों में सम्मान प्राप्त होगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 को महत्त्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि संविधान के 106वें संशोधन के माध्यम से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटों के आरक्षण का प्रावधान किया गया है। यह अधिनियम महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाकर लोकतंत्र को अधिक सार्थक एवं समावेशी बनाएगा। कार्यक्रम संयोजक डॉ. रश्मिशील ने कहा कि यह अधिनियम आधी आबादी को राजनीतिक व्यवस्था में समान अवसर देने की दिशा में सार्थक कदम है, किंतु कानून के साथ परिवार, शिक्षण संस्थानों, राजनीति और समाज के स्तर पर मानसिकता में परिवर्तन भी आवश्यक है।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर- 9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

# ट्रस्ट के बैंक खातों से मनमानी निकासी पर हाईकोर्ट की रोक

- वेतन व जरूरी खर्चों के लिए ही धन निकाल सकेंगे
- हिंद चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंधन को लेकर चल रहे विवाद का मामला

विधि संवाददाता

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने हिंद चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंधन को लेकर चल रहे विवाद में ट्रस्ट और उसके दो संस्थानों के बैंक खातों के संचालन पर महत्वपूर्ण अंतरिम व्यवस्था दी है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अपील के नए सिरे से निस्तारण तक ट्रस्ट के बैंक खातों का संचालन न तो याचिकाकर्ता डॉ. अमोद कुमार सचान और न ही प्रतिवादी नंबर एक रिचा मिश्रा अकेले या संयुक्त रूप से कर सकेंगे। खातों का संचालन याचिकाकर्ता के साथ संस्थापक ट्रस्टी विक्रम सिंह संयुक्त रूप से करेंगे।

न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह ने यह निर्णय डॉ. अमोद कुमार सचान की ओर से संविधान के अनुच्छेद 227 के तहत दाखिल एक याचिका मंजूर करते हुए पारित किया है। अपने आदेश में कोर्ट ने उपरोक्त व्यवस्था ट्रस्ट एवं उससे संचालित अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के कामकाज को प्रभावित होने से बचाने तथा वित्तीय जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए दी है।

कोर्ट ने कहा कि खातों से निकाली जाने वाली धनराशि का इस्तेमाल केवल कर्मचारियों, स्टाफ और अस्पताल के डॉक्टरों के वेतन, बैंक या वित्तीय संस्थानों की नियमित देनदारियों, बिजली-पानी जैसे सार्वजनिक उपयोगिता बिलों, करों और अन्य वैधानिक देनदारियों के भुगतान के लिए किया जा सकेगा। प्रत्येक निकासी अथवा भुगतान का विवरण, उसकी प्रकृति और उद्देश्य अपीलीय अदालत के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। यह व्यवस्था अपीलीय अदालत के नए आदेश तक प्रभावी रहेगी। दरअसल, ट्रस्ट के चेयरमैन पद को लेकर डॉ. अमोद कुमार सचान और अन्य ट्रस्टियों के बीच विवाद चल रहा है।

डॉ. सचान ने सिविल जज (सीनियर डिवीजन), लखनऊ की अदालत में घोषणा और स्थायी निषेधाज्ञा के लिए वाद दाखिल किया था। सिविल जज (सीनियर डिवीजन) ने दो अप्रैल 2026 को अंतरिम निषेधाज्ञा देते हुए प्रतिवादियों को उनके चेयरमैन के रूप में कार्य करने में हस्तक्षेप करने से रोक दिया था। इसके खिलाफ दायर अपीलों को अपर जिला जज,



कोर्ट नंबर तीन / विशेष न्यायाधीश (एनआइए), लखनऊ ने आठ जुलाई को स्वीकार करते हुए सिविल जज की अंतरिम निषेधाज्ञा निरस्त कर दी थी।

हाईकोर्ट ने इस आदेश को निरस्त करते हुए दोनों अपीलों को नए सिरे से सुनवाई के लिए वापस भेज दिया है। हाईकोर्ट ने अपीलीय अदालत को नौ सितंबर को दोनों पक्षों को सुनकर मामले का निर्णय प्राथमिकता के आधार पर तीन सप्ताह में करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अंतरिम निषेधाज्ञा के हकदार होने का निर्णय अपीलीय अदालत दोनों पक्षों के दावों के गुण-दोष पर विचार कर करेगी।

## बैंक खाते खुलवाने की याचिका खारिज, कॉलेज प्रबंधक पर एक लाख हर्जाना

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने हरदोई के मसीहउन्निसा डिग्री कॉलेज के बैंक खातों के संचालन की अनुमति मांगने वाली याचिका को महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाने का प्रयास मानते हुए खारिज कर दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता पर एक लाख रुपये का हर्जाना भी लगाया है। यह राशि एक माह के भीतर उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ में जमा करनी होगी। न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ और न्यायमूर्ति अवधेश कुमार चौधरी की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता अबिदा बानो ने कॉलेज के बैंक खाते वर्ष 2020 से बंद होने की बात याचिका में नहीं बताई और प्रबंधन विवाद से जुड़े तथ्यों को छिपाकर मामले को केवल बैंक खाते डी-फ्रीज कराने के साधारण मामले के रूप में पेश किया। कोर्ट के मुताबिक किशन शिक्षा संस्थान सोसायटी के संस्थापक प्रबंधक की जनवरी 2020 में मृत्यु के बाद बेटियों अबिदा बानो व उज्मा फहीम के बीच प्रबंधन को लेकर लंबा विवाद शुरू हुआ।

## 59 एकड़ जमीन के अवैध हस्तांतरण पर एसीएस तलब

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने करीब 117 एकड़ सरकारी अनुदानित भूमि में से लगभग 59 एकड़ जमीन के कथित अवैध हस्तांतरण के मामले में राज्य सरकार के रवैये पर कड़ा रुख अपनाया है। अदालत ने संबंधित विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) को बुधवार दो सितंबर को उपस्थित होने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की पीठ ने एसीएस से यह स्पष्ट करने को कहा है कि मामले की जांच समिति की रिपोर्ट पर अब तक निर्णय क्यों नहीं लिया गया। साथ ही, कोर्ट के आठ अक्टूबर 2025 के आदेश के बावजूद राज्य सरकार ने अब तक पूरक जवाबी हलफनामा क्यों दाखिल नहीं किया। यह आदेश कोर्ट ने लोकेश कुमार खुराना की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर पारित किया है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि वर्ष 1972 में सरकारी अनुदान के तहत मेसर्स मोदी रबर लिमिटेड दिल्ली को करीब 117 एकड़ भूमि दी गई थी। आरोप है कि अनुदान की शर्तों के विपरीत इसमें से करीब 59.11 एकड़ भूमि का हस्तांतरण मेसर्स मोदी टायर कंपनी प्राइवेट लिमिटेड मेरठ और मेसर्स कान्टीनेंटल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड फरीदाबाद का कर दिया गया है।

# एनजीओ संचालक का अपहरण कर हत्या के मामले में मुख्य आरोपित का साथी गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

- मृतक की फारच्यूनर की चाबी 1466 रु. व मोबाइल बरामद



**लखनऊ।** एनजीओ संचालक धीरेंद्र प्रताप सिंह की सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र से अपहरण कर हत्या की वारदात में शामिल शातिर अभियुक्त ओमकार साहू को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस ने कब्जे से मृतक की फारच्यूनर की चाबी, 1466 व मोबाइल फोन बरामद किया है। उसकी गिरफ्तारी पुलिस टीमों द्वारा सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी एवं मैनुअल साक्ष्यों तथा स्थानीय सूचना तंत्र के माध्यम से मंगलवार को की गयी। इससे पूर्व इस घटना का मुख्य आरोपित रवि तिवारी को पुलिस सोमवार को जेल भेज चुकी है।

अभियुक्त ओमकार साहू (24) पुत्र माधवराम, हालपता ग्राम खरगापुर थाना गोमतीनगर विस्तार मूलरूप से ग्राम सिमरिया जनपद बेमेतरा, छत्तीसगढ़ का रहने वाला है। पुलिस ने उसके कब्जे से फॉर्च्यूनर कार की चाबी (मृतक की गाड़ी), 1,466/- रू0 नगद व मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस घटना में शामिल अन्य व्यक्तियों की भूमिका की जांच कर गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है, इस कार्य में पुलिस की छह टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

विदित हो कि महाराणा प्रताप चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष व प्रापर्टी डीलर धीरेंद्र प्रताप सिंह (45) की अपहरण के बाद हत्या के मामले में साजिश की परतें खुल रही हैं। जांच में सामने आया है कि धीरेंद्र की हत्या के लिए ड्राइवर रवि तिवारी को साजिशकर्ताओं ने दो लाख रुपए देकर अमीनाबाद से असलहा खरीदवाया था। इसके अलावा रवि को एक लाख रुपए और दिए गए। सूत्रों के मुताबिक हत्या के बदले रवि तिवारी को 40 लाख रुपए या बांगरमऊ में दो दुकानें और 10 लाख रुपए नकद देने का सौदा तय हुआ था। रवि ने अपने साथी ओमकार साहू को भी साजिश में शामिल किया था। पुलिस ने पूछताछ के आधार पर पांच और लोगों को चिह्नित किया है। इनमें सुपारी देने वाले लोग भी शामिल हैं। पुलिस अब उन लोगों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

पुलिस ने रवि और ओमकार से पूछताछ के आधार पर वारदात में साजिशकर्ता रहे लोगों की तलाश शुरू कर दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की पांच टीमें गठित की गई हैं। इसके अलावा एसटीएफ की टीम को भी जांच में लगाया गया है। एसटीएफ ने जनपद उन्नाव में डेरा जमा रखा है। रवि ने पूछताछ के दौरान उन्नाव निवासी मोनू सिंह का नाम लिया था। उसका दावा है कि वारदात के समय मोनू मौके पर मौजूद था। हालांकि, पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो मोनू वहां नजर नहीं आया है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि रवि ने मोनू का नाम क्यों लिया। आरोपियों के बयानों के अलावा सीसीटीवी फुटेज और संदिग्ध मोबाइल नंबरों की जांच की जा रही है।

मृतक धीरेंद्र के परिवार के अनुसार रवि धीरेन्द्र का विश्वासपात्र था। वह धीरेंद्र की निजी और कारोबारी गतिविधियों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बातों की जानकारी रखता था। कुछ माहे पूर्व रवि के परिवार में शादी थी। धीरेंद्र ने शादी के खर्च के लिए उसे करीब सात लाख रुपये दिए थे। इसके बावजूद रवि ने कुछ लोगों के कहने पर धीरेंद्र की हत्या की साजिश रची।

सूत्रों के अनुसार हत्या की वजह बांगरमऊ में सरकारी जमीन के चलते हत्या की गयी है। पुलिस टीमें ने बांगरमऊ पहुंचकर कई लोगों से पूछताछ की है। तहसील प्रशासन से भी सरकारी जमीन पर कब्जों से जुड़ी जानकारी मांगी गई है।

**रिमांड अर्जी दाखिल :** हत्याकांड से जुड़े और तथ्य जुटाने के लिए पुलिस ने कोर्ट में रवि और ओमकार की रिमांड अर्जी दाखिल की है।

## चेयरमैन का निर्देश मान्य, एसडीओ व दो जेई रिलीव

**लखनऊ।** लेसा मध्यजोन के राजभवन में तैनात एसडीओ और मध्य जोन में तैनात दो अवर अभियंता बीते एक माह पहले हुए स्थानान्तरण होने के बाद उन्हे रिलिव नहीं किया गया था लेकिन मंगलवार को वॉयस ऑफ लखनऊ अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद एमडी ने संज्ञान लेते हुए उन्हे रिलिव करने का निर्देश दिया। इसके बाद आनन-फानन में एक्सीएन ने रिलिव भी कर दिया। राजभवन क्षेत्र में एसडीओ 11 केवी एलटी के पद पर तैनात अश्वनी कुशवाहा का प्रमोशन होने के बाद दूसरे स्थान पर स्थानांतरण हो चुका है, लेकिन उन्हें अभी तक कार्यमुक्त नहीं किया गया। इसी तरह 11 केवी एलटी का काम देख रहे अवर अभियंता प्रखर सिंह का स्थानांतरण करीब एक माह पहले लेसा सिस मध्य में हो चुका है, लेकिन वह भी मौजूदा तैनाती स्थल पर ही कार्यरत थे। वहीं, अंकित पाण्डेय 11 केवी एलटी बालाघाट और आजादनगर का कार्य देख रहे थे।

खबर का असर



## मुसलमानों के अधिकारों को स्वीकार करना स्वागत योग्य : डॉ. मोहन खान

**लखनऊ।** मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ऑफ इंडिया के महासचिव डॉ. मोहन खान (मम्मू) ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के अमेरिका में दिए गए बयान पर कि अगर कोई हिंदू यह समझता है कि भारत में मुसलमानों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए, तो वह हिंदू नहीं रहेगा। उन्होंने कहा है कि यदि यह बात ईमानदारी के साथ कही गई है तो इसका स्वागत किया जाना चाहिए। लेकिन सवाल यह है कि अमेरिका में जिस सच्चाई को स्वीकार किया जा रहा है, क्या वही रवैया भारत में भी व्यवहार में दिखाई देगा? डॉ. मोहन खान ने कहा कि देश के बड़े-बड़े राजनीतिक नेता मुस्लिम देशों का दौरा करते हैं, वहां के प्रमुखों से मुलाकात करते हैं और गले मिलते हैं, क्योंकि आज की वैश्विक राजनीति में मुसलमानों और मुस्लिम देशों की अहमियत से इनकार नहीं किया जा सकता। श्री खान ने कहा कि मुसलमानों के अधिकारों को विदेशों में ही नहीं अपने देश में भी स्वीकार करना स्वागत योग्य है। अमेरिका हो या भारत, दुनिया की राजनीति मुस्लिम दुनिया को नजरअंदाज करके पूरी नहीं हो सकती।

## घर के सामने बंधी भैंस चोरी

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में घर के सामने बंधी करीब 1.22 लाख रुपये कीमत की भैंस चोरी हो गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित का कहना है कि इससे पहले भी उसकी एक भैंस चोरी हो चुकी है, लेकिन उसका अब तक पता नहीं चल सका। बुद्धखेड़ा निवासी लवकुश पुत्र बद्रीप्रसाद के मुताबिक, 30 अगस्त की सुबह करीब तीन बजे उनकी भैंस घर के सामने सहन की जमीन पर खूंटी से बंधी थी। अज्ञात चोर रस्सी काटकर भैंस को चोरी कर ले गए। सुबह जानकारी होने पर लवकुश और उनके परिवार ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन भैंस का कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित के अनुसार, 11 अप्रैल 2026 को भी उनकी करीब एक लाख रुपये कीमत की भैंस चोरी हो गई थी।

## एनओसी के नाम पर पीडब्ल्यूडी और वन विभाग आमने-सामने

**लखनऊ।** मोहनलालगंज में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का कुबहरा सामुदायिक मिलन केंद्र पर चल रहा धरना मंगलवार को 14वें दिन भी जारी रहा। बीते 27 अगस्त के ज्ञापन के अनुसार मंगलवार को वन विभाग कार्यालय के घेराव का कार्यक्रम प्रस्तावित था, लेकिन प्रदेश अध्यक्ष के बड़े भाई के निधन के चलते घेराव स्थगित कर दिया गया। शोक के चलते धरना स्थल पर माइक और नारेबाजी भी बंद रही। दोपहर 12 बजे पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता सूर्यमणि मिश्रा अवर अभियंता के साथ धरना स्थल पहुंचे। कुछ देर बाद वन अधिकारी शुभी श्रीवास्तव भी पहुंचीं। किसानों की मौजूदगी में दोनों विभागों के अधिकारियों के बीच हुई वार्ता में सामने आया कि पीडब्ल्यूडी ने अब तक वन विभाग से एनओसी मांगी ही नहीं है। ऐसे में वन विभाग द्वारा एनओसी जारी करने का सवाल ही नहीं उठता। यह बात सामने आते ही किसानों का आक्रोश भड़क उठा। किसानों ने कहा कि बीते 21 अगस्त को राजस्व, वन और पीडब्ल्यूडी की संयुक्त टीम ने मौके पर नाप की थी और उन्हें भरोसा दिया गया था कि वन विभाग की एनओसी मिलते ही सड़क निर्माण शुरू हो जाएगा। किसानों ने इसे अब तक का छलावा बताते हुए पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को मौके पर रोक लिया।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम त्रुटिवश आदी शर्मा पुत्र बसन्त कुमार, निवासी ग्राम हैदराबाद, थाना हैदराबाद, तहसील गोला, जनपद खीरी अंकित हो गया है। जबकि परिवार रजिस्टर एवं शैक्षिक अंकपत्रों में उसका सही नाम ऋतुराज शर्मा पुत्र बसंत कुमार अंकित है। अतः आधार कार्ड में नाम आदी शर्मा के स्थान पर ऋतुराज शर्मा पुत्र बसंत कुमार तथा पता मो. गोपाल नगर कॉलोनी, निकट नया बाईपास, भुसौरिया रोड, गोला गोकर्णनाथ, परगना हैदराबाद, तहसील गोला, जनपद खीरी अंकित किया जाए।
बसन्त कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी- मो. गोपाल नगर कॉलोनी, निकट नया बाईपास, भुसौरिया रोड, गोला गोकर्णनाथ, जनपद खीरी

## गाड़ी हटाने के विवाद में युवक को पीटा

**लखनऊ।** कृष्णानगर कोतवाली इलाके के सरीफ चौकी के पास एक कबाब-पराठे का ठेला संचालक ने रविवार रात्रि गाडी हटाने के विवाद मे साथियो संग मिलकर युवक को लोहे की रॉड और लाठी-डंडों पीट पीट कर लहूलुहान कर दिया और मौके से फरार हो गए।

वही पुलिस के रवैये से नाराज पीड़ित ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर न्याय की गुहार लगाई है। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके के प्रेमनगर आलमबाग निवासी पीड़ित अमित वर्मा पुत्र चन्द्र प्रकाश वर्मा के मुताबिक वह दोस्त अंकुर पाल और प्रदीप मिश्रा के साथ खाना खाकर कार से लौट रहा था। आरोप है कि तभी वहां कबाब-पराठे का ठेला लगाने वाला लक्की पहुंचा और कार हटाने को लेकर गालीगलौज व मारपीट करने लगा।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**लखनऊ।** पीजीआई क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में युवक की इलाज केदौरान मौत हो गयी। पुलिस ने वाहन और चालक को हिरासत में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि मंगलवार को रात्रि करीब 12:30 बजे राहुल सिंह पुत्र दिगंबर सिंह हालपता खांदारी, राजीव नगर, घोसियाना तेलीबाग कैंट बैंक में पीओ के पद पर कार्यरत थे।

युवक मोटरसाइकिल होण्डा साइन से घर जा रहे थे कि सेक्टर-6, वृन्दावन योजना स्थित सीएनजी पंप के सामने विपरीत दिशा से आ रही पिकअप वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी, जिससे राहुल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस घायल राहुल सिंह को 108 एंबुलेंस की सहायता से उपचार के लिए ट्रॉमा सेंटर ले गए और उनके परिजनों को सूचित किया। उपचार के दौरान राहुल सिंह की मृत्यु हो गई। पुलिस ने पिकअप वाहन को कब्जे में लेकर चालक अभिषेक प्रजापति (24) को हिरासत में लिया है।

# रिटायर्ड जेई से फेसबुक पर दोस्ती कर 97 लाख ठगे

**लखनऊ।** अस्सी साल के बुजुर्ग को शेयर ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर ठगों ने 97 लाख ठग लिए। ठगों ने पहले फेसबुक के जरिए संपर्क किया और निवेश के नाम पर रकम जमा कराई। बाद में फर्जी एप पर भारी मुनाफा दिखाकर उसे निकालने के लिए टैक्स, कन्वर्जन चार्ज और इंश्योरेंस के नाम पर लाखों रुपये और जमा करा लिए। आशियाना सेक्टर-एच निवासी सिंचाई विभाग के सेवानिवृत्त जेई हरिमोहन (80) ने बताया 26 अप्रैल को वह फेसबुक चला रहे थे। इसी दौरान उनका संपर्क गणेश अग्रवाल नाम के व्यक्ति से हुआ। उसने शेयर ट्रेडिंग के जरिए डॉलर में भारी मुनाफा कमाने का झांसा दिया और एक एप डाउनलोड कराया।

12 मई को हरिमोहन ने आरोपी के कहने पर दो बार में निवेश के लिए 26 लाख रुपये जमा कर दिए। कुछ समय बाद एप पर उन्हें 2.40 लाख डॉलर का मुनाफा दिखने लगा। एप में यह रकम लंदन की वर्कले बैंक में जमा होने की बात लिखी थी।

जब हरिमोहन ने मुनाफे की रकम निकालने की कोशिश की तो उनके पास एक अनजान नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को कस्टम विभाग का रेवेन्यू ऑफिसर हार्दिक पटेल बताया। उसने मुनाफे की रकम जारी करने के लिए कैपिटल टैक्स, कन्वर्जन चार्ज और इंश्योरेंस के नाम पर कैपिटल टैक्स, कन्वर्जन चार्ज और इंश्योरेंस के नाम पर 71.20 लाख रुपये जमा करने को कहा। हरिमोहन ठगों की बातों में आ गए और परेशान होकर यह रकम भी जमा कर दी। इसके बावजूद न तो उनकी मूल रकम वापस मिली और न ही एप में दिखाया जा रहा मुनाफा। पीड़ित ने जब हार्दिक पटेल से रकम वापस करने को कहा तो आरोपी भड़क गया। उसने दावा किया कि हरिमोहन के निवेश किए गए 26 लाख रुपये में से नौ लाख रुपये ठगी की रकम की हैं। आरोपी को उसकी बातों पर शक होने लगा और उसने पुलिस में ठगी होने की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

## सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** गाजीपुर पुलिस ने नाबालिग बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म के अभियोग में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस काकहना है कि 13 अगस्त को थाना गाजीपुर पर पीड़िता ने प्रार्थना-पत्र दिया था जिसके आधार पर मुकदमा 7/8 पाक्सो अधिनियम के तहत गुड्डू व अमित के खिलाफ दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान पीड़िता के न्यायालय में दर्ज बयान एवं उपलब्ध साक्ष्यों में शारीरिक शोषण के आरोप प्रथम दृष्टया पुष्ट होने पर अभियोग को धारा 70(2) बीएनएस व धारा पाक्सो अधिनियम में तरमीम किया गया।

सोमवार को सूचना प्राप्त हुई कि अभियुक्तगण गुड्डू एवं अमित सेक्टर-25 से मुंशी पुलिया जाने वाली सर्विस रोड के किनारे खड़े हैं। सूचना पर गाजीपुर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों व्यक्तियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। गुड्डू केवट व अमित कश्यप (20) पुत्र राम सहाय कश्यप को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# ड्राइविंग लाइसेंस में गड़बड़ी पर दो टीआई निलंबित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बस्ती के उप संभागीय परिवहन कार्यालय में ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने में अनियमितता के मामले में परिवहन आयुक्त ने कार्रवाई की है। मोटरयान निरीक्षक संजय कुमार दास (टीआई) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है, जबकि मोटरयान निरीक्षक (टीआई) सीमा गौतम के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए है। दोनों अधिकारियों के खिलाफ सतर्कता जांच के लिए भ्रष्टाचार निवारण संगठन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को पत्र भेजा है।

आरोपों की जांच में संजय कुमार दास दवारा 785 और सीमा गौतम दवारा 213 ड्राइविंग लाइसेंस बिना जरूरी जांच-पड़ताल के मंजूर किए जाने का मामला सामने आने पर उक्त कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि कुल 998 लाइसेंस ऐसे पाए गए, जिनमें तय प्रक्रिया के मुताबिक आवश्यक जांच नहीं की गई। मामले की विस्तृत जांच के दौरान बस्ती कार्यालय के कम्प्यूटरीकृत रिकॉर्ड और लाइसेंस से मिले डाटा की जांच की गई। जांच रिपोर्ट 31 अगस्त 2026 को प्रस्तुत की गई।





परिवहन आयुक्त ने बताया कि जांच में सामने आया कि प्रदेश में 1 अप्रैल 2013 से ड्राइविंग लाइसेंस ऑनलाइन सारथी पोर्टल के जरिए जारी किए जा रहे हैं। इसके बावजूद बस्ती कार्यालय में 1 अप्रैल 2013 के बाद जारी कुछ लाइसेंसों को बैकलॉग किया गया।

लाइसेंस आवेदन को मंजूरी देने से पहले सारथी पोर्टल पर उपलब्ध कई मामलों में पुराने ड्राइविंग लाइसेंस की कॉपी भी आवेदन के साथ अपलोड नहीं की गई। इसके अलावा, ड्राइविंग लाइसेंस में पता बदलने के लिए किए गए कई आवेदनों में पते के प्रमाणों का भी जरूरी सत्यापन नहीं कराया गया।

## नियमविरुद्ध लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई

परिवहन आयुक्त ने बताया कि जांच में नियमविरुद्ध पाए गए ड्राइविंग लाइसेंसों को रद्द करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मामले में सेवा प्रदाता कंपनी के जिन कर्मचारियों की भूमिका सामने आई है, उन्हें सेवा से हटाने और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है। संबंधित फर्म को ब्लैकलिस्ट करने और उसकी सिक्योरिटी (बैंक गारंटी) जब्त करने की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया में लापरवाही, नियमों की अनदेखी या किसी भी तरह की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जांच में सामने आए सभी मामलों में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# अहिमामऊ में शीघ्र बनेगा आरटीओ का डम्पिंग यार्ड

- पी-4 और कल्ली यार्ड से शिफ्ट होंगे वाहन थानों और खुले स्थानों पर घटेगा दबाव
- 2.55 करोड़ की लागत से हुआ तैयार, 237 वाहन रखने की क्षमता, जल्द मिलेगा हैंडओवर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में जब्त वाहनों को रखने की वर्षों पुरानी समस्या का अब जल्द समाधान हो जाएगा। परिवहन विभाग के लिए अहिमामऊ में तैयार किया गया डिटेंशन/डम्पिंग यार्ड निर्माण का काम पूरा हो चुका है और अब तकनीकी समिति के निरीक्षण के बाद इसे परिवहन विभाग को हस्तांतरित किए जाने की प्रक्रिया चल रही है। करीब 2.55 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस यार्ड में एक साथ 136 हल्के वाहन, 15 भारी वाहन और 86 दोपहिया वाहन, यानी कुल 237 वाहन खड़े किए जा सकेंगे। विभाग ने इसे योगी सरकार के सड़क सुरक्षा से जुड़े विजन की ओर अच्छा व बड़ा कदम बताया है। अपर परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन) के डी सिंह गौर ने बताया कि यह व्यवस्था लखनऊ में परिवहन विभाग और प्रवर्तन टीमों की कार्रवाई के बाद जब्त या निरुद्ध होने वाले वाहनों को व्यवस्थित तरीके से रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। अभी पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं होने के कारण कई बार कार्रवाई के बाद वाहनों को थानों व उपलब्ध खुले स्थानों में खड़ा करना पड़ता है। इससे थानों में जगह की समस्या के साथ-साथ सड़क किनारे या अन्य खुले स्थानों पर यातायात व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका रहती है।

**अहिमामऊ में मिली 83 हजार स्क्वायर फीट से अधिक भूमि :** उत्तर प्रदेश परिवहन आयुक्त ने निर्देश पर लखनऊ में डिटेंशन यार्ड के लिए जमीन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। इसके बाद नगर आयुक्त लखनऊ से जमीन उपलब्ध कराने के लिए कहा गया। नगर निगम की ओर से ग्राम अहिमामऊ में 0.780 हेक्टेयर (83,958 स्क्वायर फीट) भूमि परिवहन विभाग द्वारा निरुद्ध वाहनों की पार्किंग के लिए अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई गई।

**2.55 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुआ यार्ड :** इसके बाद परिवहन आयुक्त के निर्देश पर मुख्य भवन, गार्ड रूम और बाउंड्रीवाल आदि के निर्माण के लिए 2.55 करोड़ रुपये से अधिक स्वीकृत किए गए। 21 अगस्त 2026 को संबंधित कार्यदायी संस्था ने बताया कि डिटेंशन यार्ड/डम्पिंग यार्ड से संबंधित सभी निर्माण कार्य पूरे किए जा चुके हैं। अब कार्य पूर्ण होने के बाद इसे परिवहन विभाग को हस्तांतरित किया जाना है। हस्तांतरण से पहले तकनीकी समिति द्वारा यार्ड का निरीक्षण किया जाएगा। इस समिति में लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, सिंचाई विभाग आदि के अभियंताओं को शामिल किया गया है। समिति स्थल का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट देगी, जिसके बाद हस्तांतरण की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

**अब तक 5628 वाहनों का चालान, 491 निरुद्ध :** आंकड़ों के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2026-27 में लखनऊ के प्रवर्तन दलों ने कुल 5,628 वाहनों का चालान किया है, जबकि 491 वाहनों को निरुद्ध किया गया। हालांकि वर्तमान में प्रवर्तन अधिकारियों के पास वाहनों को निरुद्ध करने के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं है। कई बार थानों में भी जगह उपलब्ध नहीं होने के कारण वाहनों को निरुद्ध नहीं किया जा पाता और चालान करके वाहन छोड़ना पड़ता है। यह समस्या नए डम्पिंग यार्ड के संचालन के बाद काफी हद तक दूर हो जाएगी। निर्धारित यार्ड उपलब्ध होने से कार्रवाई के बाद वाहनों को आसानी से निरुद्ध किया जा सकेगा। साथ ही वाहनों को निर्धारित परिसर में सुरक्षित रूप से रखा जा सकेगा।

**पी-4 पार्किंग और कल्ली यार्ड से भी होगी व्यवस्था बेहतर :** फिलहाल पी-4 पार्किंग और कल्ली यार्ड पीजीआई में वाहन खड़े किए जाते हैं। नए अहिमामऊ डम्पिंग यार्ड के उपलब्ध होने से इन स्थानों पर खड़े वाहनों को भी आवश्यकता के अनुसार नए यार्ड में शिफ्ट किया जा सकेगा। इससे अलग-अलग स्थानों पर जब्त वाहनों के बिखरे रहने की समस्या कम होगी और वाहनों के लिए एक केंद्रीकृत व्यवस्था विकसित होगी।

# पारस अंतरराष्ट्रीय दृश्यकला प्रदर्शनी का शुभारंभ

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में कला दीर्घा, अंतरराष्ट्रीय दृश्य कला पत्रिका एवं कला स्रोत कलावीथिका के संयुक्त तत्वावधान में पारस अंतरराष्ट्रीय दृश्यकला प्रदर्शनी का आयोजन कला स्रोत कला वीथिका, अलीगंज, लखनऊ में किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन साहित्य जगत में सूर्य के रूप में प्रतिष्ठित प्रख्यात साहित्यकार, चिंतक एवं सौंदर्यशास्त्री आचार्य सूर्य प्रसाद दीक्षित ने किया।

दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन अवसर पर आचार्य सूर्य प्रसाद दीक्षित ने कहा कि जहाँ शब्दों की सीमाएँ आरंभ होती हैं, वहीं तूलिका, रंग, रेखा और रूप अपनी अभिव्यक्ति की भूमिका ग्रहण करते हैं। सभी कलाएँ अंतर्गुम्फित हैं और एक-दूसरे से संवाद करती हुई मनुष्य की संवेदना को व्यापक बनाती हैं। उन्होंने कहा कि कला दीर्घा की प्रकाशक डॉ. लीना मिश्र एवं संपादक डॉ. अवधेश मिश्र



द्वारा निरंतर किए जा रहे कला-दस्तावेजीकरण तथा विविध कला-गतिविधियों के माध्यम से कलाकारों और कलारूपों को व्यापक कला-जगत के समक्ष प्रतिष्ठित करने का कार्य अत्यंत सराहनीय है।

इस रचनात्मक यात्रा में कला स्रोत कलावीथिका की सहभागिता इसके निदेशकद्वय अनुराग डिडवानिया एवं मानसी डिडवानिया की कला के प्रति प्रतिबद्धता और सक्रिय संवेदनशीलता को रेखांकित करती है। शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित पारस प्रदर्शनी का मूल भाव गुरु-शिष्य परंपरा के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और सृजनात्मक समर्पण है। उद्घाटन अवसर पर आचार्य राजेंद्र प्रसाद, आचार्य आलोक कुमार, आचार्य रविकांत पांडेय तथा कला दीर्घा के संपादक डॉ. अवधेश मिश्र एवं प्रदर्शनी के समन्वयक डॉ. अनीता वर्मा और सुमित कुमार का सम्मान मुख्य अतिथि आचार्य सूर्य प्रसाद दीक्षित, कला स्रोत कला वीथिका की निदेशक मानसी डिडवानिया तथा कला दीर्घा की प्रकाशक डॉ. लीना मिश्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. लीना मिश्र ने श्रीमती मानसी डिडवानिया को पुष्प-पात्र भेंट कर सम्मानित किया।

## कार्यालय, आदर्श नगर पंचायत तम्बौर अहमदाबाद, जनपद-सीतापुर

पत्रांक -: 315/न.पं.त.-नीलामी/2026-27 दिनांक -: 31.08.2026

सार्वजनिक नीलाम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत तम्बौर अहमदाबाद में संचालित एम.आर.एफ. सेन्टर पर एकत्रित निष्प्रयोज्य सामग्री/कबाड़, कच्चा गत्ता, पक्का गत्ता, सफेद प्लास्टिक, काली प्लास्टिक, पन्नी, लोहा, कॉंच, टॉयर, चप्पल, जूता आदि की बिकी हेतु कुटेशन दिनांक 07.9.2026 तक आमंत्रित किये जाते हैं। एम.आर.एफ. सेन्टर पर एकत्रित निष्प्रयोज्य सामग्री/कबाड़, कच्चा गत्ता, पक्का गत्ता, सफेद प्लास्टिक, काली प्लास्टिक, पन्नी, लोहा, कॉंच, टॉयर, चप्पल, जूता आदि लेने हेतु इच्छुक फर्मे/ठेकेदार/कबाड़ी अपना कुटेशन अलग-अलग सामग्री की दर से दिनांक दिनांक 07.09.2026 को समय अपरान्ह 02.00 बजे तक नगर पंचायत कार्यालय में रखे टेण्डर बाक्स में डाल सकते हैं प्राप्त कुटेशन उसी दिन अपरान्ह 03.00 बजे उपस्थिति में खोले जायेंगे। नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

(सुभाष चन्द्र सिंह)
अधिशासी अधिकारी

(तयब्बुन)
अध्यक्ष

# जन्माष्टमी पर सजे बाजार, कान्हा की बांसुरी व मूर्ति कर रही आकर्षित





वरिष्ठ संवाददाता **(vol)**

**लखनऊ।** 4 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का पर्व है। कान्हा के जन्म के इस उत्सव को मनाने के लिए हर कोई लालायित है। घरों में इसकी तैयारी जोरों पर चल रही हैं। महिलाओं ने अभी से झांकी एवं अन्य पकवान बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। दुकानों पर भी जन्माष्टमी का रंग छाने लगा है। शहर के प्रमुख दुकानों पर जन्माष्टमी पर्व की तैयारियां जोरों पर चल रही है। वहीं अमीनाबाद, आलमबाग, चौक, भूतनाथ मार्केट में लड्डू गोपाल के साथ विभिन्न लीलाओं की मूर्तियों के लिए खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। साथ ही ठाकुर जी के झूलों, सिंहासनों, ज्वेलरी व पोशाकों से सज गया है।

सराफा बाजार में भी सोने-चांदी के गोपाल, बांसुरी की बिक्री बढ़ गई है। माखन चोर के साथ विभिन्न लीलाओं की इन मूर्तियों के लिए खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। कान्हा के जन्म का उत्सव घर-घर में मनाया जाता है। कई घरों में भी बच्चों द्वारा जन्माष्टमी सजाई जाती है। इसके लिए बच्चों ने खिलौने निकालने शुरू कर दिए है। वहीं कई बच्चों ने जन्माष्टमी सजाने के लिए अभी से बुरादा एकत्र करना कर उसे रंगना शुरू कर दिया है।

**पंच धातु के लड्डू गोपाल:** पालने में बैठे नन्हें लड्डू गोपाल, बगल में बैठी सुंदर सी राधा रानी के साथ अब अष्टधातु, पंच धातु में भी मिल रहे हैं। गोर वर्ण, पीतांबरी वर्ण के अलावा श्याम सुंदर, सांवली सूरत और नील वर्ण ठाकुर जी भी भक्तों से सेवा करा रहे हैं। इनका पूरा शृंगार भी दुकानों पर है।

**ऐसी हैं कन्हैया की मूर्तियां:** भगवान श्रीकृष्ण रंग बिरंगे वस्त्रों में सजे हैं। जहां पीतल के लड्डू गोपाल सुंदर वस्त्रों में सजकर पालने में झूल रहे हैं। वहीं मनमोहक बांसुरी बजाते कन्हैया भक्तों को रिझाते नजर आ रहे हैं। बाजार में उपलब्ध भगवान श्रीकृष्ण की मूर्तियां लखनऊ व वाराणसी सहित मथुरा व मुंबई में तैयार की गई हैं।

**कृष्ण की मूर्तियों में बड़ी वैरायटी:** इस बार बाजार में भगवान कृष्ण की मूर्तियों में बहुत वैरायटी आयी है। बांसुरी बजाते, पालना में बैठे, माखन खाते कान्हा की प्रतिमा, बालरूप में बांसुरी की तान वाली मुद्रा, मोरपंख धारण किए, नींद में सोते मुद्रा वाली मूर्तियों को श्रद्धालु ज्यादा पसंद कर रहे हैं। जिनकी कीमत 100 रुपए से लेकर 1000 रुपये तक है।

**कान्हा की झांकियों से सजा बाजार:** ग्राहकों द्वारा झांकी सजाने के लिए भी सजावटी वस्तुएं खरीदी जा रही हैं, इसमें झूले, बेड के साथ मच्छरदानी, पंखे आदि सजावटी सामान हैं, जिनको ग्राहकों द्वारा खूब पंसद किया जा रहा है। मंदिर को सजाने के साथ-साथ होने वाले कार्यक्रम को लेकर भी मंदिर से जुड़े लोग तैयारियों में जुटे हैं। कान्हा के जन्मोत्सव को लेकर भक्तों में उत्साह का माहौल हैं। इस बार कान्हा के जन्मोत्सव की तैयारियां मंदिरों के अलावा कालोनी और शहर में जगह.जगह की जा रही हैं। कहीं रुई की झांकी की तैयारी हो रही है, तो कहीं नाव की झांकी सजेगी। यहां तक कि इस बार कई जगह मटकी फोड़ प्रतियोगिता भी होगी।

**पीले वस्त्र पहनायें:** जन्माष्टमी पर कान्हा के आगमन पर उनका अभिषेक कर पीले वस्त्र पहनाएं। रंग बिरंगे वस्त्रों से कान्हा प्रसन्न होते हैं। पीले रंग के वस्त्र कृष्ण को बेहद प्रिय है।

**वैजयंती माला उन्हें जरूर पहनायें:** जन्माष्टमी पर लड्डू गोपाल के श्रृंगार में कान के कुंडल बाजूबंध, कमरबंध, हाथ के कड़े, पायल के साथ वैजयंती माला उन्हें जरूर पहनाएं। ये माला वैजयंती के वृक्ष के बीजों से बनती है। कहते हैं वैजयंती माला राधा-कृष्ण के अटूट प्रेम की निशानी है। कान्हा की पूजा में वैजयंती के फूल बहुत शुभ माने जाते हैं।

**सुगंधित चंदन की खुशबू बाल गोपाल को बहुत पसंद:** सुगंधित चंदन की खुशबू बाल गोपाल को बहुत पसंद है। चंदन विभिन्न प्रकार के होते हैं। सफेद चंदन, हरि चंदन, गोमती चंदन आदि कान्हा का गोपी चंदन से श्रृंगार उत्तम माना जाता है।

**छोटी सी बांसुरी कान्हा के हाथ में जरूर रखें:** बांसुरी के बिना कान्हा अधूरे माने जाते हैं। श्रीकृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर राधा रानी, गोपियां, ग्वालें, मंत्रमुग्ध हो जाती थी। मान्यता है कि मुरली में कृष्ण का वास होता है। जन्माष्टमी पर चांदी या कोई भी छोटी सी बांसुरी कान्हा के हाथ में जरूर रखें।

**नजरदोष से बचाने के लिए काजल जरूर लगाएं:** कान्हा की छवि इतनी मनमोहक कि उन्हें नजरदोष से बचाने के लिए काजल जरूर लगाया जाता है। माता यशोदा सदैव कान्हा के श्रृंगार के बाद उन्हें छोटा सा काजल का टीका लगाती थीं।

**राधा-कृष्ण के प्रेम का प्रतीक है मोरपंख:** जन्माष्टमी के खास मौके पर हर घरों में तैयारियां चल रही है। खूब पकवान बनाए जा रहे हैं और कृष्ण के पालकी से लेकर मंदिर को फूलों से सजाया जा रहा है। लड्डू गोपाल के जन्म के बाद गोपाल को स्नान करा के नन्हें नंद के लाला का श्रृंगार किया जाता हैं। नन्हे बाल गोपाल की सजावट में कोई कमी ना रह जाए। इसके लिए ये बेहद जरूरी है कि कान्हा के जन्मोत्सव पर उनका श्रृंगार उनकी प्रिय और शुभ चीजों से कैसे किया जाए। इसके लिए हम आपको बताएंगे की इस खास मौके पर कैसे शुभ चीजों से बाल गोपाल का करें श्रृंगार। मोरपंख के बिन कृष्ण की कल्पना नहीं की जा सकती। मान्यता है कि मोरपंख राधा.कृष्ण के प्रेम का प्रतीक है इसलिए कान्हा हमेशा इसे अपने सिर पर सजाते हैं। उनके मुकुट में मोरपंख सदैव लगा होता है। श्रीकृष्ण के मुकुट की सजावट मोर पंख के बिना अधूरी है।

## कान्हा के लिए चांदी की बांसुरी, मुकुट की डिमांड ज्यादा





**लखनऊ।** जन्माष्टमी के अवसर पर बाजार गुलजार हो गये हैं। एक ओर जहां माला फूल पूजन सामग्री कि दुकानों पर भीड़ उमड़ रही है, वहीं दुकानों पर जन्माष्टमी से जुड़े खिलौने, कपड़े, मुकुट, पेंटिंग आदि की डिमांड है। इसके अलावा पीतल, प्लास्टिक, मिट्टी आदि से बने आकर्षण खिलौने जैसे झूले, पालना व सजावट में काम आने वाले झालर बिजली बत्ती की भी मांग तेज है। बाजार में हरे-हरे अशोक के पत्ती, प्लास्टिक के फूल, कदंब के पेड़, करौंदे का पेड़, झावा बुरादा आदि चीजों से बाजार सज गए हैं। बुधवार की सुबह से ही खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ रही है। जिससे पूरा बाजार कृष्णमय हो गया है। बाजार में काफी रौनक देखने को मिल रही है। शहर के लोग श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की खरीदारी करने को उमड़ पड़े हैं। इन सभी के अलावा भगवान के लिए चांदी के मुकुट, बांसुरी, लड्डू गोपाल कि चांदी कि मूर्ति कि भी डिमांड है। सर्राफ ने बताया की इस बार जन्माष्टमी के अवसर पर कई नए डिजाईन कि चीजें आई हैं। इनमें भगवान का मुकुट, बांसुरी, मूर्ति विशेष कारीगरों द्वारा बनवाया गया है। जन्माष्टमी पर महंगाई का कोई असर नहीं नजर आ रहा है।

## रॉक बैंड की प्रस्तुति के बीच इस्कॉन मंदिर में होगा कान्हा का स्वागत

वरिष्ठ संवाददाता **(vol)**



**लखनऊ।** प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री श्री राधा रमण बिहारी मंदिर (इस्कॉन) सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ में 4 सितंबर दिन शुक्रवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महा महोत्सव मनाया जाएगा जिसके उपलक्ष्य में प्रेस वार्ता का आयोजन मंगलवार को किया गया, जिसमें आनंद स्वरूप अग्रवाल प्रभुजी, श्रीलाल गुप्ता प्रभुजी, अलोक चंद्रा प्रभुजी, लाल बहादुर यादव प्रभुजी (वाइस चेयरमैन, फेस्टिवल कमेटी) भोकाराम प्रभुजी, मधुस्मिता प्रभु, एवं दीनदयाल प्रभु जी, उपस्थित रहे।

मंदिर अध्यक्ष श्रीमान अपरमेय श्याम प्रभुजी द्वारा जन्माष्टमी महा महोत्सव में संपन्न होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गयी, जो निम्नवत है। जन्माष्टमी कार्यक्रम में मंगला आरती प्रातः 4:30 बजे, तुलसी आरती प्रातः 5:15 बजे, गुरु पूजा प्रातः 7:30 बजे, अविरल कीर्तन प्रातः 9:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक, अभिषेक अपराह्न 12 वजे से रात्रि 10 बजे, संस्कृतिक कार्यक्रम सायं 6 बजे, संध्या आरती सायं 7 बजे, महा अभिषेक रात्रि 10 बजे से मध्य रात्रि 12 बजे तक, छप्पन भोग रात्रि 11 बजे से मध्य रात्रि 12 बजे तक महा आरती मध्य रात्रि 12:30 बजे, जरी मोती मणि माणिक की विशेष पोशाक वृंदावन के विशेष कारीगरों द्वारा निर्मित से श्री श्री राधा रमण बिहारी जी श्रंगार किया जायेगा।

दोपहर 12 बजे से रात्रि 10 बजे तक अभिषेक (दूध दही घी शहद व 1008 तीर्थों के जल से होगा) एवं महा अभिषेक रात्रि 10 बजे से मध्य रात्रि 12 बजे तक मुख्य पंडाल में होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुकुन्दा रॉक बैंड की प्रस्तुति, स्वागत नृत्य, भारतनाट्यम नृत्य की प्रस्तुति, नाट्य प्रास्तुति, इनामी प्रतियोगिता। इस्कॉन, भक्त मंडली द्वारा अविरल कीर्तन प्रातः 09:30 से शाम 06:30 तक होगा। इस्कॉन लखनऊ के भक्तों द्वारा श्रीमद भागवतम, श्रीमद भगवत गीता के साथ-साथ श्रील प्रभुपाद जी द्वारा रचित 90 से अधिक पुस्तकों का वितरण। इस्कॉन के वह वैष्णव भक्तों जो 16 माला जप एवं 4 नियमों का पालन कर रहे हैं, उनके द्वारा प्रेमपूर्वक बनाये गये 256 प्रकार के भोग श्री श्री राधा रमण बिहारी जी को अर्पित किये जायेंगे। इस्कॉन भक्तों विशेष रूप से युवा भक्तो द्वारा मंदिर मे आने वाले नये भक्तो को हर कृष्ण महामंत्र के जप हेतु प्रेरित किया जायेगा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महा महोत्सव पर आ रहे नये भक्तो को श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभुजी मंदिर अध्यक्ष इस्कॉन लखनऊ की प्रेरणा से सम्पूर्ण लखनऊ में चल रहीं भक्ति वृक्ष कक्षाओं में जोड़ कर उन्हे भक्ति मार्ग पर अग्रसर करने का प्रयास किया जायेगा। श्री कृष्ण जन्माष्टमी महा महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में राकेश लढानी, निदेशक, अमृत बॉटलर्स प्राइवेट लिमिटेड, अति-अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सत्य प्रकाश अग्रवाल (प्रबंध निदेशक ज्ञान डेयरी) जय अग्रवाल (प्रबंध निदेशक ज्ञान डेयरी) एवं अनुज अग्रवाल (प्रबंध निदेशक ज्ञान डेयरी) अपनी गरिमामयी में उपस्थिति प्रदान करेंगे। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महा महोत्सव में श्री श्री राधा रमण जी के दर्शन एवं आशीर्वाद हेतु अतिथि के रूप में बृजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री, एके शर्मा, ऊर्जा मंत्री, शिवपाल सिंह यादव, पूर्व कैबिनेट मंत्री, एवं अन्य गणमान्य अतिथि गण उपस्थित रहेंगे। मंदिर के कार्यक्रमों को आप सभी भक्त गण निम्न लिंक के माध्यम से लाइव देख सकते हैं।

# संतान की लंबी आयु के लिए माताएं आज रखेंगी हरछठ का व्रत

वरिष्ठ संवाददाता **(vol)**

**लखनऊ।** हरछठ (हलषष्ठी) व्रत भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है। ये पर्व भगवान कृष्ण के बड़े भाई श्री बलराम के जन्म उत्सव के रूप में मनाया जाता है। षष्ठी तिथि का प्रारंभ दो सितंबर की सुबह 06:12 बजे से होगा। षष्ठी तिथि का समापन तीन सितंबर की सुबह 04:25 बजे पर होगा। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि उदया तिथि के अनुसार हल षष्ठी यानी हरछठ का पर्व दो सितंबर को मनाया जाएगा। बलराम जी का शस्त्र हल और मूसल है। इसी कारण इनको हलधर भी कहते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार बलराम जी शेषनाग के अवतार थे। ये गदायुद्ध में विशेष प्रवीण थे। दुर्योधन इनका ही शिष्य था। इस दिन हल पूजन का विशेष महत्व है। पूरब के जिलों में इसे ललई छठ भी कहा जाता है। ज्योतिषाचार्य आनंद दुबे ने बताया कि माताएं हलषष्ठी का व्रत संतान की लंबी आयु की प्राप्ति के लिए रखती हैं। इस दिन व्रत के दौरान वह कोई अनाज नहीं खाती हैं। महुआ की दातुन करती हैं। हलषष्ठी व्रत में हल से जुता हुआ अनाज और सब्जियों का इस्तेमाल नहीं किया जाता है। इस व्रत में वही चीजें खाई जाती हैं, जो तालाब में पैदा होती हैं।



**हलछठ पूजा विधि:** हलछठ वाले दिन प्रातः जल्दी उठकर स्नान करें और व्रत का संकल्प लें। इसके बाद साफ कपड़े पहनकर गोबर ले आएं। फिर साफ जगह पर गोबर से पुताई कर तालाब बनाएं। इस तालाब में झरबेरी, ताश और पलाश की एक.एक शाखा बांधकर बनाई गई हरछठ को गाड़ दें। अंत में विधि.विधान के साथ पूजा.अर्चना करें। पूजा के लिए सात तरह के अनाज जैसे गेहूं, जौ, अरहर, मक्का, मूंग और धान चढ़ाएंइसके बाद हरी कजरियां, धूल के साथ भुने हुए चने चढ़ाएं। आभूषण और हल्दी से रंगा हुआ कपड़ा भी चढ़ाएं। फिर भैंस के दूध से बने मक्खन से हवन करें। अंत में हरछठ की कथा सुनें। पूजा के बाद के महिलाएं भैंस के दूध से बने दही और महुआ को पलाश के पत्ते पर खाती हैं और व्रत का समापन करती हैं। इस व्रत को करने से व्रती को धन, ऐश्वर्य आदि की प्राप्ति होती है। हल षष्ठी का व्रत श्री कृष्ण के जेष्ठ भ्राता बलराम जी को समर्पित है। इस दिन बलराम जयंती भी मनाई जाती है। हर वर्ष ये व्रत भाद्रपद माह में कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि के दिन रखा जाता है।

## पूजा सामग्री की खरीदारी

लखनऊ। हल छठ व्रत को लेकर बाजारों में रौनक देखने को मिली। व्रती महिलाओं ने बुधवार को बाजार में ढाक का पत्ता, तिन्नी चावल, केर्मुआ साग आदि पूजा सामग्री की खरीदारी की। ऐसी मान्यता है कि व्रती महिलाएं इस दिन हल से जोत कर खेत में होने वाले अनाज और सब्जियां नहीं खाती हैं। व्रत में केवल तालाब में पैदा होने वाली वस्तुओं तिन्नी चावल, केर्मुआ साग आदि को खाया जाता है। गाय का दूध या दुग्ध उत्पाद भी इस्तेमाल नहीं होता। व्रती महिलाएं दीवार पर पारंपरिक रूप से छठ माता का चित्र बनाती हैं। गणेश, माता गौरा की पूजा करती हैं। कुछ परिवारों में महिलाएं जमीन लीपकर घर में ही एक छोटा सा तालाब बनाकर, उसमें झरबेरी, पलाश और कांसी पेड़ भी लगाती हैं।

# रंगों और रचनात्मकता के साथ संपन्न 'नवागमन'

वरिष्ठ संवाददाता **(vol)**

**लखनऊ।** डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के वास्तुकला एवं योजना संकाय में आयोजित दो दिवसीय नवागमन ओरिएंटेशन कार्यक्रम का समापन एक रंगमय, प्रेरणादायी और सृजनात्मक कला कार्यशाला के साथ हुआ। कार्यक्रम में प्रथम वर्ष के सभी नवप्रवेशी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए चित्रकला के विविध माध्यमों के जरिए अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मक अभिव्यक्ति को नया आयाम दिया। कला कार्यशाला ने विद्यार्थियों के भीतर सृजनात्मक सोच, सौंदर्यबोध और आत्मविश्वास का संचार किया। रंगों, रेखाओं और आकृतियों के साथ किए गए स्वतंत्र प्रयोगों ने कैनवास पर अनेक आकर्षक कलाकृतियों को जन्म दिया। हर रचना विद्यार्थियों की नई शुरूआत, नए सपनों और रचनात्मक भविष्य की एक जीवंत अभिव्यक्ति बनकर उभरी। सचमुच, रंगों से सजे ये आरंभ उनके सृजनात्मक भविष्य की उज्ज्वल भूमिका बन गए। कार्यक्रम के संयोजक भूपेंद्र कुमार अस्थाना ने बताया कि नवागमन का उद्देश्य विद्यार्थियों को वास्तुकला और दृश्य कला के गहरे संबंधों से परिचित कराना था, ताकि वे कला को केवल एक माध्यम नहीं, बल्कि सोच, संवेदना और सृजन की विस्तृत भाषा के रूप में समझ सकें। दो दिनों की कार्यशाला में विद्यार्थियों ने कैनवास हैंड बैग पेंटिंग, वर्ली पेंटिंग ऑन कैनवास तथा जलरंग चित्रण जैसी कला विधाओं में सक्रिय भागीदारी की। कोलकाता से आए प्रसिद्ध चित्रकार सौरभ शी ने जलरंग माध्यम का विशेष प्रदर्शन प्रस्तुत करते हुए रंगों की पारदर्शिता, टेक्सचर, प्रकाश-छाया और ब्रश तकनीकों की बारीकियाँ साझा कीं। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने जलरंग के व्यावहारिक प्रयोग सीखते हुए अपनी रचनात्मक कृतियाँ तैयार कीं।



## नंदिता मिश्रा बनीं तीज क्वीन



**लखनऊ।** शिवोहम योगा स्टूडियो में तीज उत्सव का आयोजन मंगलवार को बड़ी धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में 60 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेष रूप से लखनऊ की अनेक सम्मानित एवं वरिष्ठ समाजसेविकाओं ने कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज करायी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नम्रता पाठक, पत्नी उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक रहीं। उनके द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता महिलाओं को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किए गए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण तीज क्वीन प्रतियोगिता रही, जिसमें नंदिता मिश्रा को तीज क्वीन चुना गया। इसके अलावा शिवोहम एनर्जी क्वीन, शिवोहम तीज ब्यूटी, मेहंदी क्वीन सहित विभिन्न आकर्षक टाइटल महिलाओं को दिये गये। उत्सव में कजरी, पारंपरिक तीज गीत, डांस एवं विभिन्न मनोरंजक गेम्स का आयोजन हुआ, जिसका महिलाओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ आनंद लिया। पूरा वातावरण तीज की पारंपरिक संस्कृति और महिला शक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

# 'श्याम पिया मोरी रंग दे चुनरिया'... पर दिखा कथक का मनमोहक रूप




वरिष्ठ संवाददाता **(vol)**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश) एवं कथक केन्द्र, लखनऊ द्वारा सुविख्यात कथकाचार्य पं. लच्छू महाराज की स्मृति में दो दिवसीय पारम्परिक कथक नृत्य कार्यक्रम नमन : परम्परा कथक की का आयोजन दिनांक 31 अगस्त और 1 सितम्बर को गोमती नगर विपिन खंड स्थित अकादमी परिसर में स्थित संत गाडगेजी महाराज प्रेक्षागृह में किया गया। इस अवसर पर कथकाचार्य पं. लच्छू महाराज पुष्पांजलि के उपरांत मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग के राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता ने कहा कि पद्य एवं गद्य की तुलना में संगीत अधिक सूक्ष्म स्तर पर चित्त को प्रभावित करता है। निश्चित रूप से यह आयोजन पं. लच्छू महाराज के पावन उद्देश्यों को आगे बढ़ाएगा। मंच पर उपस्थित अतिथियों का स्वागत अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत, उपाध्यक्ष विभा सिंह एवं निदेशक राज कुमार ने किया।

मंगलवार को कथक केन्द्र, लखनऊ की प्रस्तुति से संध्या का आगाज हुआ। नीता जोशी के निर्देशन में गुरु कृपा की आकर्षक प्रस्तुति हुई। इसमें सृष्टि प्रताप, अदिति जायसवाल, केसर सिंह, वैष्णवी अग्निहोत्री, मानवी वर्मा, स्वरा त्रिपाठी, अंशिका कटियार, दिविक्शा तिवारी, अगन्या कटियार, शिखा शाह, वंदना वर्मा, ईशनूर कौर, वारन्या मेहरोत्रा, नंदिनी श्रीवास्तव, पृथा सिंह, सिद्धीक्षा पांडे, समृद्धि पुनिया, अरायना सिंह, ईशानी द्विवेदी ने भाग लिया। सुनील शुक्ला के संचालन में नमन समारोह के दूसरे दिन की प्रस्तुति हुई। कथक के रंग कृष्ण के संग की प्रस्तुति श्रुति शर्मा के निर्देशन में हुई। इसकी शुरूआत कलाकारों द्वारा फुलवा बिनत डार-डार बंदिश से हुई। इसमें सखियों द्वारा डाल-डाल से फूल चुनने के सुंदर 'गत-भाव' को दशार्या गया। इसके साथ ही 'श्याम पिया मोरे रंग दे चुनरिया' के माध्यम से आत्मा का परमात्मा के रंग में रंग जाने के भाव को कथक के खूबसूरत चक्करों के साथ प्रस्तुत किया गया। इस क्रम में ₹रंग रंगीली छैल छबीली रसीलो रसीलो नंदलाल₹ प्रस्तुति के जरिए गोपियों के नटखट अंदाज को कथक के साथ मंच पर उतारा गया। इसमें प्रियम यादव, ऐशनी पाठक, सपना सिंह, मौसम, सृष्टि पांडे, एकता कश्यप, भूमि चौहान, आद्दति शर्मा, वैष्णवी शुक्ला, मौलिषा, कौशिकी, रुचि सिंह, इवा विश्वास ने बेहतरीन संयोजन पेश कर प्रशंसा हासिल की। रजनी वर्मा के निर्देशन में झूला प्रस्तुति देखते ही बनी। इसमें कवित्त, तिहाई, टुकड़ा, परमेलू, परन आदि के साथ राग देस एवं रूपक ताल में पंडित बिंदादीन महाराज जी द्वारा निबद्ध लोकप्रिय रचना झूलत राधे नवल किशोर पर सुंदर भावों का प्रदर्शन पूजा साहू, अर्वंतिका, आरती आर्या, आकृति और कनक ने किया। इन प्रस्तुतियों में गायन एवं संगीत निर्देशन का दायित्व कमलकांत ने निभाया, वहीं तबला वादन डॉ. राजीव शुक्ला, सारंगी वादन अर्चना, बांसुरी वादन दिगंत सैकिया और सितार वादन डॉ. नवीन मिश्रा ने किया। इसके उपरांत लखनऊ की प्रतिष्ठित कथक गुरु एवं नृत्यांगना डॉ. रुचि खरे ने ध्रुपद अंग से अपनी प्रस्तुति की शुरूआत की। इसकी रचना विश्वविख्यात कथक कलाकार पंडित राजेंद्र गंगानी जी ने की है। इसके बोल थे शंकर अति प्रचंड, नाचत कर डमरू बाजे। यह रचना राग मालकौंस में निबद्ध थी। इसके बाद परंपरागत कथक नृत्य के अंतर्गत प्राचीन बंदिशों जैसे ठाट, आमद, परन, तिश्न जाती में जरब, यति, गत निकास के अंतर्गत रुखसार और दुर्गा परन आदि की मनोहारी प्रस्तुतियां देखने को मिलीं। तृतीय प्रस्तुति अष्टपदी थी जिसके बोल थे निरतत ढंग। इस प्रस्तुति में डॉ. रुचि के साथ उनकी प्रतिभाशाली शिष्याओं वैभवी मिश्रा, वैभव लक्ष्मी, मिल्की गुप्ता, रुनझुन सिंह, अत्रांशी सिंह, श्वेता गुप्ता, शैलेन्द्र सिंह कुशवाहा, तनिष्का सक्सेना एवं गार्गी राजगंगा ने भी अपनी तैयारी का सुंदर प्रदर्शन किया।



संक्षेप

## नहर में डूबने से अधेड़ व्यक्ति की मौत

आजमगढ़। पवई थाना क्षेत्र में नहर में डूबने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा भैंस चराने के दौरान हुआ। मृतक सोमवार सुबह घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। परिजन उसकी तलाश में जुटे रहे। मंगलवार को ग्रामीणों ने नहर में शव पड़ा देखा तो पुलिस और परिजनों को सूचना दी। शव की पहचान होने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, राम जोखन (55) पुत्र बंसीराम, निवासी पूरा नर्सिंग, सोमवार सुबह करीब 7 बजे घर से निकले थे। बताया जा रहा है कि वह घर से करीब 800 मीटर दूर नहर के किनारे भैंस चराने गए थे। इसी दौरान किसी तरह वह नहर में गिर गए और डूबने से उनकी मौत हो गई। देर तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने आसपास के इलाकों में उनकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। मंगलवार को नहर के कूड़ा निकासन केंद्र, कोहड़ा के पास ग्रामीणों ने पानी में शव देखा। इसकी सूचना पुलिस और परिजनों को दी गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान राम जोखन के रूप में की। सूचना मिलते ही पवई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है। बताया गया कि मृतक के परिवार में दो पुत्र और एक पुत्री हैं। राम जोखन की मौत की खबर से परिवार में मातम पसर गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सर्प दंश से युवक की मौत

लालगंज, मीरजापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के दुबार कलां चौकी अंतर्गत पतार कलां गांव के चौका मजरे में सोमवार की रात जमीन पर सोते समय एक 18 वर्षीय युवक को सर्प ने डस लिया। जिससे उपचार के दौरान मंडलीय अस्पताल में युवक की मौत हो गई ?। मृतक की पहचान चौका मजरा निवासी लल्लन कोल का 18 वर्षीय पुत्र दीपक कोल के रूप में हुई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरविंद यादव ने बताया कि सोमवार की रात अपने पक्के मकान में जमीन पर युवक सो रहा था इसी दौरान उसे किसी जहरीले सांप ने डस लिया। परिजनों को जानकारी होने पर आनन फानन उपचार के लिए मंडलीय अस्पताल लेकर गए। जहां उपचार के दौरान मंगलवार दोपहर बाद मौत हो गई। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। मृतक की मां का 4 साल पहले ही देहांत हो गया था। युवक के मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## गायब युवक की मिली लाश

जौनपुर। खुटहन थाना क्षेत्र के मुजक्कीपुर गांव में 3 दिनों से लापतायुवक का शव मंगलवार को घर से कुछ दूरी पर मिलने की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। मृतक की पहचान 30 वर्षीय दीपक विश्वकर्मा पुत्र सुरेंद्र विश्वकर्मा के रूप में हुई। दीपक फर्नीचर का काम करता था। परिजनों के अनुसार वह 30 अगस्त की सुबह करीब पांच बजे घर से निकले था फिर वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बावजूद उनका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए पोस्टर भी लगवाये थे। मंगलवार को घर से कुछ दूरी पर दीपक का शव पड़ा होने की जानकारी ग्रामीणों को हुई। सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है।

## दो विद्युत पोल गिरे विद्युत आपूर्ति ठप

जौनपुर। जफराबाद क्षेत्र के जमैथा गांव में सोमवार की देर रात को दो विद्युत खम्भे गिर गए। खम्भों की चपेट में आकर दो पेड़ भी गिर गए। संयोगवश कोई बड़ी घटना नही हुई। उक्त गांव के पोखरा पर बस्ती में जाने वाले सड़क पर देर रात को अत्याधिक हुई बारिश के कारण दो खम्भे गिर गए। एक खम्भा तो एक व्यक्ति के मकान के पास टूटकर गिरा। रात के कारण आवाजाही नही थी अन्यथा बड़ी घटना भी हो सकती थी। सैकड़ों घरों की विद्युत आपूर्ति ठप है। गांव के लोगों ने बिजली विभाग को सूचना दे दिया है। बिजली विभाग द्वारा विद्युत आपूर्ति काट दी गई है।

# लगातार बारिश से बढ़ा नदियों का जलस्तर, जिला प्रशासन अलर्ट



सोनभद्र। जनपद में लगातार हो रही बारिश के कारण बांधों, नदियों और पहाड़ी जलधाराओं में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है।

जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने संबंधित अधिकारियों को बांधों एवं नदियों के जलस्तर पर लगातार नजर रखने तथा तटीय और निचले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को समय रहते सतर्क करने के निर्देश दिए हैं। वर्तमान स्थिति में रिहंद बांध का एक गेट खोला जा चुका है, जबकि दूसरा गेट खोलने की प्रक्रिया जारी है। इसके बाद ओबरा बांध के तीन गेट 9 फीट तक खोला गया। इससे नदियों के जलस्तर और बहाव में वृद्धि होने की संभावना है। इसे देखते हुए नदी तटीय क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। संभावित बढ़े जलप्रवाह को लेकर प्रशासन की टीमें क्षेत्र में लोगों को लगातार जागरूक कर रही हैं। चकाड़ी में थाना प्रभारी ने स्थानीय नागरिकों के बीच पहुंचकर स्थिति की जानकारी दी और नदी तट, निचले इलाकों तथा तेज बहाव वाले स्थानों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि सोनभद्र की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए लगातार बारिश के दौरान पहाड़ी नालों और बरसाती जलधाराओं में अचानक पानी बढ़ सकता है। ऐसे में लोग किसी भी उफनते नाले, नदी अथवा तेज बहाव वाले रास्ते को पार करने का प्रयास न करें। बच्चों और पशुओं को भी नदी-नालों के आसपास न जाने दें। उन्होंने कहा कि जनपदवासियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिला प्रशासन द्वारा स्थिति की सतत निगरानी की जा रही है और संबंधित विभागों को पूरी सतर्कता के साथ आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने नागरिकों से अपील की कि वे अफवाहों से बचें, केवल प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें तथा नदी-नालों और जलप्रवाह वाले क्षेत्रों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। लगातार बारिश के दृष्टिगत सभी जनपदवासी विशेष सावधानी बरतें। नदी-नालों और तेज जलप्रवाह वाले क्षेत्रों से दूर रहें। सतर्कता और सावधानी ही सुरक्षा का सबसे प्रभावी उपाय है।

## बेलवनिया में तालाब की बंधी टूटने से जलजमाव



सोनभद्र। जिले के ग्राम बेलवनिया, तहसील घोरावल में मंगलवार को लगभग 200 से 250 बीघे क्षेत्रफल वाले नकटी निबहवा तालाब की बन्धी टूटने से गांव में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। पानी बढ़ने से 11 परिवारों के घरों में पानी प्रवेश कर गया। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देश पर प्रशासन ने तत्परता से राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। प्रशासनिक टीम ने प्रभावित क्षेत्र में पहुंचकर सर्वप्रथम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की। पानी से प्रभावित सभी 11 परिवारों को सुरक्षित निकालकर नजदीकी पंचायत भवन में अस्थायी रूप से ठहराया गया है, जहां उनके भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी व्यवस्था की गई है।

प्रभावित परिवारों में बबूंदर पुत्र नन्हकू, बाबूलाल पुत्र नन्हकू, बंधु पुत्र वीरू, हुकुम अली पुत्र अली कासी, अबू हुसैन पुत्र हमीद, तौलन पुत्र सादिक, आजाद पुत्र शमीउल्लाह, छोटेलाल पुत्र मक्खन राम, भरत लाल पुत्र पतिराम, नखडू पुत्र राम जियावन एवं अमृत लाल पुत्र रामविलास के परिवार शामिल हैं। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि प्रभावित परिवारों की सुरक्षा एवं आवश्यक सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी न रहे। जल निकासी का कार्य तेजी से कराया जाए तथा प्रत्येक प्रभावित परिवार को नियमानुसार आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए। मौके पर उप जिलाधिकारी घोरावल एवं पुलिस टीम मौजूद रहकर राहत कार्यों एवं स्थिति की निगरानी कर रही है। गांव में जमा पानी की निकासी का कार्य लगातार जारी है। स्वास्थ्य संबंधी किसी भी आवश्यकता के त्वरित समाधान के लिए मेडिकल टीम भी मौके पर पहुंच चुकी है। प्रभावित परिवारों के लिए भोजन एवं आवश्यक राहत किट की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है और उनका वितरण कराया जा रहा है।

## बारिश से 7-8 घर धराशायी, दहशत में ग्रामीण



मड़िहान, मीरजापुर। जिले के विभिन्न हिस्सों में पिछले चौबीस घंटों से हो रही बारिश ने जमकर तबाही मचाई है। मड़िहान थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बेदौली में भारी बारिश ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

लगातार हो रही बारिश के चलते गांव में कच्चे और जर्जर मकानों के गिरने का सिलसिला जारी है। अब तक करीब 7 से 8 घर गिरकर धराशायी हो चुके हैं, जिससे ग्रामीणों में भय और चिंता का माहौल है। बारिश के कारण मिट्टी की दीवारें और मकानों की नींव कमजोर होने से कई घरों के गिरने का खतरा बना हुआ है। घर गिरने से प्रभावित परिवारों के सामने रहने और घरेलू सामान को सुरक्षित रखने की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। बारिश से प्रभावित लाभार्थियों में कुसुम पत्नी मनोज, रंजीत पुत्र लल्लू, अनिल पुत्र रमेश, सरिता पत्नी शीता, मड़ी, हृदयनारायण पुत्र जगरोपण, दीपक पुत्र कमला तथा अर्जुन पुत्र बच्चूलाल शामिल हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि बारिश इसी तरह जारी रही तो कई और मकान गिर सकते हैं। लोगों ने प्रशासन से तत्काल मौके का निरीक्षण कर प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थान, आर्थिक सहायता और आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की है।

## सर्किल रेट की नयी सूची के विरोध में वकीलों ने किया प्रस्ताव पारित




लालगंज, मीरजापुर। उपरौध अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मौर्य के अध्यक्षता में अधिवक्ता सभागार में एक आवश्यक बैठक की गई। बैठक में उप निबंधक कार्यालय के द्वारा सर्किल रेट के नई सूची जारी किए जाने की विरोध में प्रस्ताव पारित किया गया प्रस्ताव की कॉपी उप जिलाधिकारी अजीत कुमार एवं उपनिबंधक महोदय को सोपा गया कहां की यदि सर्किल रेट वापस नहीं लिया जाता है तो हम लोग आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। उप निबंधक कार्यालय लालगंज द्वारा सर्किल रेट बढ़ाए जाने से नाराज होकर अधिवक्ता एवं बादकारी तहसील का चक्रमण करते हुए विरोध जताया कहा कि सर्किल रेट बढ़ोतरी आम जनमानस के लिए बड़ी समस्या है जिसे वापस लिया जाए। अधिवक्ताओं ने तहसील का चक्रमण करते हुए उप निबंधन को चेतावनी दी की यदि वापस नहीं लिया जाता है तो हम लोग मजबूर होकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन की कॉपी उप जिलाधिकारी अजीत कुमार व उपनिबंधक लालगंज को सौपा गया। इस अवसर पर सचिव उमाशंकर सिंह पटेल, विजय सिंह मौर्य, शिव शंकर यादव, उमेश चंद द्विवेदी, स्वयं प्रकाश त्रिपाठी, अनुराग मिश्रा, विपिन तिवारी, शिवम कुमार पांडे, सत्येंद्र त्रिपाठी, अनिल कुमार दुबे, मनीष कुमार शुक्ला, राजेश कुमार आदि भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## तीसरी बार बहा वैकल्पिक मार्ग, मचा हाहाकार

सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के घुर्मा-मारकुण्डी इलाके में पिछले तीन दिनों से लगातार मुसलाधार बारीश ने जन जीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। लगातार बारीश के कारण ताल, तलैया, नदी, नाले उफान पर हैं। घाघर बैराज का बांध खोले जाने के बाद घाघर नदी का बहाव और जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। घाघर नदी के तेज बहाव के चपेट में आने से मारकुण्डी जिला जेल को जोड़ने वाला मुख्य वैकल्पिक सम्पर्क मार्ग एक बार फिर टूटकर बह गया। यह मार्ग तीसरी बार नदी के तेज बहाव में बहा है। मार्ग बंद होने से ग्रामीणों, स्कूली बच्चों, बुजूर्गों और मरीजों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सलखन गांधी स्मारक निधि से दिपचन्द भारती के घर तक पूरी बस्ती क्षेत्र जलमग्न हो गया है। बस्ती में पानी में भर जाने से लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। कई परिवारों के सामने रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने और सुरक्षित स्थानों तक पहुंचने की समस्या खड़ी हो गयी है। उधर मारकुण्डी मुख्य राज मार्ग स्थित अवईं ओबरी बस्ती में भी पानी भर गया है। वाराणसी-शक्तिनगर मुख्य मार्ग पर कई स्थानों पर पानी का तेज बहाव शुरू हो गया है। जिससे छोटे बड़े वाहनों के आवागमन में भी परेशानी हो रही है। लगातार बढ़ते जलस्तर और मार्गों पर पानी के तेज बहाव से क्षेत्र वासियों में दहशत और चिंता का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावी क्षेत्रों में तत्काल राहत पहुंचाने के साथ ही क्षतिग्रस्त मार्ग पर आवागमन की वैकल्पिक व्यवस्था कराने की मांग की है।

## दिव्यांग बच्चों संग मनाया समावेशी रक्षाबंधन



जौनपुर। सक्षम द्वारा सृजन संस्था, सुंगुलपुर में समावेशी रक्षाबंधन कार्यक्रम काआयोजन किया गया। दिव्यांग बच्चों ने उपस्थित पदाधिकारियों एवं अतिथियों को रक्षासूत्र बांधकर रक्षाबंधन का पावन पर्व उल्लास के साथ मनाया। संस्था के पदाधिकारियों ने बच्चों को स्नेह, उपहार एवं मिष्ठान देकर उनका उत्साहवर्धन किया और समाज में समावेशी माहौल तैयार करने का संकल्प दोहराया। डॉ. उत्तम गुप्ता जिला अध्यक्ष, सक्षम सचिव विक्रांत, डॉ. साधना मौर्य किशन डॉ. संजय मिश्रा मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष डॉ. उत्तम गुप्ता ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाना ही इस पर्व की सच्ची सार्थकता है और संगठन निरंतर उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत रहेगा।

## बाइक से गिरकर घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

म्योरपुर, सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के बलियारी गाँव मे एक सप्ताह पहले बाईक से अनियंत्रित होकर गिरे युवक का इलाज के दौरान सोमवार को वाराणसी स्थित एक निजी अस्पताल मे मौत हो गयी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के जाम पानी निवासी देवलाल पुत्र रामरत्ती जो एक सप्ताह पहले म्योरपुर से जामपानी जा रहा था बलियारी के पास अनियत्रित हो पेड़ से टकरा गया जिससे उसके सर पर गंभीर चोट आई जिसे सीएचसी म्योरपुर भर्ती कराया गया था स्तिथि गंभीर होने के कारण चिकित्सक ने अच्छे उपचार के लिए जिलाअस्पताल रेफर कर दिया था वहाँ से युवक को वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया था सोमवार को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी मृतक के भाई के तहरीर पर म्योरपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को सील कर अंत्यपरीक्षण के लिऐ दुद्धी भेज दिया। इस मामले मे म्योरपुर थाने के एस. आई श्याम देव यादव ने बताया की युवक स्वतः अनियंत्रित हो बाईक से गिर गया था जिससे उसकी मौत हो गई है भाई के तहरीर पर मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी भेज दिया गया है।

## नयी मूल्यांकन सूची पर 7 तक सुझाव व आपत्तियां आमंत्रित

सोनभद्र। जनपद में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नई मूल्यांकन सूची (सर्किल रेट) तैयार की जा रही है। इसके लिए उपजिलाधिकारियों एवं उपनिबंधकों द्वारा क्षेत्रवार संशोधन, परिवर्तन एवं विलोपन संबंधी प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। मूल्यांकन सूची तैयार करते समय खसरा संख्या आधारित अद्यतन आंकड़ों, भूमि की वास्तविक उपयोगिता, क्षेत्रीय परिस्थितियों तथा प्रचलित बाजार दरों को आधार बनाया गया है, ताकि संपत्तियों का मूल्यांकन अधिक यथार्थपरक एवं पारदर्शी हो सके। पूर्व में प्रकाशित प्रस्तावित मूल्यांकन सूची पर प्राप्त सुझावों एवं आपत्तियों का परीक्षण किया गया है तथा आवश्यक संशोधन किए गए हैं। अब संशोधित मूल्यांकन सूची को 15 सितंबर,2026 से लागू किया जाना प्रस्तावित है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निदेशानुसार 01 सितंबर, 2026 से संशोधित मूल्यांकन सूची जनसामान्य के निरीक्षण हेतु संबंधित उपनिबंधक एवं तहसीलदार कार्यालयों में उपलब्ध करा दी गई है। जिलाधिकारी ने आमजन, जनप्रतिनिधियों एवं अन्य संबंधित हितधारकों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र की मूल्यांकन सूची का अवलोकन करें।

## निखरेगी आस्था, संवरेंगे विद्यालय और रोशन होंगे गांव

सोनभद्र। जनपद में आस्था के केंद्रों के संरक्षण-संवर्धन के साथ शिक्षा और ग्रामीण जनसुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में बड़ी पहल की गई है। लगभग 5 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से अति प्राचीन अमिला माता मंदिर का कायाकल्प, चार गांवों में सोलर स्ट्रीट लाइट तथा तीन सरकारी विद्यालयों का सुदृढ़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। सभी कार्य ग्रीनको एनर्जी के सीएसआर मद से प्रस्तावित हैं।

जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि क्षेत्र की आस्था से जुड़े अति प्राचीन अमिला माता मंदिर को उसकी धार्मिक महत्ता के अनुरूप सुविधायुक्त स्वरूप दिया जाएगा। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ की जाएगी। ठहरने के लिए गेस्ट रूम, सुगम आवागमन के लिए इंटरलॉकिंग तथा धूप एवं वर्षा से बचाव के लिए टीन शेड का निर्माण कराया जाएगा। उद्देश्य है कि मंदिर की गरिमा एवं मूल स्वरूप को बनाए रखते हुए यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों। ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रिकालीन आवागमन को अधिक सुगम बनाने के लिए बैजनाथ, पिंडारी, चकरिया एवं गड़वा में सोलर स्ट्रीट लाइटें स्थापित की जाएंगी। गांवों की गलियों एवं प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर सौर ऊर्जा आधारित प्रकाश व्यवस्था विकसित होने से ग्रामीणों को बेहतर सुविधा मिलेगी और परंपरागत विद्युत पर निर्भरता भी कम होगी। इसी पहल के तहत बैजनाथ, पिंडारी एवं चकरिया के सरकारी विद्यालयों का भी कायाकल्प होगा। विद्यालयों की बाउंड्रीवॉल का दुरुस्तीकरण करने के साथ कक्षाओं एवं परिसर को सुसज्जित किया जाएगा। बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन तैयार करने हेतु पृथक कक्ष तथा स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित शौचालय सहित आवश्यक सुविधाओं का विकास किया जाएगा।

जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि विकास कार्यों का वास्तविक उद्देश्य ऐसी स्थायी सुविधाएं तैयार करना है, जिनसे आमजन के जीवन में प्रत्यक्ष बदलाव दिखाई दे। आस्था के केंद्रों पर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलें, बच्चों को अच्छा शैक्षणिक वातावरण मिले और गांवों में मूलभूत सुविधाएं मजबूत होंकृइसी दृष्टिकोण से इन कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। ग्रीनको एनर्जी के सीएसआर सहयोग से प्रस्तावित करीब 5 करोड़ रुपये के इन कार्यों के पूर्ण होने पर क्षेत्र में एक साथ आस्था, शिक्षा और ग्रामीण आधारभूत सुविधाओं को नई मजबूती मिलेगी।

## आयु सीमा संशोधन का वकीलों ने किया विरोध



जौनपुर । कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को अधिवक्ता संघ के पूर्व महामंत्री लाल बहादुर के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन अधिवक्ता संघ द्वारा प्रस्तावित आयु सीमा संशोधन के विरोध में था। अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर का भ्रमण कर अपनी मांगें प्रस्तुत कीं। अधिवक्ता शैलेन्द्र यादव ने बताया कि अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रस्तावित आयु सीमा संशोधन का विरोध किया है।

संघ के अध्यक्ष और महामंत्री ने उम्र संबंधी एक संशोधन प्रस्ताव पारित किया था, जिस पर 439 अधिवक्ताओं ने अपनी असहमति व्यक्त की थी। इन 439 अधिवक्ताओं ने हस्ताक्षर कर अध्यक्ष और महामंत्री को एक प्रार्थना पत्र सौंपा था। इसमें उन्होंने एक बैठक बुलाकर अपनी बात सुनने और उसके बाद ही कोई निर्णय लेने का अनुरोध किया था। हालांकि, 10 से 15 दिन बीत जाने के बाद भी अध्यक्ष और महामंत्री ने इस मामले पर कोई संज्ञान नहीं लिया। अधिवक्ताओं की मुख्य मांग है कि संघ के मौजूदा बायलॉज में आयु अस्वीकृति की कोई व्यवस्था मौजूद नहीं है। उनका आरोप है कि कुछ लोग जबरदस्ती इस व्यवस्था को लागू करना चाहते हैं। अधिवक्ताओं ने इसे चंद लोगों की मिलीभगत करार दिया।

## रविंद्र श्रीवास्तव के निधन से पत्रकारों में शोक

जौनपुर। वरिष्ठ पत्रकार व संपादक रविंद्र नाथ श्रीवास्तव के निधन से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई। दिवंगत पत्रकार को श्रद्धांजलि देने के लिए कलेक्ट्रेट स्थित पत्रकार भवन में शोकसभा आयोजित की गई। इस दौरान पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोकसभा में वक्ताओं ने कहा कि रविंद्र नाथ श्रीवास्तव का निधन पत्रकारिता जगत के लिए अत्यंत दुःखद और अपूरणीय क्षति है। उन्होंने लंबे समय तक पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए अपनी विशिष्ट पहचान बनाई और पत्रकारिता की सेवा की। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार विजय मिश्रा, शशि राज सिन्हा, सोनू उपाध्याय, तबरेज नियाजी, अजय पांडेय, सुनील सिंह, संतोष राय, रविंद्र मिश्रा, शशिकांत मौर्य, बख्तियार आलम, यशवंत गुप्ता, रामचंद्र नागर, सुभाष चंद्र गौतम, अमित मिश्रा, विकास तिवारी, रोहित चैबे, अनवर सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

## भाजपा नगर अध्यक्ष ने वन विभाग से की कार्रवाई की मांग

आजमगढ़। शहर के विभिन्न इलाकों में खड़े सूखे पेड़ों और सड़क की ओर झुकी भारी डालियों से हादसे की आशंका को लेकर भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष मृगांक शेखर सिन्हा ने प्रभागीय वनाधिकारी को पत्र भेजकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। पत्र में उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में कई स्थानों पर सूखे पेड़ खड़े हैं, जबकि कई हरे पेड़ों की भारी डालियां सड़क की ओर लटकी हुई हैं। आंधी और बारिश के मौसम में ऐसे पेड़ और डालियां जनसुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकती हैं। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व कोतवाली के बगल में एक पेड़ की सूखी डाली गिरने से कुछ वाहनों को नुकसान भी हुआ था। मृगांक शेखर सिन्हा के अनुसार निरंकारी मंदिर के सामने, रैदोपुर स्थित आबकारी कार्यालय के बगल में, मेहता पार्क और कोतवाली के आसपास समेत कई स्थानों पर अभी भी सूखे पेड़ खड़े हैं। उन्होंने आशंका जताई कि समय रहते इन्हें नहीं हटाया गया तो किसी दिन जनहानि हो सकती है। उन्होंने कहा कि पेड़ या भारी डालियां गिरने से बिजली आपूर्ति और यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होती है, जिससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने वन विभाग से नगर क्षेत्र में खड़े सूखे पेड़ों और खतरनाक भारी डालियों को चिह्नित कर हटाने की मांग की, ताकि संभावित जनहानि के साथ-साथ सरकारी संसाधनों पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को भी रोका जा सके।

## दहेज प्रताड़ना में पति समेत पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

आजमगढ़। बिलरियागंज थाना की पुलिस ने दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के आरोप में पांच लोगों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर की है। बिलरियागंज थाना क्षेत्र के निवासी आशीष सिंह ने आरोप लगाया कि उनकी बहन आशा सिंह की शादी तीन साल पूर्व रौनापार थाना क्षेत्र के तिवारीपर निवासी दीन सिंह के साथ हुई है। शादी के बाद आशा सिंह अपने पति के साथ ससुराल चली गई। बाद में वह पति और ससुर के साथ दिल्ली में रहने लगी। उसे दो बच्चे है, ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर आशा को प्रताड़ित करने लगे। बच्चे सहित उसे मायका में छोड़ दिया। फोन पर आए दिन घमकी दे रहे है। बिलरियागंज थाना की पुलिस ने विवाहिता के पति, सास, ससुर सहित पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## गंगा का जलस्तर बढ़ा, चेतावनी बिंदु के करीब पहुंचा पानी, तटवर्तीय इलाकों में भय

मीरजापुर। जिले के गंगा नदी के तटवर्तीय इलाकों में हाहाकार मच गया है। गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर ने सभी की बेचैनियां बढ़ा दी है। प्रशासन द्वारा बाढ़ चौकियों को सतर्क करने के साथ ही तटवर्तीय गांवों के लोगों को भी निरंतर आगाह किया जा रहा है ताकि किसी भी तरह की जन-धन की हानि न होने पाएं। जिले में लगातार बढ़ाव की ओर बढ़ रही गंगा नदी का जलस्तर एक बार फिर तेजी से बढ़ने लगा है। सिंचाई विभाग के अनुसार गंगा 6 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रही है। जिले में गंगा का वर्तमान जलस्तर 73.68 मीटर दर्ज किया गया है। चेतावनी बिंदु 76.724 मीटर और खतरे का निशान 77.724 मीटर है। गंगा नदी के पानी में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए जिला प्रशासन एवं सिंचाई विभाग द्वारा तटवर्ती इलाकों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। विख्यात देवी धाम विंध्याचल में निमार्णाधीन विंध्य की पैड़ी पूरी तरह डूब गई है। प्रशासन ने सभी जिले की 37 बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया है। स्वयं जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार लगातार बाढ़ प्रभावित इलाकों से लेकर गंगा नदी के तटवर्तीय इलाकों का भ्रमण करते हुए हालात का जायजा लेते हुए देखे जा रहे हैं।

## विधवा के घर की दीवार ढही, रहने का संकट




जौनपुर। केराकत के डोभी क्षेत्र के विशुनपुर गांव में लगातार बारिश के कारण एक विधवा के कच्चे मकान की दीवार गिर गई। इस घटना से महिला के सामने रहने का संकट खड़ा हो गया है। पीड़िता ने प्रशासन से मौके का निरीक्षण कर आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है। विशुनपुर गांव की निवासी संतारा देवी, जो अकेली रहती हैं, ने बताया कि लगातार बारिश से मिट्टी की दीवार कमजोर हो गई थी और अचानक ढह गई। जिस कमरे की दीवार गिरी है, उसी में वह सोती थीं और खाना बनाती थीं। दीवार पर करकट भी रखा हुआ था। संतारा देवी ने बताया कि दीवार गिरने के बाद उन्हें घर में रहने में डर लग रहा है, क्योंकि मकान का शेष हिस्सा भी कमजोर हो चुका है और किसी भी समय दुर्घटना होने का खतरा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि इस घटना से उन्हें काफी नुकसान हुआ है और अब उनके सामने सुरक्षित आवास की समस्या आ गई है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लेने और पीड़ित विधवा महिला को नियमानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

## आदर्श रामलीला समिति के तत्वावधान में मंचन को लेकर समिति की बैठक

लालगंज, मीरजापुर। स्थानीय विकासखंड क्षेत्र के गंगहरा कलां गांव में विगत कई वर्षों से श्री आदर्श रामलीला समिति के तत्वावधान में रामलीला का मंचन किया जाता है। मंचन को लेकर समिति के अध्यक्ष के नेतृत्व में पदाधिकारीयों एवं सदस्यों की एक बैठक बीती रात संपन्न हुई। बैठक के बाद मंचन के रिहर्सल का आयोजन किया गया। बैठक की जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र दुबे ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामलीला के आयोजन की तैयारियां प्रारंभ हो गई है। समिति के पदाधिकारीयों एवं सदस्यों की एक बैठक कर सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि 5अक्टूबर 2026 से 21 अक्टूबर 2026 तक रामलीला का मंचन किया जाएगा। बैठक में सभी कार्यकर्ता अपनी अपनी ड्यूटियां निभाने की सहमत प्रदान किये। बताया कि 5 अक्टूबर को रामलीला का मंचन शुरू किया जाएगा। 20 अक्टूबर को रावण वध एवं दहन किया जाएगा। 21 अक्टूबर को श्री राम का राजतिलक कराया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष ज्ञानेंद्र दुबे, जयप्रकाश दुबे, राधे मोहन चौबे, जगत नारायण दुबे, राहुल पांडे, गेंदा प्रसाद दुबे, लाला चौबे, संतोष दुबे, बृजभूषण चौबे, देवी शंकर तिवारी, गौरव दुबे, मंटू दूबे, धर्मेंद्र चौबे, अक्षयवर दुबे, संजय, दुर्गेश तिवारी, प्रवीण कुमार दुबे, सत्यम दुबे आदि मौजूद रहे।

## यूजीसी के नियम तत्काल वापस होने चाहिए

जौनपुर । कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। मोर्चा की मुख्य मांग है कि यूजीसी के सभी विवादित नियमों और दिशा-निदेशों को तुरंत वापस लिया जाए, क्योंकि ये छात्रों और शिक्षा व्यवस्था के




हितों के प्रतिकूल हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने उच्च शिक्षा संस्थानों में विद्यार्थियों और अध्यापकों के लोकतांत्रिक अधिकारों एवं स्वायत्तता की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। मोर्चा ने शिक्षा के व्यापारीकरण पर रोक लगाने और सभी वर्गों के छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण व सुलभ शिक्षा सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। मोर्चा ने संबंधित अधिकारियों से जनहित और छात्रहित को सर्वोपरि रखते हुए यूजीसी के इन नियमों को तत्काल वापस लेने का आग्रह किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा जनहित में शांतिपूर्ण आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

संक्षेप

## दो दिन मथुरा में रहेंगे सीएम योगी

**मथुरा।** सीएम योगी आदित्यनाथ तीन और चार सितंबर को मथुरा प्रवास करेंगे। मुख्यमंत्री तीन सितंबर को दोपहर करीब एक बजे राजकीय हेलीकॉप्टर से वृंदावन स्थित हेलीपैड पवनहंस पहुंचेंगे। इसके बाद कार से भक्ति स्थल मार्ग का भ्रमण और निरीक्षण करेंगे। वह वृंदावन के गीता शोध संस्थान में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। दोपहर 2:30 से 3:30 बजे तक उप्र. ब्रज तीर्थ विकास परिषद की समीक्षा बैठक में शामिल होंगे। दोपहर 3:30 से पांच बजे तक गीता शोध संस्थान में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर लोकार्पण-शिलान्यास, पौधारोपण और साधु-संतों का सम्मान करके परियोजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री बांके बिहारी मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे, जबकि रात को पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान के अतिथि गृह में विश्राम करेंगे। अगले दिन चार सितंबर को सुबह करीब 10 बजे मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण जन्मभूमि पहुंचकर गो-पूजन और दर्शन-पूजन करेंगे। इसके बाद हेलीकॉप्टर से लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

## मैया कर दै मेरौ ब्याह, मंगाय दै दुल्हन गोरी सी

**मथुरा।** ब्रज संस्कृति संगीत समिति के तत्वावधान में आयोजित किये जा रहे अष्टयाम गायन सेवा महोत्सव के प्रथम दिवस निकुंजवन सेवाकुंज में ब्रज रसिक जेएसआर मधुकर द्वारा प्रिया-प्रियतम के विवाह एवं झूलन के पदों का गायन किया गया। बॉलीबुड पार्श्व गायिका महालक्ष्मी अययर की जुगलबंदी ने अष्टयाम रस के गायन में अभिवृद्धि की। जिसे सुनकर रसिक श्रोतागण भाव-विह्वल हो निकुंज रस से ओतप्रोत हो गये। विहरत दोऊ दिए गल बांही, चलो, चलो री किशोरी वृन्दावन में, राधा चल झूलन की ओर, दोऊ जन भीजे अटके बातन, अब राधा रानी डे डारो बंसी मोरी, छाय रही अजब बहार रे, मैया कर दे मेरौ ब्याह, मंगाए दे दुल्हन गोरी सी और आओ मेरी सखियां मुझे मेहंदी लगा दो जैसे विवाह मंगल और झूलन के पदों का गायन किया। दोनों गायकों ने कई कृतियों के गायन में अपनी जुगलबंदी से श्रद्धालु श्रोताओं का मन मोह लिया। गायिका महालक्ष्मी अय्यर को देखने तथा उनके द्वारा ब्रज रस का गायन सुनने के लिए मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान भावना सखी, शशि सखी, लक्ष्य व मयंक मधुकर ने वाणियों के गायन में जुगलबंदी की।

## ट्रेन के साथ घिसट रहा था युवक, सिपाही ने बचायी जान

**मथुरा।** जिंदगी और मौत के बीच महज कुछ पलों का फासला था। चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में एक यात्री का संतुलन बिगड़ा और वह ट्रेन के गेट से लटक गया। नीचे पटरी और तेजी से आगे बढ़ती ट्रेन को देख आसपास मौजूद लोगों की सांसें थम गईं। ऐसे नाजुक क्षण में आरपीएफ कांस्टेबल हरकेश मीना देवदूत बनकर सामने आए और अपनी जान की परवाह किए बिना यात्री को सुरक्षित खींच लिया। उनकी तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया। घटना 31 अगस्त की है। मथुरा जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर चार से ट्रेन संख्या 14726 मथुरा-भिवानी पैसेंजर रवाना हो रही थी। इसी दौरान पीछे के जनरल कोच में एक यात्री ने चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किया। पैर फिसलने से वह संतुलन खो बैठा और ट्रेन के गेट से लटक गया।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि में रासलीला महोत्सव का शुभारंभ



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि के सिद्ध लीला मंच पर सोमवार की देरसायं को पारंपरिक शास्त्रीय नियमों और ब्रज की समृद्ध परंपराओं के अनुरूप श्रीकृष्ण लीलाओं का रासलीला महोत्सव आरंभ हो गया है। महोत्सव के प्रथम दिन सुप्रसिद्ध रासाचार्य स्वामी देवकीनन्दन महाराज की मंडली द्वारा प्रस्तुत माखन चोरी लीला के सजीव मंचन ने उपस्थित श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों को भाव-विभोर कर दिया। लीला के दौरान कन्हैया द्वारा मटकी फोड़ने और श्रद्धालुओं के मध्य प्रसाद वितरण के मनोरम दृश्यों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर रासाचार्य स्वामी देवकीनन्दन ने माखन चोरी लीला का सुंदर मर्म समझाते हुए कहा कि गौरस (दूध-माखन) का संचय करना उचित नहीं है, बल्कि अपने आसपास के क्षेत्र में आवश्यकतानुसार ग्वाल-बालों में उसका वितरण करना ही श्रेष्ठ है। यदि मनुष्य इस भाव को अपने जीवन में अपना ले, तो समाज में दूध, घी और खाद्य वस्तुओं का संकट कभी उत्पन्न नहीं होगा।

पाँच दिवसीय इस धार्मिक और सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ श्रीगणपति-नवग्रह पूजन, श्रीहनुमान चालीसा के सस्वर पाठ और श्रीराधाकृष्ण युगल सरकार की आरती के साथ हुआ। इस अवसर पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा-संस्थान के सचिव श्री कपिल शर्मा, प्रबंध समिति के सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी श्रीकृष्ण लीला मंडल के प्रतिनिधि श्री मुकेश खण्डेलवाल (एडवोकेट), कन्हैया लाल रंग वाले, ब्रजकिशोर घी वाले, महेश चन्द्र प्रेस वाले, अनिलभाई ड्रेस वाले, गौरव अग्रवाल और राजीव गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि के लीला मंच को पत्र, पुष्प, वस्त्रों और आकर्षक प्रकाश व्यवस्था (लाइटिंग) के साथ बेहद भव्य एवं दिव्य रूप से सजाया गया है, जिससे पूरा परिसर जगमग हो उठा है। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान एवं श्रीकृष्ण लीला मंडल ने सभी श्रद्धालुओं और ब्रजवासियों से अनुरोध किया है कि वे इस पंचदिवसीय आयोजन में प्रतिदिन सायं 7 बजे से पधारकर ठाकुरजी की इन दिव्य लीलाओं के दर्शन करें और पुण्य लाभ अर्जित करें।

## नाम बदलकर किरायेदार बना चोर मौका मिलते ही उड़ाये लाखों के जेवर

**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद पुलिस और सर्विलांस टीम ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपना नाम बदलकर किरायेदार के रूप में मकान में कमरा लिया था और रक्षाबंधन के दौरान परिवार के बाहर जाने का इंतजार कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए सोने के आभूषणों के साथ 315 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस के अनुसार आवास विकास कॉलोनी निवासी मुन्नालाल 28 अगस्त को परिवार सहित जसवंतनगर स्थित अपनी ससुराल गए थे। वापस लौटने पर मकान के मुख्य गेट का ताला खुला मिला और अलमारी के लॉक टूटे हुए थे। अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। जांच के दौरान पता चला कि 15 अगस्त को विनय नाम के व्यक्ति ने उनके मकान में किरायेदार के रूप में कमरा लिया था, जो घटना के बाद से फरार था। मामले में थाना शिकोहाबाद पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस टीम ने वांछित आरोपी की तलाश में चेकिंग अभियान चलाया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 1 सितंबर की रात असुवा रोड नौशहरा मोड़ से जमील अहमद उर्फ मोनू पुत्र अहमद हुसैन निवासी फरीदाबाद, हरियाणा हाल निवासी उखरेण बाईपास एनएच-19 सिरसागंज को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस तथा काले रंग के बैग से चोरी किए गए जेवरात बरामद हुए। इनमें नेकलेस सेट, दो टॉप्स, दो झुमकी, पेंडल व चेन, तीन लेडीज अंगूठियां, मंगलसूत्र और चूड़ी के 16 टुकड़े शामिल हैं। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने 15 अगस्त को अपना नाम विनय बताकर मकान में किराये पर कमरा लिया था। चोरी करने के उद्देश्य से वह रक्षाबंधन के अवसर का इंतजार कर रहा था। 28 अगस्त को परिवार के घर से बाहर जाने के बाद उसने अलमारी का लॉक तोड़कर जेवरात चोरी कर लिए। चोरी का माल बेचने की फिराक में रहते समय पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरी का माल बरामद होने पर संबंधित मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की है। वहीं तमंचा और कारतूस बरामद होने के संबंध में आर्म्स एक्ट के तहत अलग मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया है। कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार, सर्विलांस प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार, उपनिरीक्षक तसव्वुर अली, उपनिरीक्षक आदेश कुमार सहित थाना शिकोहाबाद और सर्विलांस सेल के पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया विमुक्त जाति दिवस



**फिरोजाबाद।** जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय वजीरपुर जेहलपुर में विमुक्त जाति दिवस अत्यंत ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। जिसमें, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भगवान बिरसा मुंडा को नमन कर उनके ऐतिहासिक संघर्ष एवं देश के प्रति अविस्मरणीय योगदान को याद किया और सामाजिक समरसता, समानता और सभी वर्गों के सम्मान का संकल्प लिया। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने अपना संदेश देते हुए कहा विमुक्त घुमंतु एवं अर्ध-घुमंतु समुदायों का इतिहास संघर्ष साहस और राष्ट्रसेवा से जुड़ा है। विमुक्त जाति दिवस के माध्यम से उनके गौरवशाली योगदान को याद करने के साथ समाज में उनके अधिकारों और सम्मान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार इन समुदायों को शिक्षा, अवसर और विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश कुमार ने कहा कि यह दिवस हमें उन समुदायों के त्याग और योगदान को याद करने का अवसर देता है। इसका मुख्य उद्देश्य विमुक्त, घुमंतु एवं अर्ध-घुमंतु जातियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उनके अधिकारों की जानकारी देना तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयासों को गति देना है। ?विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को विमुक्त घुमंतु एवं अर्ध-घुमंतु जातियों के इतिहास, संघर्ष और अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि, ब्रिटिश शासन काल में वर्ष 1871 में दमनकारी 'क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट' लागू किया गया था, जिसके तहत कई देशभक्त जातियों को जन्मजात अपराधी घोषित कर दिया गया था। जबकि, इन समुदायों ने देश और समाज की रक्षा के लिए मुगलों तथा अंग्रेजों के विरुद्ध सदैव अग्रिम पंक्ति में रहकर संघर्ष किया था। उन्होंने बताया कि, आजादी के बाद भी यह काला कानून 1952 तक लागू रहा। 31 अगस्त 1952 को विमुक्त जातियों को इस अधिनियम से हमेशा के लिए मुक्ति मिली, इसीलिए इस दिन को विमुक्त जाति दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सजेगी सांस्कृतिक छटा, 1000 कलाकार बिखेरेंगे जलवा

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर इस बार ब्रजभूमि में उत्सव का एक अलग ही नजारा देखने को मिलेगा। मथुरा और वृंदावन की गलियां, चैराहे और प्रमुख सांस्कृतिक स्थल कृष्ण भक्ति, लोक संस्कृति और संगीत के रंगों में सराबोर नजर आएंगे। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की ओर से श्रद्धालुओं के स्वागत और जन्मोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी की गई है। जन्माष्टमी के दौरान देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कुल 1000 कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। उत्सव के लिए 5 बड़े और 27 छोटे मंच तैयार किए गए हैं, जिन पर लगभग 600 लोक कलाकार भजन-कीर्तन, लोकगीत, लोक नृत्य और कृष्ण लीलाओं से जुड़े कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। मुख्य कार्यक्रम डैम्पियर नगर स्थित पाञ्जजन्य प्रेक्षागृह में आयोजित किए जाएंगे। प्रमुख मार्गों और चैराहों पर लगभग 350 स्ट्रीट परफॉर्मर बीन, ढोल, नगाड़े, ढपली, शहनाई और तबला जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ श्रद्धालुओं का स्वागत करेंगे। इस बार जन्माष्टमी का आकर्षण आसमान में भी दिखाई देगा। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद पहली बार मथुरा में विशेष ड्रोन शो का आयोजन किया जा रहा है। 4 सितंबर की रात 9 से 10 बजे के बीच जन्मस्थान के पास स्थित किशोरी रमण बीएड कॉलेज से 500 ड्रोन्स के माध्यम से भव्य लाइट शो प्रस्तुत किया जाएगा, जो आसमान में कृष्ण लीला से जुड़ी विभिन्न आकृतियां उकेरेंगे। 2 सितंबर दोपहर 3 बजे उद्घाटन और दीप प्रज्वलन के साथ शुरूआत होगी। इसके बाद श्याम शंख वादन, कान्हा अकादमी की बधाई व नृत्य, भारत भूषण की भजन जैमिंग और गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी द्वारा मुदरिया प्रेम व नन्दोत्सव की झांकी प्रस्तुत की जाएगी। 3 सितंबर शाम को देवेश शर्मा का भजन गायन, कृष्णा सागर कलेक्टिव की भजन जैमिंग और श्रुति अनिंदिता वर्मा एवं साथियों द्वारा कृष्णा कनेक्ट फ्यूजनल म्यूजिकल प्रस्तुति दी जाएगी। दोपहर में मोहित शेवानी की प्रस्तुति कृष्णायण, शाम को हार्टफुलनेस फाउंडेशन के तहत स्मृति मिश्रा, अनिरबान राय (बांसुरी वादन) और मैत्रेयी राय के भजन व शास्त्रीय गायन के बाद प्रसिद्ध गायक कन्हैया मित्तल की भजन संध्या से उत्सव का समापन होगा।

# विकासशील इंसान पार्टी का विशाल प्रदर्शन



**मथुरा।** लाइव टीवी डिबेट के दौरान कांग्रेस प्रवक्ता कुंवर सिंह निषाद के खिलाफ अभद्र भाषा के प्रयोग के विरोध में मंगलवार को मथुरा में बड़ा जनाक्रोश देखने को मिला। विकासशील इंसान पार्टी के सुप्रीमो मुकेश सहनी के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओं ने दामोदरपुरा से कलेक्ट्रेट तक एक विशाल जुलूस निकाला और जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज करने और गिरफ्तारी की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया।

वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि यदि तय समय में कार्रवाई नहीं हुई, तो वे दोबारा मथुरा आकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जवाब मांगेंगे और आंदोलन को पूरे प्रदेश में फैलाएंगे। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून का राज तभी माना जाएगा जब कानून सत्ता के समर्थकों और विरोधियों दोनों पर समान रूप से लागू हो। उन्होंने कहा, ह्लसरकारी चैनल के लाइव कार्यक्रम में यदि किसी व्यक्ति के साथ गाली-गलौज और अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है और पीड़ित की शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होती, तो यह बेहद गंभीर सवाल है। भाजपा सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि कानून सबके लिए समान है या नहीं।ह्व लंबा इंतजार और विरोध के बाद सीओ सिटी आईपीएस आसना चैधरी ने प्रदर्शनकारियों से मुलाकात कर ज्ञापन लिया और नियमानुसार उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। प्रदर्शन में वीआईपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजा राम बिंद, अहमदाबाद प्रदेश अध्यक्ष हरिओम वर्मा निषाद, वरिष्ठ वीआईपी नेता प्रेमचंद कश्यप, महेन्द्र निषाद, जिलाध्यक्ष हेमंत निषाद, बाबा बालदास, देवेंद्र निषाद, बलबीर निषाद, कमल किशोर निषाद, मोहन निषाद, विजय निषाद, सत्य प्रकाश निषाद, सुरेंद्र निषाद, हेमराज निषाद, नेम सिंह निषाद एवं शिव कुमार निषाद सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुकेश धनगर, विक्रम बाल्मीकि मनोज गौड़ शिवदत्त चतुर्वेदी रवि वाल्मीकि यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव अनाम धन्य तिवारी आदि मौजूद रहे।


## नाबालिगों के ई-रिक्शा चलाने पर यातायात पुलिस की सख्ती, 13 ई-रिक्शा सीज

**फिरोजाबाद।** सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस ने मंगलवार को नाबालिगों द्वारा ई-रिक्शा संचालन के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर पुलिस ने 13 ई-रिक्शों को सीज कर दिया। एसएसपी आदित्य लांग्हे के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम ने शहर के प्रमुख मार्गों, चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर सघन चेकिंग की। इस दौरान ई-रिक्शा चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस और वाहनों के आवश्यक अभिलेखों की जांच की गई। चेकिंग के दौरान नाबालिगों द्वारा ई-रिक्शा चलाने तथा अन्य नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 13 ई-रिक्शों को सीज किया गया। यातायात पुलिस ने अभिभावकों और वाहन स्वामियों से अपील की है कि नाबालिग बच्चों को किसी भी प्रकार का वाहन चलाने की अनुमति न दें और बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन का संचालन न कराएं। पुलिस के अनुसार सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## मथुरा में अदम्य साहस और उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिसकर्मी सम्मानित

**मथुरा।** कर्तव्य पालन के दौरान अदम्य साहस, निष्ठा और उत्कृष्ट कार्य करने वाले मथुरा में तैनात तीन पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की ओर से प्रदान किए गए प्रशस्ति पत्र और 25,000 रुपये के नकद पुरस्कार से इन्हें नवाजा गया है। पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) आगरा, शैलेश कुमार पाण्डेय ने अधिकारियों की मौजूदगी में अजय वर्मा (उपनिरीक्षक), सुरेन्द्र कुमार (उपनिरीक्षक), सोनू भाटी (मुख्य आरक्षी), पवन भाटी (मुख्य आरक्षी) को प्रशस्ति पत्र और नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया। अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों के साहस, समर्पण और उत्कृष्ट कार्यशैली की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर डीआईजी ने कहा कि ऐसे कर्मठ और साहसी पुलिसकर्मी पूरे विभाग के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं, जो अपनी जान की परवाह किए बिना अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से पालन करते हैं।

# योगी सरकार में संवर रही कान्हा की नगरी



**मथुरा।** योगी सरकार पिछले 9 वर्षों में कान्हा की नगरी मथुरा-वृंदावन और पूरे ब्रज क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य करा रही है। वर्ष 2017 में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के गठन के बाद से मथुरा को अयोध्या और काशी की तर्ज पर एक वैश्विक धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। 30,000 करोड़ के मास्टर प्लान के तहत सड़क, परिवहन, घाट, मंदिर गलियारे और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कई बड़े प्रोजेक्ट्स पूरे हो चुके हैं और कई पर तेजी से काम चल रहा है। योगी सरकार की यह विकास यात्रा आधुनिक तीर्थ नगरी की मजबूत नींव रख रही है।

**सड़कों और एलिवेटेड रूट्स का बिछा जाल :** ब्रज में पर्यटन के बढ़ते दबाव को देखते हुए योगी सरकार ने सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर पर विशेष जोर दिया है। शहर को जाम से मुक्त करने के लिए एनएच-19 और यमुना एक्सप्रेस-वे को जोड़ने वाले 15.4 किलोमीटर लंबे वृंदावन बाईपास को 1,645 करोड़की लागत से स्वीकृति दी गई है। इसके अतिरिक्त मथुरा-वृंदावन के बीच आवागमन सुगम बनाने के लिए पुरानी रेल लाइन की जगह लगभग 470 करोड से फोरलेन और एलिवेटेड रोड का निर्माण तेज गति से चल रहा है। सीएम ग्रिड (ग्रीन रोड) योजना के तहत 150 करोड़ से अधिक की लागत से श्री कृष्ण जन्मभूमि क्षेत्र, गोविंद नगर और शहर के पांच प्रमुख मार्गों का सीसी रोड निर्माण, अंडरग्राउंड केबलिंग और फुटपाथ विकास का काम भी जारी है। यमुना एक्सप्रेस-वे पर राया के पास हेरिटेज सिटी विकसित करने की योजना के तहत परिक्रमा मार्गों को कमर्शियल हब से जोड़ा जा रहा है।

**30 हजार करोड़ के मास्टर प्लान से मथुरा-वृंदावन बन रहा वैश्विक धार्मिक केंद्र**

ब्रज की सांस्कृतिक पहचान यमुना नदी और यहां के प्राचीन कुंडों को संरक्षित करने के लिए सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। विश्राम घाट से लेकर केशी घाट तक तटीय सुविधाओं का विस्तार और सुंदरीकरण किया गया है। वृंदावन में 7.6 करोड़ रुपये की लागत से नए अक्रूर घाट का निर्माण हो रहा है और देवरहा बाबा घाट के पास यमुना पर केबल स्टे सस्पेंशन ब्रिज की योजना स्वीकृत है। प्राचीन घाटों की स्थापत्य कला को उभारने के लिए केशी घाट और परिक्रमा मार्ग के प्रमुख भवनों पर आधुनिक फसाड लाइटिंग लगाई गई है। साथ ही सुनरख में सौभरि ऋषि वाटर बॉडी, करहला में बज्रनाभ समाधि परिसर और ब्रज क्षेत्र के 100 से अधिक प्राचीन कुंडों का ईको- रेस्टोरेशन कर उन्हें नया जीवन दिया गया है।

**श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक सुविधाओं का विस्तार :** तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए योगी सरकार ने मल्टीलेवल कार पार्किंग और यात्री सुविधाओं पर बड़ा निवेश किया है। वृंदावन के टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर (टीएफसी) के पास 38 करोड़ रुपये की लागत से मल्टीलेवल पार्किंग बनी है, जबकि गोवर्धन और बरसाना में भी बड़े पार्किंग स्थल तैयार किए गए हैं। श्रद्धालुओं के विश्वस्तरीय ठहराव के लिए वृंदावन और बरसाना में 35 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से आधुनिक टीएफसी केंद्रों का निर्माण और विस्तार किया गया है। मथुरा- वृंदावन के बीच प्रदूषण मुक्त आवागमन के लिए नए ई-बस टर्मिनल्स बनाए गए हैं और इलेक्ट्रिक बस सेवा व चार्जिंग स्टेशन का संचालन शुरू किया गया है।

**मंदिरों का सौंदर्यीकरण और कॉरिडोर का निर्माण :** श्रद्धालुओं की सुगम यात्रा के लिए बांके बिहारी मंदिर के आसपास भीड़ नियंत्रण हेतु भव्य कॉरिडोर निर्माण की योजना पर कार्य जारी है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि क्षेत्र के पहुंच मार्गों, चैराहों और सड़कों को हेरिटेज लाइटिंग व फसाड डेवलपमेंट के जरिए संवारा गया है। गोवर्धन के 21 किमी लंबे परिक्रमा मार्ग और बरसाना परिक्रमा मार्ग को चौड़ा कर वहां शेड, होल्डिंग एरिया, पेयजल और यात्री शौचालयों की सुविधा विकसित की गई है। इसके अलावा जिला सीमाओं और एक्सप्रेस- वे पर भव्य पौराणिक शैली के प्रवेश द्वार, गीता शोध संस्थान और रासलीला अकादमी में गेस्ट हाउस तथा कन्वेंशन सेंटर का निर्माण कराया गया है।

## प्रशासनिक अमला मुस्तैद, वरिष्ठ अधिकारियों ने किया जन्मभूमि परिसर का निरीक्षण




**मथुरा।** आगामी पावन पर्व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और सीएम योगी आगमन के दृष्टिगत मंगलवार को प्रशासनिक और पुलिस महकमे के उच्चाधिकारियों की टीम ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर परिसर की सुरक्षा और व्यवस्थाओं निरीक्षण किया। इस दौरान अपर पुलिस महानिदेशक सुवेंद्र कुमार भगत, मंडलायुक्त नगेन्द्र प्रताप, पुलिस उपमहानिरीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने संयुक्त रूप से पूरे परिसर का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों की टीम ने मंदिर परिसर में तैनात सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और सीसीटीवी कैमरों के जरिए की जा रही निगरानी व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया। अधिकारियों ने कंट्रोल रूम से निगरानी व्यवस्था को परखते हुए हर संदिग्ध गतिविधि पर 24 घंटे पैनी नजर रखने के निर्देश दिए। क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए अधिकारियों ने विशेष स्थलों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने तथा अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने की हिदायत दी। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन, सुव्यवस्थित यातायात संचालन और जिले में सुदृढ़ कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही समय से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## सिर्फ मुख्य मार्ग चमकाने से नहीं सुधरेंगी शहर की जमीनी व्यवस्थाएं : व्यापारीगण

**मथुरा।** 4 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा में देशभर से लाखों श्रद्धालु पहुंच सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तीन को मथुरा आ रहे है। जिसे लेकर प्रशासन मुख्य मार्गों और कार्यक्रम स्थलों की व्यवस्थाएं ठीक करने में जुटा है। इसी बीच मंगलवार को शाम 6 बजे शहर की जमीनी व्यवस्थाओं को लेकर व्यापारियों में नाराजगी दिखने लगी है। व्यापारियों का आरोप है कि मुख्यमंत्री के आने से पहले प्रशासन सिर्फ कुछ खास रास्तों पर साफ-सफाई और रंगाई-पुताई कराकर खानापूर्ति कर रहा है। शहर के अंदरूनी इलाकों की समस्याएं अभी भी वैसी ही बनी हुई हैं। कई जगह सड़कें खराब हैं। जगह-जगह लगने वाले जाम से स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं को भी दिक्कत होती है। सौंख रोड व्यापार मंडल अध्यक्ष संतोष चैधरी ने बताया कि व्यापारी लंबे समय से खराब सड़कों, ट्रैफिक व्यवस्था और दूसरी समस्याओं को लेकर अधिकारियों से शिकायत कर रहे हैं। लेकिन, इन समस्याओं का कोई स्थायी हल नहीं निकला है। उनका कहना है कि वीआईपी के आने पर मुख्य मार्गों पर बैरिकेडिंग और ट्रैफिक पर पाबंदी लगाने से परेशानी और बढ़ जाती है। व्यापारियों के अनुसार, बैरिकेडिंग की वजह से बाजारों में आने वाले ग्राहकों को कई बार लंबा रास्ता तय करना पड़ता है। इससे व्यापार पर असर पड़ता है। साथ ही स्थानीय लोगों और बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को भी आने-जाने में दिक्कत होती है। व्यापारी वर्ग का कहना है कि जन्माष्टमी मथुरा का सबसे बड़ा धार्मिक त्योहार है। ऐसे में व्यवस्थाएं सिर्फ वीआईपी रूट तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। पूरे शहर में बेहतर इंतजाम होने चाहिए। श्रद्धालुओं को आसानी से आने-जाने की सुविधा, साफ-सफाई और सुरक्षित माहौल मिलना चाहिए।

# डीएम ने किया बायो प्लांट का स्थलीय निरीक्षण



**फिरोजाबाद।** डीएम संतोष कुमार शर्मा एवं सीडीओ शत्रोहन वैश्य ने मंगलवार को सिरसागंज तहसील के राम कबीरपुर स्थित मैसर्स मेकम्स बायोटेक प्राइवेट लि. तथा जीआरएस बायो प्लांट प्राइवेट लिमिटेड का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की गतिविधियों का जायजा लेते हुए स्थानीय किसानों की आय बढ़ाने और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

मैसर्स मेकम्स बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्लांट की विभिन्न इकाइयों, उत्पाद श्रृंखला एवं प्रोसेसिंग गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने संस्थान के प्रबंध तंत्र को निर्देश दिए कि ऐसी प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे जनपद के स्थानीय किसानों को उनकी उपज का बेहतर और लाभकारी मूल्य मिल सके।

निरीक्षण के दौरान बताया गया कि संस्थान द्वारा हल्दी एक्सट्रैक्ट, अश्वगंधा रूट पाउडर, पोस्बेलिया सिराटा सहित विभिन्न औषधीय घटकों के निर्माण के लिए कच्चा माल सीधे किसानों से खरीदा जा रहा है। जिलाधिकारी ने क्रय व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी बनाने तथा अधिक से अधिक किसानों को इससे जोड़ने के निर्देश दिए। अधिकारियों को अवगत कराया गया कि प्लांट में कार्यरत जनशक्ति में करीब 95 प्रतिशत कर्मचारी फिरोजाबाद जनपद के हैं। डीएम ने स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने पर जोर दिया। संस्थान द्वारा निर्मित उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों का अंतरराष्ट्रीय बाजारों में निर्यात किए जाने की भी जानकारी दी गई। डीएम ने संस्थान के निदेशक आकाश अग्रवाल एवं मैनेजर अंकित श्रीवास्तव को कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ निरंतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय किसानों को पारंपरिक खेती के साथ औषधीय एवं व्यावसायिक फसलों की खेती के लिए प्रशिक्षित और प्रोत्साहित करने को कहा, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके।

**टिशू कल्चर तकनीक से तैयार हो रहे केले और आलू के बीज**

इसके बाद जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने जीआरएस बायो प्लांट प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण किया। यहां टिशू कल्चर विधि से केले एवं आलू के बीज तैयार किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने संस्थान की कार्यप्रणाली की सराहना की और संचालिका हेमा सिंह को बेहतर संचालन के लिए नारी स्वावलम्बन की दिशा में पुरस्कृत किए जाने की बात कही। इस दौरान जिला उद्यान अधिकारी सीपी अवस्थी सहित संबंधित अधिकारी एवं संस्थान के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## क्रेटा ने पिकअप में मारी टक्कर, तीन घायल

**मथुरा।** थाना नोहझील के अंतर्गत यमुना एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह करीब 8 बजे चालक को नींद को झपकी आने से बड़ा हादसा हो गया। आगरा से नोएडा की ओर जा रही क्रेटा कार ने माइलस्टोन 61.100 के पास आगे चल रही पिकअप में पोछे से टक्कर मार दी। हादसे में क्रेटा सवार तीन लोग घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नौहझोल भेजा गया। पिकअप वाहन चालक आकाश पटेल निवासी आजमगढ लेकर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही क्रेटा कार चालक गौरव निवासी कंकरखेडा, मेरठ को अचानक नींद की झपकी आ गई। इससे कार अनियंत्रित होकर पिकअप से जा टकराई। टक्कर में क्रेटा सवार गौरव, कुसुम और आरती को हल्की चोटें आई। सूचना मिलते ही पीआरवी 5837 और बाजना कट प्रभारी हरेंद्र सिंह तोमर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया। दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को एक्सप्रेसवे से हटाकर किनारे खडा करा दिया गया, जिससे यातायात प्रभावित नहीं हुआ।

# चुनौतियों के बीच विकास

भारतीय अर्थव्यवस्था, जीडीपी की विकास दर और विकसित भारत की तरफ बढ़ते कदमों को लेकर जिनको संदेह था, उनका संदेह अब दूर हो जाना चाहिए। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के जो नतीजे आये हैं, उससे स्पष्ट है कि भारत एकदम सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। राष्ट्रीय आय संबंधी आंकड़े सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने सोमवार को जारी किए। आंकड़ों के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत वृद्धि की राह पर बनी हुई है। तिमाही में स्थिर कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष समान अवधि में यह वृद्धि 6.9 प्रतिशत थी। यह ईरान युद्ध शुरू होने के बाद की पहली पूरी तिमाही थी। यानी ईरान युद्ध का असर उतना गंभीर नहीं रहा जितनी आशंका शुरूआती दिनों में जताई गई थी। ध्यान रहे कि भारत अपनी कच्चे तेल और गैस की अधिकांश जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है और संकट के शुरुआती दिनों में आपूर्ति कुछ बाधित भी हुई थी। पश्चिम एशिया संकट के कारण पैदा हुई इन बाधाओं को देखते हुए यह कहना उचित होगा कि इस अवधि के दौरान अर्थव्यवस्था का प्रबंधन अच्छी तरह किया गया। आर्थिक गतिविधियों को मापने के लिए अधिक उपयुक्त माने जाने वाले सकल मूल्यवर्धन (जीवीए) में इस तिमाही के दौरान 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। समग्र वृद्धि को द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्रों के मजबूत प्रदर्शन का सहारा मिला। द्वितीयक क्षेत्र में विनिर्माण गतिविधि में इस तिमाही के दौरान 9.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में इसमें वृद्धि 8.3 प्रतिशत थी। निर्माण क्षेत्र में भी सुधार हुआ और इसकी वृद्धि 7.7 प्रतिशत रही जो गत वर्ष 5.2 प्रतिशत थी। तृतीयक क्षेत्र में 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 8 प्रतिशत थी। हालांकि प्राथमिक क्षेत्र का प्रदर्शन इस तिमाही में कमजोर रहा। कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में 3.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष की समान तिमाही में यह 4.4 प्रतिशत थी। इस वर्ष सामान्य से कम मॉनसून के कारण कृषि वृद्धि दबाव में रह सकती है। खनन और उत्खनन क्षेत्र में गिरावट दर्ज की गई। तिमाही के दौरान निजी अंतिम उपभोग व्यय में 7.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह पिछले वर्ष की तुलना में सुधार है लेकिन कुल जीडीपी वृद्धि दर से कम है। हालांकि, निवेश का प्रदर्शन अच्छा रहा। इसमें 11.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जबकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में यह वृद्धि केवल 5.8 प्रतिशत थी। जीडीपी में पूंजी निर्माण की हिस्सेदारी भी वर्तमान कीमतों पर बढ़कर 34.3 प्रतिशत हो गई। अब यह देखना महत्त्वपूर्ण होगा कि पूंजी निर्माण में यह वृद्धि कितनी व्यापक है और क्या आने वाली तिमाहियों में इसे कायम रखा जा सकता है। यदि ऐसा होता है तो यह आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण रूप से मदद करेगी। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि आर्थिक वृद्धि को 2025 में प्रत्यक्ष करों में दी गई राहत और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में की गई कटौती जैसे कदमों से सहारा मिला। मौद्रिक नीति भी वृद्धि के अनुकूल रही। यद्यपि आने वाली तिमाहियों में इनमें से कुछ उपायों का असर कम होने की संभावना है। महंगाई के अनुमान भी संकेत देते हैं कि आने वाले महीनों में ब्याज दरों में बढ़ोतरी की जरूरत पड़ सकती है। वृद्धि के मजबूत आंकड़े नीतिगत दर बढ़ाने के पक्ष में तर्क को और मजबूत करेंगे। यह भी ध्यान देने योग्य है कि वैश्विक अनिश्चितता और पश्चिम एशिया में तनाव पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है तथा कच्चे तेल की कीमतें अब भी ऊंची बनी हुई हैं। इसके अलावा आने वाले महीनों में वैश्विक वित्तीय परिस्थितियों में उल्लेखनीय सख्ती का जोखिम है जिसका असर पूंजी प्रवाह और निवेश पर पड़ सकता है। ये सभी कारक अगले कुछ तिमाहियों में आर्थिक गतिविधियों और वृद्धि को प्रभावित कर सकते हैं। इसलिए अर्थव्यवस्था को आगे भी सावधानीपूर्वक प्रबंधन की जरूरत रहेगी ताकि उच्च वृद्धि की यह गति बरकरार रहे।




**वैश्विक चुनौतियों के बीच चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 7.8 फीसद की वृद्धि देश के लिए बड़ी उपलब्धि है।**

विचार

इस जगत में कोई संबंध नित्य नहीं है, अपनी देह का भी नहीं। तब स्त्री–पुरुष का साथ सदा नहीं रहेगा, यह क्या कहने की आवश्यकता है?

– महर्षि वेदव्यास.

अहिंसा में इतनी ताकत है कि वह विरोधियों को मित्र बना लेती है और उनका प्रेम प्राप्त कर लेती है।

– महात्मा गांधी.

जो मेरा धन चुराता है वो मेरी सबसे तुच्छ वस्तु ले जाता है।

– शेक्सपियर.

जो जीवों की हिंसा करता है, वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति अहिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।

–गौतम बुद्ध.

जिस कर्म में भोगने की कामना होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म है।

–गीता.

# बिश्केक से ट्रंप को मोदी का स्पष्ट संदेश



विजय कपूर

**बिश्केक में मोदी के बयानों का सही अर्थ तभी सामने आ सकता है जब शब्दों के पर्दे में कही गई बातों को समझ लिया जाये। पहली बात तो यह है कि रूस व ईरान से व्यापार में विस्तार व विविधता लाने से वह ट्रम्प को स्पष्ट संदेश दे रहे हैं कि वाशिंगटन के साथ जो लम्बित व्यापार समझौता है, उसे नई दिल्ली की शर्तों पर स्वीकार किया जाये वर्ना भारत के पास अन्य विकल्प भी खुले हुए हैं।**

ईरान से चल रहे युद्ध को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प इतने कुंठित हो गये हैं कि उन्होंने जंग का एक नया मैदान खोज निकाला है- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का दायरा, जिसमें वह की-बोर्ड की मदद से ईरान के तेल टर्मिनल नष्ट कर रहे हैं, त्वरित सैन्य विजय घोषित कर रहे हैं और असहज प्रश्नों को संपादित कर रहे हैं। 30 अगस्त 2026 की रात को उन्होंने एआई की मदद से बनाया गया वीडियो पोस्ट किया, जिसमें ईरान के स्ट्रेटेजिक खर्ग द्वीप को नष्ट होते हुए दिखाया गया है और ट्रम्प कह रहे हैं कि महत्वपूर्ण तेल हब को 'चकनाचूर कर दिया गया है'। वीडियो में विस्फोट व बबार्दी दिखायी गई, जिसके बारे में रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसा कुछ हुआ ही नहीं, हालांकि लगभग एक माह की तनावपूर्ण शांति के बाद अमेरिका व ईरान ने एक दूसरे के ठिकानों पर निशाने साधे हैं और यूएई व जॉर्डन को भी निशाना बनाया गया है। पेंटागन ने खर्ग द्वीप पर किसी भी हमले की पुष्टि नहीं की है, लेकिन ट्रम्प को यह घोषणा करने से कोई नहीं रोक सका कि ईरान असफल देश है और उसके 'समर्थन में केवल अमेरिकी फेक न्यूज हैं' जो अमेरिका की महान विजय को मानने से इंकार करती हैं। ट्रम्प के मुताबिक 'ईरान तो मर चुका है'। दूसरी ओर रूस व यूक्रेन की जंग भी बंद होने का नाम नहीं ले रही है।

इस पृष्ठभूमि में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति वाल्दिमीर पुतिन व ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से अलग-अलग द्विपक्षी मुलाकातें करते हुए अपने शांति की संदेश को पुनः दोहराया और कहा कि अब अनंत युद्ध से युद्ध के अंत करने का समय आ गया है। गौरतलब है कि मोदी अन्य विश्व नेताओं के साथ किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में हैं, एससीओ के राज्य प्रमुखों के सम्मेलन के लिए। सम्मेलन के हाशिये पर मोदी ने पुतिन व पेजेशकियन से अलग-अलग द्विपक्षीय मुलाकातें कीं। पुतिन से उन्होंने कहा कि मानवता की खातिर अनंत युद्ध पर विराम लगाया जाये। इसके अतिरिक्त दोनों नेताओं ने ऊर्जा, रक्षा, इनोवेशन, स्पेस, खाद और पीपल-टू-पीपल सम्पर्क के क्षेत्रों में सहयोग को विस्तृत करने पर फोकस किया। जाहिर है, मोदी व पुतिन की वार्ता से ऐसा प्रतीत होता है कि दोनों नेता नई दिल्ली व मास्को के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के पक्ष में हैं। इससे क्या नई दिल्ली व वाशिंगटन के संबंध प्रभावित होंगे? यह प्रश्न इस लिहाज से प्रासंगिक है कि अमेरिकी सीनेट ने 7 अगस्त 2026 को एक विधेयक 86-11 के प्रभावी अंतर से पारित किया, जिसका नाम बदलकर अब लिंडसे ओ ग्राहम सेंशनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026 कर दिया गया है और जिसके तहत भारत व चीन आदि देशों पर अमेरिका 100 प्रतिशत टैरिफ लगा सकता है; क्योंकि ये रूस के पेट्रोलियम उत्पाद के मुख्य खरीदार हैं। अमेरिका का तर्क है कि इस खरीदारी के चलते ही रूस यूक्रेन पर युद्ध जारी रखे हुए है। गौरतलब है कि इजराइल की विस्तारवादी नीति के कट्टर समर्थक लिंडसे ग्राहम का विचार था कि रूस को नियंत्रित करने और यूक्रेन युद्ध को बंद करवाने के लिए आवश्यक है कि जो देश रूस के पेट्रोलियम उत्पाद खरीदते हैं, उन पर भारी-भरकम टैरिफ लगाया जाये। रिपब्लिकन सीनेटर ग्राहम की हाल में मृत्यु (11 जुलाई 2026) के बाद इस बाईपार्टीजन (दो पार्टियों द्वारा समर्थित) विधेयक को सीनेट में पारित कराने में अधिक बल दिया गया और सम्मान स्वरूप विधेयक में भी उनका नाम जोड़ दिया गया। विधेयक का एक रिपब्लिकन और 10 डेमोक्रेट्स सदस्यों ने विरोध किया। हालांकि यह विधेयक 31 अगस्त 2026 को हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में पेश कर दिया गया, लेकिन इस लेख के लिखे जाने तक इस सदन में उस पर मतदान होना शेष था। इस विधेयक के पारित होने से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प को यह छूट मिल जाती है कि वह उन देशों के सामान पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगायें जो रुसी तेल व गैस आयात करते हैं।



कूटनीति

वर्तमान में रुसी तेल व गैस को आयात करने वाले टॉप पांच देश हैं- चीन, भारत, अजरबैजान, हंगरी और स्लोवाकिया। रूस पर पाबंदियों के अतिरिक्त इस विधेयक की अवधि का विस्तार 2031 तक रहेगा, जोकि ईरान पर पाबंदी कानून, 1996 की एक्सपायरी डेट है। ईरान एक्ट से उन कम्पनियों पर जुमार्ना लगाया जाता है, जो ईरान के ऊर्जा सेक्टर में निवेश करती हैं। यहां यह याद दिलाना भी आवश्यक है कि हाल ही में वाइट हाउस भारत पर यह आरोप लगाते हुए कि वह उन प्रथाओं का उल्लंघन कर रहा है, जिन्हें वाशिंगटन फेयर ट्रेड प्रैक्टिस (निष्पक्ष व्यापार) समझता है, 'द ग्रेट ट्रांसशिपमेंट स्कैम' नामक एक रिपोर्ट प्रकाशित की है, जिसमें उसने भारत सहित 40 देशों पर अमेरिकी टैरिफ से बचने के लिए चीन की मदद करने का आरोप लगाया है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि अमेरिका भारत के विरुद्ध टैरिफ में अतिरिक्त वृद्धि करने जा रहा है, जिसका नई दिल्ली व वाशिंगटन के बीच जो व्यापार समझौता संभावित है उस पर भी गहरा असर पड़ सकता है। नई दिल्ली व वाशिंगटन के संबंध इस लिहाज से भी प्रभावित हो सकते हैं कि बिश्केक में पेजेशकियन के साथ द्विपक्षीय मुलाकात में मोदी ने नौपरिवहन व वाणिज्य में आजादी पर बल देते हुए कहा कि किसी भी सूरत में नागरिकों व नागरिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। मोदी ने यह इच्छा व्यक्त करते हुए कि 'आने वाले समय में' भारत ईरान के साथ ट्रेड बास्केट में 'विस्तार व विविधता' चाहता है, कहा कि पश्चिम एशिया का टकराव बातचीत व डिप्लोमेसी से हल किया जाना चाहिए। बाद में मोदी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, 'राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से मुलाकात के दौरान भारत की ईरान के साथ विविध सेक्टर्स में लम्बी दोस्ती को मजबूत करने के हमारे कमिटमेंट को दोहराया। ...भारत स्थायी शांति के लिए सभी प्रयासों का समर्थन करेगा।' मोदी का यह कहना एकदम सही है कि 'युद्ध में गुजारा गया प्रत्येक दिन मानवता को पीछे धकेल देता है और शांति की ओर बढ़ाया गया हर कदम मानवता को नई उम्मीद व उत्साह से भर देता है'। लेकिन शांति के इन उपदेशों से किसी के कान पर जूं नहीं रेंग रही है।

वर्ष 2024 में अपनी मास्को और फिर कीव यात्राओं के दौरान भी मोदी ने कहा था कि 'जंग के मैदान पर कोई समाधान नहीं निकलता है'। यह बात भी सही थी कि हल के लिए आखिरकार वार्ता की मेज पर ही आना पड़ता है। लेकिन जंग तो अभी तक जारी है। बहरहाल, बिश्केक में मोदी के बयानों का सही अर्थ तभी सामने आ सकता है जब शब्दों के पर्दे में कही गई बातों को समझ लिया जाये। पहली बात तो यह है कि रूस व ईरान से व्यापार में विस्तार व विविधता लाने से वह ट्रम्प को स्पष्ट संदेश दे रहे हैं कि वाशिंगटन के साथ जो लम्बित व्यापार समझौता है, उसे नई दिल्ली की शर्तों पर स्वीकार किया जाये वर्ना भारत के पास अन्य विकल्प भी खुले हुए हैं। दूसरा यह कि ट्रम्प की बेवकूफियों से अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अकेला पड़ता जा रहा है और दुनिया का झुकाव चीन-रूस व उनके सहयोगियों की ओर होता जा रहा है। सऊदी अरब, तुर्की व पाकिस्तान के बीच जो मक्का समझौता हुआ है, उसे भी अप्रत्यक्ष रूप से चीन व रूस का समर्थन प्राप्त है। ऐसे में ट्रम्प प्रेम की खातिर भारत अकेला नहीं रहना चाहता है। रूस व ईरान उसके पुराने भरोसेमंद दोस्त रहे हैं। बदलते वैश्विक समीकरणों में उनसे दोस्ती को मजबूत करना आवश्यक हो गया है। आखिर ट्रम्प की टैरिफ धमकियों को कब तक बर्दाश्त किया जा सकता है?

सोशल मीडिया

सपा बहादुर अखिलेश यादव ने बतौर मुख्यमंत्री पिछड़ों, दलितों व सवर्णों के साथ न्याय किया होता तो आज उनको पीडीए के नाम पर वोटर्स को भ्रमित करने की जरूरत नहीं पड़ती। केशवप्र[illegible]य.



जब कनेक्टिविटी बेहतर होती है तो वह हमें गति देती है और जब गति सकारात्मक दिशा में अपने गंतव्य की ओर बढ़ती है तो वही प्रगति का आधार बनती है। सीएम योगी.



भाजपा और वोट चोरी आयोग के तरीके बदलते रहते हैं और बदलते रहेंगे। मकसद बस एक ही है, किसी भी कीमत पर बीजेपी की जीत, और भारत के लोकतंत्र का अंत। राहुल गांधी.



# संन्यास की परंपरा

जीवन को आत्म-अज्ञान के बिंदु से देखना संसार है। आत्म-ज्ञान के बिंदु से देखना संन्यास है। इसलिए जब कोई कहता है कि मैंने संन्यास लिया है, तो मुझे बात बड़ी असत्य मालूम होती है। यह लिया हुआ संन्यास ही संसार के विरोध की भ्रांति पैदा कर देता है। संन्यास भी क्या लिया जा सकता है? क्या कोई कहेगा कि ज्ञान मैंने लिया है? लिया हुआ ज्ञान भी क्या कोई ज्ञान होगा? ऐसा ही लिया हुआ संन्यास भी, संन्यास नहीं होता है। सत्य ओढ़े नहीं जाते हैं। उन्हें तुम्हारे भीतर जगाना होता है। संन्यास का जन्म होता है। वह समझ से आता है। उस समझ से हम परिवर्तित होते जाते हैं। जैसे-जैसे हमारी समझ बदलती है, हमारी दृष्टि बदलती है और अनायास ही आचरण भी बदल जाता है। संसार जहां का तहां होता है, पर हमारे भीतर संन्यास का जन्म होता जाता है। संन्यास का अर्थ हैः यह बोध कि मैं शरीर ही नहीं हूं, आत्मा हूं।

बोध के साथ ही भीतर आसक्ति और अज्ञान नहीं रह जाता है। संसार बाहर था, अब भी वह बाहर होगा, पर भीतर उसके प्रति राग-शून्यता होगी, या यूं कहें कि संसार अब भीतर नहीं होगा। असंन्यास में हमने एंट्रेंस तो रखा है, एक्ज़िट नहीं रखा है। उसमें भीतर जा सकते हैं, बाहर नहीं आ सकते और ऐसा स्वर्ग भी नरक हो जाता है जिसमें बाहर लौटने का दरवाजा न हो। वह परतंत्रता बन जाता है, कारागृह हो जाता है। कोई संन्यासी लौटना चाहे तो कोई क्या कर सकता है? वह लौट सकता है लेकिन आप उसकी निंदा करते हैं, अपमान करते हैं। कंडेमनेशन है उसके पीछे। और इसीलिए हमने एक तरकीब बना रखी है कि जब कोई संन्यास लेता है, तो उसका भारी शोरगुल मचाते हैं। जब कोई संन्यास लेता है तो बहुत बैंडबाजा बजाते हैं। जब कोई संन्यास लेता है तो बहुत फूलमालाएं पहनाते हैं, और यह उपद्रव का दूसरा हिस्सा है, वह उस संन्यासी को पता नहीं है कि अगर वह कल लौटा तो जैसे फूलमालाएं फेंकी गईं, वैसे ही पत्थर और जूते भी फेंके जाएंगे और ये ही लोग फेंकने वाले, कोई दूसरा आदमी नहीं होगा। असल में इन लोगों ने फूलामालाएं पहना कर उससे कहा कि अब सावधान, अब लौटना मत, जितना आदर दिया है उतना ही अनादर प्रतीक्षा करेगा। यह बड़ी खतरनाक बात है। इसके कारण न मालूम कितने लोग संन्यास का आनंद ले सकते हैं, वे नहीं ले पाते। वे कभी निर्णय ही नहीं कर पाते कि जीवन भर के लिए। जीवन भर का निर्णय बड़ी महंगी बात है, बड़ी मुश्किल बात है। फिर हकदार भी नहीं हैं हम जीवन भर के निर्णय के लिए। तो मेरी दृष्टि है कि संन्यास सदा ही सावधिक है आप कभी भी वापस लौट सकते हैं। कौन बाधा डालने वाला है? संन्यास आपने लिया था। संन्यास आप छोड़ते हैं। आपके अतिरिक्त इसमें कोई और निर्णायक नहीं है। आप ही डिसीसिव हैं, आपका ही निर्णय है।

अंतर्दृष्टि

**– ओशो.**

# बुरे दिनों का आगाज...

व्यंग्यलोक

वैसे तो मनुष्य के दुःखद अध्याय की शुरुआत उसके किसी एक अदद औरत के पति बनने के साथ ही हो जाती है, परन्तु किसी कमाऊ पत्नी का पति होना तो घोर विपत्ति का कारण हो जाता है और चाहते हुए भी आदमी उस असम्मानजनक हालात से उबर नहीं पाता है। मुझे पत्नी मिली और वह भी कमाऊ। मैं जिन दिनों चोले-पाजामे पर झोला लटकाये, दाढ़ी बढ़ाये, अपने जीवन को संवेदनशील काव्य के जरिये ऊँचाइयाँ प्रदान करने में सक्रिय था, उन्हीं दिनों मेरे जीवन में एक कमाऊ बीवी का अशुभ आगमन हुआ और तब से मेरे व्यक्तिगत तमाम मसले बद से बदतर होते जा रहे हैं। कई बार जब आज भी सोचता हूँ कि यकायक मेरे शान्त जीवन में यह भूचाल क्योंकर आया? मैंने अपनी कमाऊ बीवी के सामने अपने कवि को मान्यता दिलाने के लिए लाख सिर पीटा, परन्तु उसने मुझे कभी मान्यता नहीं दी और हर बार जैसे मैं बड़ी बेवकूफी भरी बात कर रहा हूँ, हँसकर टाल दिया। मुझे तो अनेक बार ऐसा भी लगा कि मेरा कवि होना अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण है उसके लिए। सनकी और अर्द्धविक्षिप्त समय पर उसने फकत अपने भाग्य की विडम्बना ही माना है मुझे, पति बनने के बाद अल्पावधि में वह मुझे दो मासूम थमाकर और भी निष्क्रिय हो गयी। मैं गृहस्थी की गाड़ी में पिल गया। बच्चों को नहलाना-धुलाना, खिलाना-पिलाना अथवा स्कूल छोड़ आना, यही कार्य मेरी दिनचर्या के मुख्य भाग बनकर रह गये। इन स्थितियों से मुक्ति पाने को लाख छटपटाया, परन्तु कमाऊ बीवी ने कभी नहीं चाहा कि मेरी औकात इससे हटकर बने। अनेक बार मैंने उसके समक्ष नौकरी का प्रस्ताव रखा तो उसने मेरी दिनचर्या के काम बताकर चुप करा दिया। मैंने तर्क भी दिया कि मेरे अस्तित्व इस तरह के कार्यो के लिए नहीं है। मैं एक संवेदनशील साहित्यकार हूँ।



पूरन सरमा

मेरा धर्म सृजन है। मेरा इस तरह गृहस्थी के काम-धाम में पिल जाने से साहित्य का बड़ा नुकसान हो रहा है। परन्तु उसके कानों पर जूँ नहीं रेंगी। उसने सृजन के नाम पर दोनों सन्तानें दिखा दीं और नौकरी के नाम पर घर की सार-सम्भाल बता दी। मैं तो सोच भी नहीं सकता था कि मेरे साहित्यकार का हश्र एक दिन ऐसा होगा। ईमानदारी से कहता हूँ उसके जीवन में दो पल भी मेरे लिए नहीं बचे हैं। यही क्या सारी बातों की विपदाओं के साथ उपदेशों की घुट्टी पृथक से पीनी पड़ती है। नल आ गया था और आप पानी भी नहीं भर सके। बैठे-बैठे सब्जी-मण्डी से ताजी सब्जियाँ ही खरीद लाते। एक बार की घटना और सुनाऊँ। मैंने कविता लिखी और प्रथम श्रोता व पाठक की हैसियत से उसे सुनाना चाहा तो उसने कानों में उँगली डालकर तौबा कर ली, कहा-'माफ करिये, कविता से मुझे परहेज है। हाजमा खराब हो जाता है तथा अन्य कई ट्रबल्स खड़ी हो जाती हैं।

# अनेकता में एकता का प्रतीक है कॉडोर्बा



पर्यटन

हाल ही में जब स्पेन ने फुटबॉल विश्व कप जीता तो मुझे यह देखकर आश्चर्य हुआ कि स्पेनी राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने अपना राष्ट्रीय गान गाया ही नहीं। दरअसल, ला मार्चा रियल में कोई आधिकारिक बोल नहीं है, सिर्फ 18वीं शताब्दी की एक विजयी धुन बजायी जाती है, इसलिए वास्तव में उनके पास गाने के लिए कुछ भी नहीं है। फिर जब स्पेन में जीत का जश्न मनाया जा रहा था तो लोग अलग-अलग रंगों व डिजाइन के झंडे लिए हुए थे। ऐसा इसलिए कि स्पेन में 17 स्वायत्त समुदाय व 2 स्वायत्त शहर हैं जो राज्यों की तरह फंक्शन करते हैं और यह क्षेत्र 50 प्रांतों में विभाजित हैं। हर समुदाय का अपना झंडा व गान है। इस अनेकता में भी स्पेन में एकता है, जो सड़कों पर उसकी जीत के जश्न में साफ दिखायी दे रही थी।

स्पेन कट्टर कैथलिक देश है, लेकिन अनुमानित 'ऐतिहासिक गलतियों' से ग्रस्त नहीं है। एक समय में इसका नाम अन्दुलिस था, जिसका पुराना शहर कॉर्डोबा आज भी बहुत सुंदर है और अक्सर एक दूसरे के टकराव में रहने वाले तीन धर्मों का वारिस है, जिनकी यादों व स्मारकों को प्यारे व वैज्ञानिक अंदाज में सुरक्षित रखा गया है। वर्ष 1236 से पहले इस्लाम स्पेन का प्रमुख धर्म था, जिसके मुस्लिम शासकों ने 10वीं शताब्दी में कॉर्डोबा को यूरोप का सबसे बड़ा व सबसे सुसंस्कृत शहर बना दिया था। अनेक खलीफाओं के दौर में यहूदी धर्म ने जबरदस्त तरक्की की थी। हम यहूदी मोहल्ले ला जुडेरिया की तरफ जा रहे हैं, एक मध्य युग के सिनागोग (यहूदी मन्दिर) को देखने के लिए। इसके अतिरिक्त स्पेन में अभी दो और मध्य युग के सिनागोग शेष हैं। यह कूल व सुंदर स्मारक हैं, उस समुदाय का जो एक जमाने में स्पेन में आर्थिक दृष्टि से सबसे सम्पन्न था। पूजा हॉल की सफेद संगमर्मर की दीवारों पर हिब्रू में इबारतें लिखी हैं और एक बालकनी भी है, शायद महिलाओं को अलग से बैठाने के लिए। सिनागोग के बाहर 12वीं शताब्दी के यहूदी विद्वान, दार्शनिक, हकीम मैमोनिदेस की मूर्ति है। कॉर्डोबा के मुस्कुराते लोगों ने हमें सुनिश्चित किया, 'हम वास्तव में बहुत आराम पसंद व सहज लोग हैं. हमें गार्डन, फूल, नाजुक जेवर, सड़कों के किनारे बने कैफे में दोस्तों से मिलना जैसी चीजें पसंद हैं। आप जो थोड़ा समय यहां बिताओगे उसमें ही इस बात का अंदाजा हो जायेगा।' हमें अंदाजा हो गया। कैल्लेजा डे लॉस फ्लोर्स की पतली गलियों में चहलकदमी करते हुए हमने पुती हुई दीवारों पर गमले लटके हुए देखे जिनमें फूल खिल रहे थे। लोहे के सुंदर दरवाजों में से झांका तो अंदर आंगन में फव्वारे व पौधों की ठंडक थी। शहर की मुस्लिम विरासत पूरी तरह से झलक रही थी। खुले आंगनयुक्त मकान न सिर्फ वेंटिलेशन उपलब्ध करा रहे थे बल्कि परिवार की महिलाओं की प्राइवेसी भी सुनिश्चित कर रहे थे।

लोग खुलकर चांदी के जेवरों की खरीदारी कर रहे थे। सभी डिजाइन मूरिश मूल के थे। एक महिला ने बताया, 'मैं भारत गई हूं। मुझे मालूम है कि तुम्हारी महिलाओं को सोना बहुत पसंद है, जो शानदार कपड़ों के साथ अच्छा लगता भी है। लेकिन अधिकतर मुस्लिम सोने को दिखावा समझते हैं। फिर परम्परागत मूरिश महिलाएं जो सादे रंग के कपड़े पहनती हैं, उनके साथ चांदी अधिक अच्छी लगती है।' पतली गलियों से निकल कर हम चैड़ी सड़कों पर आ गये। खुली हवा में, रंग-बिरंगे छातों के नीचे लोगों की टोलियां बैठी हुई थीं, गहरी वार्ता में व्यस्त। स्पेनी लोग सिर्फ भूख शांत करने के लिए भोजन नहीं करते हैं। उनके लिए प्रत्येक भोजन प्रसन्न सामाजिक अवसर है और हमने पुरानी बातें सुनने के लिए हर भोजन के लिए दो घंटे आवंटित कर दिए थे, विशेष कर अन्दुलिस प्रांत में। स्पेन के इस दक्षिणी हिस्से में घर से बाहर बैठने की आरामदायक संस्कृति है, जैसे मध्ययुग की सभ्यता किसी वजह से आधुनिक से मिल गई हो। इसका हम पर नाटकीय प्रभाव पड़ा जब हमने महान कैथेड्रल में प्रवेश किया जिसे आज भी स्थानीय लोग ला मेज्कुइत (मस्जिद) कहते हैं। इतिहास बताता है कि पहले यह सेंट विन्सेंट की चर्च थी जिसे जर्मनी मूल के विसिगोथ शासकों ने बनवाया था, जो कॉर्डोबा पर मूर मुस्लिमों से पहले राज करते थे। मूरों ने आधी चर्च को खरीद लिया और कुछ समय तक धार्मिक भाईचारे की शानदार मिसाल के तहत दोनों मुस्लिमों व ईसाइयों का साझा पूजास्थल था। फिर मुस्लिमों की बढ़ती संख्या को देखते हुए खलीफा अब्दुर्रहमान ने मोटी कीमत देकर और शहर में अन्य चर्च निर्माण की अनुमति देकर 784 में चर्च का बाकी आधा हिस्सा भी खरीद लिया। इस तरह आहिस्ता-आहिस्ता एक बड़ी मस्जिद की बुनियाद पड़ी।

**समीर चौधरी.**

## आपकी बात

### संसाधनों का बंटवारा

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है। एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है।

दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्कि सरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। सरकारी क्षेत्र में मोट वेतन दिये जा रहे हैं और स्टॉफ घटाये जा रहे हैं। जबकि वेतन सीमित करके कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। इसलिए सरकारों को वेतन आयोग की रिपोर्टों को कूड़े के ढेर में फेंककर अधिक से अधिक लोगों को नियोजित करने का प्रयास करना चाहिए। इससे विषमता घटेगी। दरअसल विकास का लाभ समाज को तभी मिलता है, जब उसके दायरे में अधिक से अधिक लोग आयें।

**ज्ञान प्रकाश वर्मा, लखनऊ.**

### विकास से उत्पन्न अवसर

देश की आर्थिक प्रगति के लिए शहरों का हाईटेक और आधुनिक विकास बहुत जरूरी है। शहर आज अवसरों के हब बनकर उभरें हैं। इसलिए जैसे-जैसे शहर विकसित होंगे, उसी गति से अवसरों का विकास भी होगा। देश में स्मार्ट सिटी परियोजना कई वर्षों से चल रही है लेकिन उसमें कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। शहरों के बढ़ते आकार के मद्देनजर विकास प्राधिकरणों की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी थी कि शहरों का नियोजित विकास हो ताकि बड़ी संख्या में लोगों को शहरों में घर मिल जाये और नागरिक सुविधाओं को भी बेहतर तरीके से प्रबंध किया जा सके। लेकिन स्थानीय निकायों एवं प्राधिकरणों की अकुशलता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण शहरों के विकास का दायित्व प्रापर्टी डीलरों के जिम्मे आ गया और नागरिक सुविधाओं की जिम्मेदारी ठेकेदारों के पास पहुंच गयी है। उत्तर प्रदेश में करीब 78 फीसद से अधिक आबादी अभी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए भविष्य में शहरीकरण तेज होगा। शहरीकरण को अवसरों के रूप में देखना चाहिए और यहां होने वाले प्रत्येक निवेश को युवाओं के लिए रोजगार सृजन के तौर पर देखना चाहिए। क्योंकि शहरीकरण अवसरों का हब है और इस मौके को किसी भी तरह गंवाना नहीं चाहिए।

**राजेश कुमार वर्मा, बाराबंकी.**

संक्षेप

## महिला का तालाब में फिसला पैर, डूबकर मौत

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। टिकैतनगर कोतवाली क्षेत्र में एक महिला की तालाब में डूबने से मौत हो गई। महिला शौच के लिए, तालाब किनारे गई तभी उसका पैर फिसला और वह गहरे पानी में डूब गई। महिला की आवाज सुन ग्रामीण ने मौके पर पहुंच काफी कोशिश के बाद तालाब से बाहर निकाला। लेकिन तब तक उसकी जान जा चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। महिला की पहचान ग्राम सिकरी रीता पत्नी सुरेंद्र यादव के रुप में हुई। मृतका की तीन बेटियां हैं। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की जांच चल रही है।

## साइबर अपराध पीड़ितों की धनराशि वापस करायी

ललितपुर। जनपद में साइबर अपराधों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साइबर क्राइम थाना ललितपुर द्वारा एमआरएम पोर्टल का प्रभावी उपयोग करते हुए माह जुलाई एवं अगस्त में साइबर अपराध के पीड़ितों की लगभग 1 लाख 86 हजार 982 रुपये की धनराशि सफलतापूर्वक वापस कराई गई है। इसके साथ ही लगभग 4 लाख 73 हजार 559 रुपये की धनराशि एमआरएम पोर्टल पर अपडेट की गई है, जिसे बैंकों से समन्वय स्थापित कर इस धनराशि को भी जल्द पीड़ितों के खातों में वापस कराया जाएगा। जनपद ललितपुर पुलिस की आमजन से अपील है कि साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 पर कॉल करें या सम्बन्धित थाने में संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करायें।

## दो हत्यारोपी गिरफ्तार

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक, ललितपुर कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमें में सम्बन्धित अभियुक्तगण कृपाल पुत्र त्रिलोक उम्र करीब 36 वर्ष एवं त्रिलोक सिंह यादव पुत्र इमरत सिंह उम्र करीब 53 वर्ष निवासीगण ग्राम खुरा थाना कोतवाली जिला ललितपुरद्ध को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में वादिया मुकदमा द्वारा तहरीर देकर अवगत कराया गया था कि अभियुक्तगणों द्वारा वादिया व उसके परिजनों के साथ गाली गलौज कर मारपीट करना जिससे बादाम सिंह का गंभीर रूप से घायल हो गया था। तहरीर पर कोतवाली ललितपुर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर पूर्व में दो अभियुक्त अनितेश व जयदेव को गिरफ्तार कर जिला कारागार में निरूद्ध कराया गया था। 31 अगस्त को घायल बादाम सिंह की उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने पर मुकदमा उपरोक्त में सुसंगत धारा की बढ़ोत्तरी कर अभियुक्तगण कृपाल व त्रिलोक को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है।

## साबरमती एक्सप्रेस में सो रही महिला का पर्स चोरी

ललितपुर। ट्रेन में सफर के दौरान यात्रियों के सामान की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए। अयोध्या से बीना जा रही साबरमती एक्सप्रेस में सफर कर रही एक दंपती की महिला यात्री का पर्स अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पर्स में मोबाइल फोन और सात हजार रुपये नकद रखे थे। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 22 हजार रुपये बताई गई है। मध्य प्रदेश के जिला रायसेन अंतर्गत निवासी बेगमगंज राजेन्द्र सिंह तोमर पुत्र स्व. बजरंग सिंह तोमर अपनी पत्नी राजकुमारी के साथ 30 जुलाई 2026 को ट्रेन संख्या 19168 साबरमती एक्सप्रेस से अयोध्या से बीना की यात्रा कर रहे थे। दंपति कोच संख्या ए/2 की बर्थ नंबर 28 पर सफर कर रहा था। यात्रा के दौरान राजेन्द्र सिंह की पत्नी ऊपरी बर्थ पर सो रही थीं। उन्होंने अपना हरा लेदर का लेडीज पर्स तकिए के पास रखा हुआ था। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने मौका पाकर पर्स पार कर दिया। ट्रेन जब ललितपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने वाली थी, तभी दंपति ने देखा कि तकिए के पास रखा पर्स गायब है। आसपास तलाश करने के बाद भी पर्स का कोई पता नहीं चला। पर्स में एमआई कंपनी का मोबाइल फोन, जियो सिम और सात हजार रुपये नकद रखे हुए थे। उसके मुताबिक चोरी गए सामान और नकदी की कुल कीमत करीब 22 हजार रुपये है।

# ग्रामीण स्टेडियम के निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन



ललितपुर। युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्राम सभा क्षेत्र ललितपुर के विकास खण्ड-जखौरा के ग्राम पंचायत-लखनपुरा (भोंरसिल) जनपद-ललितपुर में ग्रामीण स्टेडियम का निर्माण कार्य, लागत रू0 853.57 लाख से किया जा रहा है। जिसका भूमिपूजन, शिलान्यास रामरतन कुशवाहा, सदर विधायक ललितपुर, श्रीमती रमा निरंजन, एम0एल0सी0, कैलाश नारायण निरंजन, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं चन्द्रशेखर पंथ, मंत्री प्रतिनिधि द्वारा किया गया। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथएवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चन्द्र यादव, के द्वारा जनपद ललितपुर को ग्रामीण स्टेडियम का स्वीकृत किया जाना जनपद एवं इस क्षेत्र के विकास के लिए मूल्यावान धरोहर है। इस क्षेत्र की जनता के लिए तथा खेल जगत के लिए स्टेडियम की सुबिधा प्रदान करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। इस ग्रामीण स्टेडियम के शिलान्यास करते समय मुझे अत्यन्त प्रसन्नता है कि ग्रामीण स्टेडियम बनने से विधानसभा सदर क्षेत्र ललितपुर, कस्बा बांसी एवं बांसी से लगे ग्राम पंचायतों-लखनपुरा, नंदनवारा, विधाखेत, गढिया आदि के युवा खिलाडियों को अपना हुनर निखारने हेतु यहा पर अवसर प्राप्त होगें। स्टेडियम के बगल में निर्मित अमृत सरोवर को तरणताल के रूप में विकसित किये जाने हेतु भी आगामी समय में सार्थक प्रयास किये जायेगे।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने उद्धवोधन एवं आह्व में कहा कि ग्रामीण स्टेडियम बनने से क्षेत्र वासियों में खेल के प्रति जागरूकता बढेगी एवं इस खेल परिसम्पत्ति को अधिक से अधिक उपयोग कर खेल के जगत में अपना एवं क्षेत्र का नाम ऊचा करने का अवसर प्राप्त होगा। सदस्य विधान परिषद द्वारा समस्त क्षेत्रवासियों को ग्रामीण स्टेडियम बनने की बधाई दी एवं यहॉ अभ्यास करके विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करते हुये जनपद स्तर से मण्डल स्तर, मण्डल स्तर से राज्य स्तर एवं अन्य उच्च स्तरों पर जनपद का नाम रोशन करें। सरकार की योजना है कि प्रत्येक विकास खण्ड में जमीन उपलब्ध होने पर एक-एक स्टेडियम का निर्माण कराया जाये।

# सदस्य, पिछड़ा वर्ग आयोग ने जन चौपाल से फरियादियों की सुनी पीड़ा

जिला संवाददाता

ललितपुर। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य कुलदीप शर्मा द्वारा विकासखण्ड जखौरा के ग्राम खुरा में जन चैपाल का आयोजन किया गया। चैपाल में सदस्य द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, वृद्वावस्था पेंशन, निश्राश्रित महिला पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना, छात्रवृत्ति योजना, शौचालय निर्माण, प्राथमित स्वास्थ्य केन्द्र, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, आंगनबाड़ी केन्द्र सहित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में ग्रामवासियों से विस्तृत चर्चा की गयी।

जन चैपाल में खण्ड विकास अधिकारी जखौरा, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी कृषि, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण, ग्राम विकास अधिकारी ग्राम खुरा, सहायक स्थास्थ्य अधिकारी, पर्यवेक्षक स्वास्थ्य, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे। चैपाल के दौरान ग्रामवासियों द्वारा ग्राम में एक अन्त्येष्टि स्थल तथा सड़क निर्माण की मांग की गयी। इस पर खण्ड विकास अधिकारी द्वारा आवश्वासन दिया गया कि बरसात के पश्चात अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा। कुलदीप शर्मा ने चैपाल में कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क एवं आवास जैसी मूलभूत आवश्यकताएं प्रत्येक नागरिक तक पहुँचनी चाहिए। जिसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है। जनचैपाल में ग्रामवासियों ने योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर अपनी समस्याओं को रखा तथा सरकार की जनहितैषी योजनाओं की सराहना की। चैपाल के अंत में सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग के द्वारा सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु समस्त अधिकारियोंध्कर्मचारियों को निर्देश दिये।

# माफिया की 97.19 करोड़ की संपत्ति कुर्क

ललितपुर। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ के नेतृत्व में कानपुर जोन के आठ जनपदों में पिछले तीन माह के दौरान अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई और सराहनीय कार्यों की समीक्षा रिपोर्ट जारी की गई है। 23 मई 2026 से 31 अगस्त 2026 तक की इस समीक्षा में ललितपुर जनपद में अपराधियों के खिलाफ की गई बड़ी कार्रवाई के साथ ही जनसुनवाई शिकायतों के निस्तारण में जिले के बेहतर प्रदर्शन की तस्वीर सामने आई है। कानपुर जोन में शामिल कानपुर देहात, इटावा, औरैया, फतेहगढ़, कन्नौज, झांसी, जालौन एवं ललितपुर समेत सभी आठ जनपदों में अपराध नियंत्रण, अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई तथा जनसमस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं। रमेश खटीक के परिवार पर पुलिस-प्रशासन का बड़ा एक्शन

ललितपुर में चिन्हित बड़े माफिया और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सुभाषपुरा निवासी रमेश खटीक पुत्र मटरूलाल और उसके परिवार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। रिपोर्ट के अनुसार रमेश खटीक और उसके परिवार के सदस्यों जितेन्द्र खटीक पुत्र रमेश खटीक, जयश्री उर्फ पिन्की पत्नी जितेन्द्र कुमार खटीक तथा राजकुमार खटीक पुत्र रमेश खटीक के खिलाफ कुल 15 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। अपराधिक गतिविधियों से अर्जित बताई गई संपत्ति के विरुद्ध पुलिस-प्रशासन ने 8 और 9 फरवरी को कार्रवाई करते हुए कुल 97,19,06,198 रुपये, यानी करीब 97.19 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति के जब्तीकरण/कुर्की की कार्रवाई की। करोड़ों रुपये की इस कार्रवाई को अपराधियों की आर्थिक कमर तोड ? की दिशा में बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। इस कार्रवाई से जिले में आपराधिक गतिविधियों और अवैध तरीके से संपत्ति अर्जित करने वालों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। पुलिस प्रशासन की ओर से अपराधियों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रखने पर जोर दिया जा रहा है। अपराध नियंत्रण के साथ-साथ आम जनता की शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में भी ललितपुर पुलिस का प्रदर्शन बेहतर रहा। उत्तर प्रदेश शासन की आईजीआरएस (जनसुनवाई समाधान प्रणाली) की मासिक समीक्षा में ललितपुर को शीर्ष रैंक हासिल करने वाले जनपदों में स्थान मिला। जून 2026 की समीक्षा में कानपुर जोन के आठ जनपदों में से ललितपुर समेत पांच जनपदों ने प्रथम रैंक प्राप्त की। वहीं जुलाई 2026 की समीक्षा में भी बेहतर प्रदर्शन जारी रहा। इस माह कानपुर जोन के आठ जनपदों में से ललितपुर समेत सात जनपदों ने प्रथम रैंक हासिल की।

# तमंचे के साथ रील बनाना पड़ा भारी, पुलिस ने युवक को दबोचा

ललितपुर। सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ वीडियो और रील बनाकर उसे वायरल करने का शौक एक युवक को भारी पड़ गया। थाना महरौनी क्षेत्र की खितवास चैकी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध असलहे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का देशी तमंचा, दो जिंदा कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। खितवास चैकी प्रभारी उपनिरीक्षक गुलाम फरीद अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे और वांछित अभियुक्तों की तलाश में जुटे थे। इसी दौरान मुखबिर खास ने सूचना दी कि ग्राम छिल्ला स्थित पुराने बंद पड़े शिवराज ढाबे की टिन शेड के नीचे एक युवक बैठा है। उसके पास अवैध तमंचा है और वह सजनाम नदी के पास तमंचे के साथ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करता है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही वहां बैठा युवक सकपका गया। पुलिस ने घेरकर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम ग्राम छिल्ला निवासी अंकुल अहिरवार पुत्र लालाराम बताया। पुलिस के मुताबिक आरोपी की जामा तलाशी लेने पर उसकी पैंट की दाईं जेब से 315 बोर का एक देशी तमंचा तथा बाईं जेब से दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। उसके पास से वीवो कंपनी का मोबाइल फोन भी मिला। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह तमंचे के साथ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करता था। वह सजनाम नदी के पास भी वीडियो बनाने के उद्देश्य से गया था। मोबाइल डिस्चार्ज होने के कारण वह वापस लौटकर पुराने ढाबे के पास बैठ गया था, जहां पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी अंकुल अहिरवार के खिलाफ आयुध अधिनियम की धारा 3/25 के तहत थाना महरौनी में मुकदमा दर्ज किया है।

## सपा नेता की गिरफ्तारी पर 25 हजार का इनाम घोषित

प्रतापगढ़। जिले की पुलिस ने एक युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संदीप विश्वकर्मा की गिरफ्तारी में मदद करने वाले को 25 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

पुलिस उपाधीक्षक (नगर) आशुतोष मिश्रा ने मंगलवार को बताया कि लीलापुर थाना क्षेत्र के मानापुर सिंधौर निवासी सौरभ विश्वकर्मा की हत्या के बाद 14 अगस्त को पोस्टमार्टम के दौरान एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया था। उन्होंने बताया कि इस मामले में जेठवारा थाना क्षेत्र के कटरा गुलाब सिंह निवासी संदीप विश्वकर्मा के खिलाफ नगर कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने आरोपी संदीप विश्वकर्मा की गिरफ्तारी पर सोमवार देर शाम 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया। समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने इस बात की पुष्टि की है कि संदीप विश्वकर्मा पार्टी की एक शाखा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं।

## विवाहिता से मिलने गये युवक की पीट-पीटकर हत्या

बुलंदशहर। जिले के एक गांव में सोमवार रात एक विवाहिता से उसके घर पर मिलने गए 28 वर्षीय एक युवक की कथित तौर पर लाठियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक, इस घटना के संबंध में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। घटना बुलंदशहर जिले के जिनामई गांव में सोमवार रात हुई। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अंतरिक्ष जैन ने बताया कि मंगलवार सुबह पुलिस को घटना की सूचना मिली। जैन ने बताया कि अनूपशहर के क्षेत्राधिकारी पुलिस टीम के साथ छतारी थाने से मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान जिनामई गांव निवासी पुष्पेंद्र के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पुष्पेंद्र रात में एक विवाहिता के घर गया था, जहां महिला के पति और उसके चाचा ने कथित तौर पर उस पर लाठियों से हमला किया। हमले में उसकी मौत हो गई। घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमें गठित की गई हैं।

## बाराबंकी में दो बसों की टक्कर में मासूम की मौत,15 घायल

बाराबंकी। जिले के रामनगर क्षेत्र में मंगलवारको बाराबंकी-बहराइच हाईवे पर डीसीएम को ओवरटेक करते वक्त तेज रफ्तार दो रोडवेज की बस की आमने-सामने टक्कर हो जाने से पांच साल के मासूम की मौत हो गई जबकि परिचालक सहित दोनों बसों में सवार 15 अन्य यात्री घायल हो गए।

पुलिस सूत्रों के थाना रामनगर अंतर्गत, बाराबंकी बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामनगर निवासी पूजा (26) मंगलवार सुबह अपने बेटे आर्यन (5) व सात महीने की मासूम बेटी के साथ दवाई लेने जिला अस्पताल गई थी। वह बाराबंकी डिपो की अनुबंधित बस से घर वापस लौट रही थी। उनके साथ बस में करीब 35 लोग सवार थे। तेज हवाओं के साथ हो रही बारिश के बीच दलसराय गांव के पास ओवरटेक के चक्कर में अनुबंधित बस सामने से आ रही कैसरबाग डिपो की रोडवेज बस से टकरा गई।

## जन समाधान बैठक में गूंजीं सड़क - सफाई और पुलिया की समस्याएं

जसवंतनगर, संवाददाता। समाजवादी पार्टी की ओर से नगर क्षेत्र के एक वार्ड में जन समाधान बैठक आयोजित की गई। बैठक में वार्डवासियों ने सड़क, पुलिया, सफाई व्यवस्था और अन्य विकास कार्यों से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से उठाईं। सपा नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता और सुभाष चंद्र गुप्ता ने लोगों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के लिए संबंधित स्तर पर प्रयास करने का आश्वासन दिया। वार्डवासियों ने शमशान घाट तक सड़क निर्माण, जर्जर सड़क व पुलिया की व्यवस्था और मोहल्ले में नियमित सफाई कराने की मांग रखी। लोगों का कहना था कि इन समस्याओं के कारण उन्हें आवागमन समेत अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राहुल गुप्ता ने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान के लिए पार्टी लगातार लोगों के बीच पहुंच रही है।

# अटल आवासीय विद्यालय में सुरक्षा और बच्चों के स्वास्थ्य पर सख्ती

## मंडलायुक्त ने वर्चुअली बैठक में दिए निर्देश



ललितपुर। निर्माण श्रमिकों के बच्चों एवं अनाथ बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्राम धौर्रा में संचालित अटल आवासीय विद्यालय में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा, पोषण और गुणवत्तायुक्त सुविधाओं को लेकर सोमवार को मंडलीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे वर्चुअल माध्यम से जुड़े, जबकि जिलाधिकारी सत्य प्रकाश समेत जनपद एवं मंडल स्तरीय अधिकारियों ने विद्यालय में मौजूद रहकर व्यवस्थाओं और विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि विद्यालय में किसी भी दशा में अनाधिकृत व्यक्ति को प्रवेश न दिया जाए। विद्यालय परिसर और हॉस्टल में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने तथा कंट्रोल रूम से उनकी लगातार निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया। किसी अनाधिकृत गतिविधि की जानकारी मिलने पर उसकी रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखते हुए जांच कराने और पुष्टि होने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। मंडलायुक्त ने छात्र-छात्राओं की समस्याओं के समय से समाधान के लिए अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा नियमित रूप से विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों से संवाद स्थापित करने को कहा। उन्होंने विद्यालय में रैगिंग, शारीरिक या मानसिक उत्पीड ? तथा अभद्र भाषा के प्रयोग पर पूरी तरह रोक लगाने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों की नियमित काउंसलिंग कराने के साथ ही पढ़ाई, खेलकूद, व्यायाम, सोने और सुबह उठने की दिनचर्या पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। विद्यार्थियों के समग्र स्वास्थ्य और पोषण को लेकर मंडलायुक्त ने प्रत्येक माह नियमित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कराने के निर्देश दिए।

# भाजपा सरकार है जन विरोधी : रामाश्रय विश्वकर्मा

## जन विरोधी सरकार को पीडीए समाज देगा वोट की ताकत से जवाब

गोला, गोरखपुर। चिल्लूपार विधानसभा के उपनगर गोला में मंगलवार को समाजवादी पार्टी का पीडीए जनपंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्ववर्ती सपा सरकार की उपलब्धियों का बखान करने के साथ ही भाजपा पर पीडीए समाज के साथ सौतेला ब्यवहार करने का आरोप लगाया गया। जनपंचायत में पीडीए समाज विशेषकर विश्वकर्मा समाज के लोगों को बुलाया गया था। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए विश्वकर्मा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री रामाश्रय विश्वकर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार में हमारे समाज के लोगो के साथ प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से ज्यादती और जुल्म बढ़ा है। जिसका उदाहरण गाजीपुर एवं प्रतापगढ़, देवरिया तथा कानपुर आदि जगहों पर हत्या के रूप में देखने को मिला है। अब तक इस सरकार में लगभग 50 हत्याएं पीडीए समाज से जुड़े यानी विश्वकर्मा समाज के लोगो की हुई है। ऐसे में हमे इस जन विरोधी, समाज विरोधी सरकार को अपने वोट की ताकत से जबाब देना होगा। वर्तमान सरकार में लूट, खसोट, भ्रष्टाचार भी काफी चरम पर है। आज इस सरकार ने जितना फर्जी एनकाउंटर करवाएं है। उसमें सत्तर प्रतिशत दलित एवं पिछड़े समाज के लोगो के हुये है।

विशिष्ठ अतिथि चिल्लूपार के पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी ने कहा कि वर्तमान सरकार आज हर मोर्चे पर फेल है। चाहे वह कानून की बात हो, महिलाओं के सम्मान की बात हो या रोजी-रोजगार की बात हो हर तरफ यह सरकार फिसड्डी साबित हुई है। इस लिये हम सभी को सचेत होकर आगामी चुनावों में पीडीए की सरकार बनाकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना होगा। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष रामनगीना साहनी, चिल्लूपार के सपा प्रभारी, मिर्जा कदीर बेग, रामनाथ यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश सचिव अवधेश यादव, रामप्रसाद शर्मा, राजेश भारती, अजय कन्नौजिया आदि ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विधान सभा चिल्लूपार के सपा विधान सभा अध्यक्ष अमरजीत यादव ने किया।

जबकि संचालन विश्वकर्मा समाज के जिलाध्यक्ष यशपाल विश्वकर्मा ने किया।

इस दौरान श्रीकांत यादव, हरदेव यादव, जनार्दन यादव, प्रभाकर विश्वकर्मा, अरविंद यादव, भुनेश्वर चौबे, परमानंद दूबे, लालजी यादव, फूलचंद विश्वकर्मा, राजू प्रसाद, अरुण यादव अजय दूबे, सत्यपाल पाण्डेय, अजय राय, अनिल मिश्रा, भीम यादव, अक्षयवर रंजन भारती आदि लोग उपस्थित रहे।

## ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज ने लगवाया स्वास्थ्य और जांच शिविर



बाराबंकी। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के तत्वाधान मे फजलुर्रहमान पार्क पर निःशुल्क स्वास्थ्य एंव जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे चिकित्सको की टीम ने आये हुये मरीजो की शुगर और ब्लड प्रेशर की निःशुल्क जाँच की। तथा जाँच के बाद रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह देते हुये निःशुल्क दवाये बांटी। शिविर आयोजक ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने चिकित्सको की टीम को अंगवस्त्र पहनाकर व बूके भेटकर स्वागत किया। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राईन ने कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना सामूहिक जिम्मेदारी है। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए समय पर स्वास्थ्य जाँच और दवाएं मिलना बेहद महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया है।

## नैतिक पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व न्यायाधीश का वकीलो ने किया स्वागत



बाराबंकी। श्री अवध बिहारी मिश्र सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष अधिवक्ता रितेश कुमार मिश्र के नेतृत्व मे अधिवक्ताओ ने नैतिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व न्यायाधीश चंद्र भूषण पाण्डेय का अंगवस्त्र पहनाकर व फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व न्यायाधीश श्री पाण्डेय ने कहा कि शिक्षा, चिकित्सा, रोजी रोटी व मकान तथा नवयुवको को रोजगार जैसी अच्छी व्यवस्था का संकल्प को लेकर युवा नैतिक पार्टी को आगे बढ़ाये। एक अच्छे-सच्चे व्यक्तित्व के लोगो की समाज में जरूरत है और ऐसे लोग समाज का नेतृत्व करे तो मेरे देश की जाति पाती आरक्षण जैसी व्यवस्था से निजात मिल सकता है। स्वागत करने वालो मे अनिल शुक्ला, रजनीश शुक्ला, पवन मिश्रा, संजय गांधी, जय राम चैरसिया, रईस कादरी, अशोक द्विवेदी, विजय पांडे, अमीर अबरार, हाशिम, प्रणव बाजपेई, मो0इरशाद, रिजवान, अरमान, वीरेंद्र वर्मा, रितेश कुमार, वीरेन्द्र वर्मा, शुभम शर्मा, पवन तिवारी, अरविन्द शुक्ला, सहदेव मौर्या, प्रवीण यादव, आशुतोष पांडे, आकाश राय, संजय यादव, शाकिब मौजूद रहे।

## बाजार भाव में गिरावट पर भामाशाह भाव स्थिरता कोष से मिलेगा अनुदानः डीएम



बाराबंकी। प्रदेश सरकार द्वारा आलू उत्पादक किसानों के हित में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लागू भामाशाह भाव स्थिरता कोष योजना के जनपद में प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में स्टोरेज संचालको, किसानो के साथ बैठक की। बैठक में बताया गया कि आलू के बाजार भाव में गिरावट की स्थिति में किसानों को राहत प्रदान करने के लिये भामाशाह भाव स्थिरता कोष के माध्यम से निर्धारित उत्पादन लागत एवं बिक्री दर के अंतर के आधार पर पात्र किसानों को अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। योजना का लाभ ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से प्राप्त होगा तथा स्वीकृत अनुदान की धनराशि आधार-सीडेड डीबीटी के माध्यम से सीधे किसान के बैंक खाते में अंतरित की जाएगी। योजना के तहत प्रति किसान अधिकतम 2 हेक्टेयर आलू रोपित क्षेत्रफल तथा अधिकतम 200 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की दर से अनुदान अनुमन्य होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ किसानों तक पहुंचाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि भामाशाह भाव स्थिरता कोष योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक पात्र आलू किसानों को योजना का लाभ दिलाया जाए। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से युवाओं को मिल रहा स्वरोजगार और रोजगार सृजन का अवसर

बाराबंकी। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना युवाओं के सपनों को साकार करने और उन्हें नौकरी तलाशने वाले से रोजगारदाता बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की आत्मनिर्भर युवा और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की परिकल्पना को धरातल पर साकार करते हुए योजना के माध्यम से युवाओं को अपने हुनर और विचारों को व्यवसाय में बदलने का अवसर मिल रहा है। जनपद के आर्यन कुमार और प्रखर शुक्ला की सफलता की कहानी इसका प्रेरक उदाहरण है। दोनों युवाओं को योजना के तहत 5-5 लाख रुपये का ऋण मिला, जिसके माध्यम से उन्होंने अपनी रुचि और हुनर को सफल उद्यम का रूप दिया। ग्राम दरावपुर निवासी आर्यन कुमार ने अपने पिता राजेंद्र कुमार से मिले मधुमक्खी पालन के अनुभव को आधुनिक उद्यम का स्वरूप देने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत आवेदन करने पर उन्हें 5 लाख रुपये का ऋण प्राप्त हुआ। इस आर्थिक सहयोग से उन्होंने मधुमक्खी पालन एवं शहद आधारित मूल्य संवर्धित उत्पादों के व्यवसाय को आगे बढ़ाया। तो वही प्रखर शुक्ला को बचपन से ही कंटेंट क्रिएशन और वीडियो एडिटिंग में गहरी रुचि थी। लेकिन आर्थिक संसाधनों की कमी उनके सामने बड़ी बाधा थी। विभागीय कैंप के माध्यम से उन्हें मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत 5 लाख रुपये का ऋण प्राप्त हुआ। आर्थिक सहयोग मिलने के बाद उन्होंने तीन कंप्यूटर खरीदे और तीन लोगों को नियुक्त कर अपना व्यवसाय शुरू किया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर नए उद्यमों की स्थापना और रोजगार सृजन को प्रोत्साहित कर रहा है। योजना के माध्यम से युवाओं को आर्थिक सहयोग, मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर उनके भीतर उद्यमिता की भावना को मजबूत किया जा रहा है।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

सिद्धार्थनगर, । जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी. एन. की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में पीएम केंद्रीय विद्यालय सिद्धार्थनगर में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन से हुआ। प्राचार्य श्री नीरज कुमार शुक्ल ने जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी का स्वागत किया।

बैठक में विद्यालय की शैक्षणिक प्रगति, प्रशासनिक व्यवस्था, आधारभूत सुविधाओं तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों में तकनीकी शिक्षा, नवाचार एवं आधुनिक कौशल के प्रति रुचि विकसित करने पर विशेष जोर दिया। समिति के सदस्यों ने विद्यालय की सुविधाओं की समीक्षा कर आवश्यक सुधार एवं विकास कार्यों के संबंध में सुझाव दिए।

बैठक के बाद जिलाधिकारी ने विद्यालय के विभिन्न कक्षों एवं विज्ञान प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। अंत में प्राचार्य ने अध्यक्ष एवं समिति के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## संक्षेप

### मिडाक्स और एमएफ यूटिलिटीज ने की साझेदारी

मुंबई। मिडाक्स ने एमएफ यूटिलिटीज इंडिया के साथ एक विशेष रणनीतिक साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत मिडाक्स का मल्टी-एसेट वेल्थ प्लेटफॉर्म देशभर के सभी म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।इस साझेदारी के माध्यम से एमएफडी, मिडाक्स के एकीकृत टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम के जरिए म्यूचुअल फंड, अंतरराष्ट्रीय एवं भारतीय इक्विटी, कॉरपोरेट फिक्स्ड डिपॉजिट, लोन अगेंस्ट सिक्योरिटीज, अनलिस्टेड सिक्योरिटीज, बॉन्ड्स, एमएलडी और अन्य वित्तीय उत्पादों तक पहुंच बना सकेंगे और उन्हें वितरित कर सकेंगे।यह साझेदारी डिस्ट्रीब्यूटर्स को एक व्यापक प्रोडक्ट पोर्टफोलियो, एआई-संचालित टेक्नोलॉजी क्षमताएं और बड़े स्तर पर वेल्थ बिजनेस तैयार करने की क्षमता प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। वर्तमान में मिडाक्स 2,000 से अधिक एमएफडी के साथ काम कर रहा है और 160 से अधिक शहरों में 7 लाख से अधिक निवेशकों को सेवाएं प्रदान कर रहा है।

### कोडी रोड्स ने जॉन सीना को खोजने के लिए लाखों गेमर्स को शामिल किया

नई दिल्ली। क्लैश ऑफ क्लैंस, जिसके अब तक दो बिलियन से ज्यादा डाउनलोड हो चुके हैं, डब्ल्यू डब्ल्यू ई के साथ दूसरी बार मिलकर काम कर रहा है; और इस बार, ये दुश्मनी पर्सनल है. डब्ल्यू डब्ल्यू ई सुपरस्टार कोडी रोड्स और डब्ल्यू डब्ल्यू ई लेजेंड जॉन सीना रिंग में अपने काम के लिए जाने जाते हैं, लेकिन उनके बीच मुकाबला वहीं से शुरू नहीं हुआ था। दोनों ही लंबे समय से क्लैश ऑफ क्लैंस खेलते आ रहे हैं, और गेमिंग का ये साझा इतिहास लॉकर रूम में एक मशहूर किस्सा बन गया है। अब, एक दशक से खेल रहे रोड्स ने क्लैश ऑफ क्लैंस कम्युनिटी और अपने साथी डब्ल्यू डब्ल्यू ई सुपरस्टार्स को झ जॉन सीना का बेस ढूंढने में मदद के लिए साथ लिया है। इस तरह, वे रिंग की एक दशक पुरानी लड़ाई को गेम के अंदर बने गांवों तक ले आए हैं आज से, 1 सितंबर से 30 सितंबर तक, क्लैश ऑफ क्लैंस के प्लेयर्स अपने रोजाना के रेड्स के दौरान सीना के लूट से भरे बेस को खोज सकते हैं। प्लेयर्स जितने ज्यादा रेड करेंगे, उनके लिए उस खास डब्ल्यू डब्ल्यू ई लेजेंड को खोजने और अपने गांव के लिए एक बार मिलने वाला कोडी रोड्स का स्टैच्यू पाने की संभावना उतनी ही ज्यादा होगी।

### वायुकोप्स ने हासिल किया राष्ट्रीय स्तर पर टॉप-4 स्थान

बरेली। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, आईआईटी इंदौर एरोथॉन 2026 में इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी, बरेली की टीम वायुकोप्स ने राष्ट्रीय स्तर पर टॉप-4 स्थान हासिल कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड और आईआईटी इंदौर द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले 7 और 8 अगस्त 2026 को आईआईटी इंदौर में आयोजित किया गया देशभर से करीब 1,000 टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया, जिनमें से केवल 25 टीमों का चयन ग्रैंड फिनाले के लिए हुआ। इन 25 अंतिम टीमों में 5 टीमें आईआईटी से थीं। वहीं, इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी की टीम वायुकोप्स ग्रैंड फिनाले के अंतिम चरण तक पहुंचने वाली एकमात्र गैर- आईआईटी विश्वविद्यालय टीम रही।

### निसान की होलसेल बिक्री में 147 प्रतिशत की वृद्धि

नई दिल्ली। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने अगस्त, 2026 में कुल 9,350 यूनिट्स की होलसेल बिक्री का एलान किया है। बीते महीने कंपनी ने घरेलू बाजार में 3,426 यूनिट्स और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में 5,924 यूनिट्स की बिक्री की। मैग्नाइट और ग्रेवाइट को लेकर लगातार मांग बने रहने से घरेलू स्तर पर कंपनी ने शानदार प्रदर्शन किया है। इसमें नई निसान टेक्टॉन के लिए बाजार से मिल रही शानदार प्रतिक्रिया का भी योगदान रहा। सालाना आधार पर कंपनी ने घरेलू बाजार में बिक्री में 147 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। कंपनी ने निसान की वन कार, वन वर्ल्ड की रणनीति के तहत दक्षिणअफ्रीका, भूटान और नेपाल के लिए निसान टेक्टॉन का निर्यात शुरू कर दिया है। इन बाजारों के लिए 1,300 से ज्यादा कारों का पहला बैच भेजा गया है। टेक्टॉन ने इन बाजारों में निर्यात के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपने सफर के पहले चरण में कदम रख दिया है। भारत में तैयार इस एसयूवी को पूरे क्षेत्र के बाजारों में ग्राहकों तक पहुंचाया जाएगा।

# सेंसेक्स में हल्की गिरावट के साथ बंद




मुंबई। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और अमेरिका-ईरान के बीच तनाव बढ़ने से मंगलवार को निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई और घरेलू शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। विश्लेषकों के मुताबिक, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा मौद्रिक नीति को लंबे समय तक सख्त बनाए रखने की आशंका बढ़ने से भी दुनिया के उभरते बाजारों में जोखिम लेने की धारणा प्रभावित हो रही है।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 12.99 अंक यानी 0.02 प्रतिशत गिरकर 76,944.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 301.15 अंक गिरकर 76,656.12 अंक तक आ गया था। अपराह्न 3.12 बजे सेंसेक्स 271.79 अंक गिरकर 76,685.48 अंक पर कारोबार कर रहा था, लेकिन समापन नीलामी सत्र (सीएएस) के दौरान इसने अधिकांश नुकसान की भरपाई कर ली। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 24.60 अंक गिरकर 24,055.80 अंक पर बंद हुआ। साप्ताहिक वायदा अनुबंधों की समाप्ति के दिन निफ्टी एक समय करीब 100 अंक गिरकर 23,980.55 अंक तक आ गया था। सेंसेक्स की कंपनियों में से मारुति, भारतीय स्टेट बैंक, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एक्सिस बैंक में प्रमुख रूप से गिरावट दर्ज की गई। दूसरी तरफ, आईटीसी, एचसीएल टेक, इन्फोसिस और भारती एयरटेल बढ़त वाले प्रमुख शेयरों में शामिल रहे। इस बीच, पश्चिम एशिया में नए सिरे से तनान बढ़ने के चलते वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.03 प्रतिशत बढ़कर 92.33 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बाजार भारत की मजबूत वृद्धि की रफ्तार और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच संतुलन बना रहा है। पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और फेडरल रिजर्व के अपेक्षाकृत सख्त रुख से महंगाई तथा लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरों की आशंका बढ़ी है। भारतीय अर्थव्यवस्था पश्चिम एशिया संघर्ष के प्रभाव के बावजूद चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में उम्मीद से बेहतर 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 7,985.88 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। सोमवार को सेंसेक्स 307.24 अंक गिरकर 76,957.27 अंक और निफ्टी 95.25 अंक घटकर 24,080.40 अंक पर बंद हुआ था।

# रुपया 28 पैसे की बढ़त के साथ 94.94 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपया मंगलवार को 28 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.94 (अस्थायी) पर रहा। घरेलू अर्थव्यवस्था में मजबूत वृद्धि, राजकोषीय घाटे पर नियंत्रण और पोर्टफोलियो निवेश से जुड़े प्रवाह के बीच यह दो महीने के उच्च स्तर पर रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, हाल में एमएससीआई से जुड़े निवेश प्रवाह से रुपये को अस्थायी सहारा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भी संभवतः घरेलू मुद्रा को समर्थन देने के लिए बाजार में हस्तक्षेप किया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.06 प्रति डॉलर पर खुला और कारोबार के दौरान 94.79 से 95.10 के दायरे में रहा। अंत में यह 94.94 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा, जो पिछले बंद भाव से 28 पैसे की बढ़त है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 21 पैसे मजबूत होकर 95.22 पर बंद हुआ था। आरबीआई के संभावित हस्तक्षेप और बेहतर व्यापक आर्थिक आंकड़ों से भारतीय रुपया मजबूत हुआ। हालांकि, कमजोर घरेलू बाजार और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने रुपये की बढ़त को सीमित किया। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.15 प्रतिशत बढ़कर 99.58 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल वायदा कारोबार में 1.97 प्रतिशत चढ़कर 92.27 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपये पर कुछ हद तक दबाव बना रह सकता है। हालांकि, तनाव में कमी आने पर निचले स्तर पर रुपये को समर्थन मिल सकता है। डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 94.65 से 95.25 के दायरे में रहने का अनुमान है। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 12.99 अंक की गिरावट के साथ 76,944.28 अंक पर और निफ्टी 24.60 अंक टूटकर 24,055.80 अंक पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को शुद्ध आधार पर 7,985.88 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

# दिल्ली को केंद्र से एक हजार टन प्याज मिलेगी

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को कहा कि केंद्र राष्ट्रीय राजधानी को 1,000 टन प्याज उपलब्ध कराएगा जो लोगों को 35 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बेची जाएगी। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के बयान के मुताबिक, गुप्ता ने कहा कि प्याज शहर के सभी 13 जिलों में उचित मूल्य की दुकानों और वैन के माध्यम से भी बेची जाएगी।

बयान में कहा गया है कि वैन के माध्यम से प्याज बेचने का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किफायती प्याज उन क्षेत्रों तक भी पहुंचे जहां लोग आसानी से उचित मूल्य की दुकानों तक नहीं पहुंच सकते। फिलहाल दिल्ली के खुदरा बाजारों में प्याज करीब 50-60 रुपये प्रति किलो के भाव बिक रहा है। बारिश के कारण फसल को हुए नुकसान के चलते हाल के सप्ताहों में प्याज की कीमतें बढ़ी हैं। इसके बाद दिल्ली सरकार ने प्याज खरीदकर लोगों को किफायती दाम पर उपलब्ध कराने का फैसला किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राजधानी में प्याज की कमी नहीं होने देगी। सीएमओ ने कहा कि सरकार का लक्ष्य दिल्लीवासियों के लिए आवश्यक खाद्य पदार्थों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना है, साथ ही उचित और सस्ती कीमतों पर प्याज भी उपलब्ध कराना है।

# विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि पांच साल के निचले स्तर पर



नयी दिल्ली। देश के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि मांग में नरमी के बीच उत्पादन और नए ऑर्डर की वृद्धि धीमी पड़ने से अगस्त में पांच साल के निचले स्तर 52.8 पर आ गई।

मंगलवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जुलाई के 53.5 से घटकर अगस्त में 52.8 रह गया। यह पांच साल में क्षेत्र की स्थिति में सबसे कमजोर सुधार को दर्शाता है। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) में 50 से अधिक का अंक विस्तार को जबकि 50 से कम का स्तर संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक नए ऑर्डर, उत्पादन, रोजगार, आपूर्तिकर्ताओं की डिलीवरी अवधि और खरीद के भंडार जैसे मापदंडों से समग्र कारोबारी परिस्थितियों का आकलन करता है। कंपनियों ने मांग की परिस्थितियों में नरमी की जानकारी दी। इससे खरीद के स्तर और भंडार में वृद्धि धीमी हुई तथा रोजगार में मामूली गिरावट आई। एचएसबीसी की मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजल भंडारी ने कहा, भारत की विनिर्माण वृद्धि अगस्त में घटकर 52.8 रह गई और इसमें लगातार तीसरे महीने गिरावट आई। उत्पादन सूचकांक अगस्त 2021 के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर आ गया। इससे संकेत मिलता है कि उत्पादन में अब भी वृद्धि हो रही है, लेकिन इसकी गति काफी धीमी हो गई है। नए ऑर्डर में वृद्धि जारी रही, हालांकि इसकी गति पांच साल में सबसे कमजोर रही। सर्वेक्षण में शामिल लोगों ने वृद्धि की धीमी गति के लिए बाजार की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों और कुछ उत्पादों की कमजोर मांग को जिम्मेदार ठहराया। प्रमुख बाजारों से मांग के चलते निर्यात बिक्री में वृद्धि जारी रही।

# सोना 2700 रुपये और चांदी 5000 रुपये टूटी

नयी दिल्ली। वैश्विक स्तर पर बिकवाली के बीच सोने की कीमतों में मंगलवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट आई। राष्ट्रीय राजधानी में सोना 2,700 रुपये टूटकर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।

स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,700 रुपये घटकर लगभग दो सप्ताह के निचले स्तर 1,58,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गई, जबकि सोमवार को यह 1,60,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। यह कीमती धातु 19 अगस्त को भी इसी स्तर पर कारोबार कर रही थी, जब इसकी कीमत 1,58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। पिछले पांच सत्रों में, सोने में 8,900 रुपये या 5.3 प्रतिशत की गिरावट आई है। 25 अगस्त को इसकी कीमत 1,67,100 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई थी। चांदी की कीमत में भी 5,000 रुपये की गिरावट आई और यह 2,40,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। सोमवार को यह 2,45,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही थी। सर्राफा पर दबाव इसलिए बना क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच नए तनाव से कच्चे तेल की कीमतें बढ़ गईं, जिससे महंगाई की चिंताएं बढ़ गईं और ब्याज दरों के परिदृश्य पर ध्यान केंद्रित हो गया।

# पेट्रोल-डीजल की बिक्री बढ़ी

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की तीन पेट्रोलियम कंपनियों की पेट्रोल और डीजल बिक्री में अगस्त में तेज वृद्धि दर्ज की गई। इसका कारण अनियमित मानसूनी बारिश के कारण किसानों और वाहन चालकों की ईंधन मांग में वृद्धि है। उद्योग के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) की पेट्रोल बिक्री अगस्त में सालाना आधार पर 9.1 प्रतिशत बढ़कर 34.8 लाख टन रही।

पिछले साल इसी महीने में कंपनियों ने 31.9 लाख टन पेट्रोल बेचा था। जुलाई में भी पेट्रोल की बिक्री में सालाना आधार पर 9.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। अगस्त में पेट्रोल की बिक्री 2024 के इसी महीने के 30.5 लाख टन के मुकाबले 14 प्रतिशत और अगस्त, 2023 के स्तर से 30.7 प्रतिशत अधिक रही। मासिक आधार पर पेट्रोल की बिक्री करीब एक प्रतिशत बढ़कर 34.5 लाख टन रही। देश में आर्थिक गतिविधियों का प्रमुख संकेतक मानी जाने वाली डीजल की बिक्री अगस्त में 10.2 प्रतिशत बढ़कर 62.7 लाख टन रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 56.9 लाख टन थी। डीजल की मांग में लगातार दूसरे महीने दहाई अंक में वृद्धि हुई है। जुलाई में इसकी बिक्री 10.7 प्रतिशत बढ़ी थी। डीजल देश में सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाला ईंधन है।

### झंडु बाम लेकर आया है अनडू विद झंडु

कोलकाता। जनरेशन जेड की सभी पीड़ाओं के लिए झंडु बाम लेकर आया है एक नया समाधान अनडू विद झंडु। हमारे इस नए कैम्पेन में अनडू विद झंडु भारत के नं. 1 पेन रिलीफ बाम झंडु बाम ने जनरेशन जेड की नजरों से दर्द को समझने की कोशिश की है। स्क्रीन देखने के कारण सिरदर्द और गर्दन दर्द, डूमस्क्रॉलिंग से थकान और रोज की परेशानियों को पीड़ा के रूप में दर्शाया गया है जिसे कि आज के युवा उपभोक्ता तुरंत पहचान लेते हैं। इस कैम्पेन का केंद्र है पीड़ालैंड एक काल्पनिक दुनिया जहाँ पर आज के युवा आधुनिक जीवन के दर्द और परेशानियों से जूझते दिखेंगे। झंडु बाम ने जिस तरह पॉपूलर कल्चर को अपनाया है, वैसा बस कुछ एक ब्रांड्स ही कर पाए हैं। इसे लोगों द्वारा बेहद पसंद किया गया था।

# देश की बिजली की खपत अगस्त में करीब 13 प्रतिशत बढ़कर 169 अरब यूनिट



नयी दिल्ली। देश की बिजली खपत अगस्त में सालाना आधार पर 12.85 प्रतिशत बढ़कर 169.01 अरब यूनिट (बीयू) हो गई। देश के कई हिस्सों में अधिक नमी के कारण एयर कंडीशनर (एसी) जैसे ठंडक देने वाले उपकरणों का इस्तेमाल बढ़ने से बिजली की मांग और खपत बढ़ी।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अगस्त, 2025 में देश की कुल बिजली खपत 149.76 अरब यूनिट रही थी। विशेषज्ञों के अनुसार, देशभर में नम परिस्थितियों के कारण वास्तविक तापमान की तुलना में अधिक गर्मी महसूस होने से एयर कंडीशनर जैसे ठंडक देने वाले उपकरणों का इस्तेमाल बढ़ा, जिससे बिजली की मांग और खपत में वृद्धि हुई। आंकड़ों के अनुसार, बिजली की अधिकतम मांग पिछले महीने बढ़कर 258.27 गीगावाट हो गई, जबकि अगस्त, 2025 में यह 229.72 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1000 मेगावाट) थी। हालांकि, अगस्त में बिजली की अधिकतम मांग मई में दर्ज 270.82 गीगावाट के रिकॉर्ड स्तर से काफी कम रही। बिजली की अधिकतम मांग पिछले साल जून, 2025 में 242.77 गीगावाट दर्ज की गई थी, लेकिन यह सरकार के 277 गीगावाट के अनुमान से कम रही थी। विशेषज्ञों ने कहा कि जारी मानसून के दौरान नमी की स्थिति बनी रहने से सितंबर में भी बिजली की मांग स्थिर रहने की उम्मीद है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने इस साल मानसून में सामान्य से कम बारिश का अनुमान जताया है। नवीनतम पूर्वानुमान में सितंबर में भी सामान्य से कम बारिश होने के आसार हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, मौसम संबंधी अनुमानित परिस्थितियों से सितंबर में भी बिजली की मांग और खपत बढ़ सकती है।

# सैमसंग ने गैलेक्सी बुक6 लाइनअप को और आगे बढ़ाया

नई दिल्ली। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड ने आज नया 14 इंच गैलेक्सी बुक6 पेश किया है। रोजमर्रा के कामकाज को ध्यान में रखकर बनाया गया यह मॉडल गैलेक्सी बुक6 लाइनअप को और ज्यादा लोगों तक पहुंचाता है। 799 डॉलर से शुरू होने वाले गैलेक्सी बुक6 में 25 घंटे तक चलने वाली बैटरी, इंटेल कोर 3 और कोर 5 की परफॉर्मेंस, गैलेक्सी एआई वाले फीचर्स और गैलेक्सी बुक6 परिवार का वही जाना पहचाना डिजाइन मिलता है। नए गैलेक्सी बुक6 के साथ हम गैलेक्सी बुक का अनुभव और ज्यादा लोगों तक पहुंचाना चाहते थे। कम कीमत में यह वे सारी चीजें एक साथ देता है जिन्हें यूजर रोज काम में लाते हैं, जैसे भरोसेमंद परफॉर्मेंस, लंबी चलने वाली बैटरी, आपस में जुड़े गैलेक्सी अनुभव और गैलेक्सी बुक6 का डिजाइन डीएनए। यह भरोसा खरीदने के बाद भी बना रहता है।

## पेज एक का शेष

### पटाखा विस्फोट

आदेश दिया। रात करीब नौ बजे उत्खनन मशीनों की मदद से फैक्टरी का ढांचा ढहा दिया गया। वहीं, घटना के बाद फरार चल रहे तीन आरोपियों-शकील, आदिल और कहकशां बेगम-पर पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत ने 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।

पुलिस के अनुसार, सोमवार दोपहर पटाखा फैक्टरी में हुए जबरदस्त विस्फोट में आठ बच्चों समेत 13 लोगों की मौत हो गई थी। चायल के क्षेत्राधिकारी शिवांक सिंह ने बताया कि विस्फोट के संबंध में पिपरी थाने में दर्ज प्राथमिकी में नौशाद, उसके बेटे आदिल, पत्नी कहकशां बानो, भाई शकील, भाभी शबाना और भतीजी साइना समेत छह लोगों को नामजद किया गया है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार पुलिस टीम गठित की गई थीं, जो विभिन्न स्थानों पर दबिश दे रही थीं। क्षेत्राधिकारी के मुताबिक, मंगलवार तड़के करीब चार बजे पुलिस को सूचना मिली कि नौशाद चरवा थाना क्षेत्र में तेरह मील के पास मौजूद है और कहीं भागने की फिराक में है। इसके बाद चरवा पुलिस और विशेष अभियान समूह (एसओजी) की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे घेर लिया।

### नौ पुलिसकर्मी

दो सिपाही पर कार्रवाई की गई है। आईजी अजय कुमार मिश्रा के निर्देश पर पिपरी थाना व चौकी में पिछले दो वर्ष में तैनात रहे यहां पुलिस कर्मियों को खिलाफ कार्रवाई की गई है। इस दुर्घटना से संबंधित तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 25-25 हजार रुपये इनाम घोषित किया गया है। अवैध पटाखा फैक्ट्री के ठीक बगल बूंदी का कारखाना था। सोमवार को घटना के वक्त कारखाने में रहे दो मजदूरों की मौत हो गई थी, एक शव की शिनाख्त हुई जबकि दूसरे का कटा हुआ हाथ प्रयागराज व पैर कौशांबी के पोस्टमार्टम हाउस पहुंचा। दिव्यांग का कटा हुआ पैर देख बिलखी उमा ने उसकी पहचान अपने भाई सुनील मौर्य के रूप में की। पुलिस अब इसकी आधिकारिक पुष्टि डीएनए टेस्ट से कराएगी। बताया गया है कि सोमवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे पटाखा बनाने के लिए बारुद सहित दूसरे ज्वलनशील पदार्थ का मिश्रण किया जा रहा था। इसी दौरान अचानक धमाका हुआ तो चंद मिनट में ही पूरा मकान जमींदोज हो गया। आग लगने के साथ ही आसमान में धुएं का गुबार उठने लगा। चौतरफा बारुद की गंध फैल गई। आसपास के मकान क्षतिग्रस्त हो गए। पटाखा फैक्ट्री, बूंदी कारखाना में काम कर रहे कर्मचारी, मजदूर मलबे में दब गए। थोड़ी ही देर में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। प्रयागराज के एडीजी जोन ज्योति नारायण, आईजी रेंज अजय मिश्रा, मंडलायुक्त, एडिशनल पुलिस कमिश्नर डा. अजय पाल शर्मा, कौशांबी के जिलाधिकारी अमित पाल शर्मा, एसपी भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। बताया जा रहा है कि पटाखा फैक्ट्री का लाइसेंस वर्ष 2024 में निलंबित किया गया था। आईजी अजय कुमार मिश्रा ने लापरवाही बरतने पर एक इंस्पेक्टर और छह दारोगा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इसके बाद दो और पर कार्रवाई हुई। निलंबित होने वालों में निरीक्षक शिवचरण राम, उपनिरीक्षक विकास सिंह, विनय सिंह, अजीत कुमार सिंह, अभिषेक गुप्ता, मनीष पाल व अमित द्विवेदी शामिल हैं। इससे पहले सोमवार को रात कौशांबी एसपी ने दो बीट आरक्षी को निलंबित करते हुए थाना प्रभारी समेत तीन लोगों को लाइन हाजिर किया था।

### सरकारी सेवाओं

में संशोधन कर चयन प्रक्रिया को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार आधारित द्विस्तरीय व्यवस्था में बदला गया। नई व्यवस्था में लिखित परीक्षा को 85 प्रतिशत और साक्षात्कार को 15 प्रतिशत अंक का वेटेज दिया गया। इससे चयन में शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता को प्रमुख आधार बनाया गया। संशोधित विनियमावली के बाद 27 फरवरी, 2026 को 26 सहायक पर्यावरण अभियंता और 14 सहायक वैज्ञानिक अधिकारी पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया। 27 अप्रैल को प्रदेश के विभिन्न शहरों में एक साथ लिखित परीक्षा आयोजित हुई, जिसका आयोजन आईआईटी कानपुर के माध्यम से कराया गया। लिखित परीक्षा का परिणाम 8 जून को घोषित किया गया। इसके बाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की अध्यक्षता में चार साक्षात्कार पैनल गठित किए गए। पैनल में विभिन्न आईआईटी और विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञों को भी शामिल किया गया।

### सेवा संकल्प

को अभियान की कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान की पहुंच केवल जिला मुख्यालय या विकासखंड स्तर तक सीमित न रहे, बल्कि इसे न्याय पंचायत और ग्राम पंचायत स्तर तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की उपलब्धियों को केवल आंकड़ों और योजनाओं की सूची के रूप में प्रस्तुत करने के बजाय उन परिवारों और लाभार्थियों की वास्तविक कहानियां जनता के सामने लाई जाएं, जिनके जीवन में सरकारी योजनाओं और विकास परियोजनाओं से बदलाव आया है।

### आतंकवाद

का सबसे जूयादा असर ग्लोबल साउथ के देशों पर पड़ता है। मोदी ने कहा इसलिए, भारत ने लगातार यह कहा है कि सभी तनावों और संघर्षों का समाधान युद्ध के मैदान में नहीं बल्कि बातचीत और कूटनीति के ज़रिए किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने शांतिपूर्ण यूरेशिया के लिए शांति और स्थिरता के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा एक शांतिपूर्ण और सुरक्षित यूरेशिया के लिए हमारी साझा इच्छा, अफगानिस्तान में शांति और स्थिरता से भी गहराई से जुड़ी है। भारत, अफगानिस्तान के लोगों के विकास और उन्हें मानवीय सहायता पहुंचाने में योगदान देता रहा है और आगे भी ऐसा करता रहेगा। मोदी का भाषण तीन मुख्य विषयों-सुरक्षा, कनेक्टिविटी और अवसर-पर आधारित था, जिनका प्रस्ताव उन्होंने समूह के पिछले शिखर सम्मेलन में एससीओ के लिए भारत की दृष्टि के तौर पर दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि एससीओ का सहयोग सीधे लोगों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा हमारी सफलता का असली पैमाना यह होना चाहिए कि हमारी कोशिशों से युवाओं के लिए कितने नये अवसर सृजित होते हैं, हमारे उद्यमियों के लिए कितने नये बाज़ार खुलते हैं, हमारे किसानों को प्रौद्योगिकी से कितना फायदा होता है और हमारे नागरिकों का जीवन कितना बेहतर होता है।

### यूपीपीईटी : अब

अभ्यर्थी अब 7 सितंबर 2026 तक पंजीकरण कर सकते हैं, निर्धारित आवेदन शुल्क जमा कर सकते हैं और ऑनलाइन आवेदन पत्र सबमिट कर सकते हैं। इससे उन अभ्यर्थियों को राहत मिलेगी जो किसी कारणवश निर्धारित समय सीमा में आवेदन प्रक्रिया पूरी नहीं कर सके हैं।

### राम मंदिर

हावरे शामिल हैं। उनका सामूहिक अनुभव रक्षा, न्यायपालिका और प्रशासन के क्षेत्रों में विस्तृत है, जिसने इस महत्वपूर्ण कार्य के सफलता पूर्वक संचालन और प्रत्याशियों के मूल्यांकन में विविध दृष्टिकोण प्रदान किया है। सर्च कमेटी द्वारा रिपोर्ट के प्रस्तुतीकरण के समय संत गोविन्ददेव, कोषाध्यक्ष व ट्रस्टी, संत दिनेंद्र दास, ट्रस्टी, कृष्ण मोहन, महासचिव, ट्रस्टी, शशांक त्रिपाठी, जिलाधिकारी, अयोध्या, दिनेश, विशेष आमंत्रित सदस्य, जगदीश आफले, सचिव, जगन्नाथ गुलवे व बजरंग बागड़ा की उपस्थिति रही। चयन प्रक्रिया कठोर, पारदर्शी और तकनीकी रूप से सक्षम थी। शुरूआत 5,585 आवेदनों से हुई और समिति ने एसआई तकनीक और मैनुअल प्रोसेस को संयुक्त करते हुए एक बहु-स्तरीय मूल्यांकन प्रक्रिया अपनाई, जिसमें दिल्ली-एनसीआर, पुणे और संबलपुर-उड़ीसा में टीमों ने समांतर कार्य करते हुए पूरी प्रक्रिया को त्रुटि रहित व सरल बनाने का कार्य किया।

### वाणिज्यिक

की परिचालन लागत में एटीएफ की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत तक होती है। वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत 19 किलोग्राम के सिलेंडर के लिए 2,738 रुपये से बढ़ाकर 2,747.50 रुपये कर दी गई है। बाजार मूल्य वाले पांच किलोग्राम के रसोई गैस एलपीजी सिलेंडर (जिसे पांच किलोग्राम एफटीएल कहा जाता है) की कीमत भी 762 रुपये से बढ़ाकर 764 रुपये कर दी गई है। कीमतों में यह वृद्धि लगातार दो महीने की कटौती के बाद हुई है। एक अगस्त को 19 किलोग्राम के सिलेंडर पर 192 रुपये और एक जुलाई को 183.50 रुपये की कटौती की गई थी। एक जुलाई और एक अगस्त को वाणिज्यिक एलपीजी की कीमतों में की गई दोनों कटौतियां पश्चिम एशिया संकट के कारण जून में कीमतों के रिकॉर्ड उंचाई पर पहुंचने के बाद हुई थीं।

### धामी ने सैनिक

रूप में देखा जाता था, अब उन्हें देश के पहले क्षेत्र के तौर पर विकसित करने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीमांत इलाकों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ स्थानीय नागरिकों की भूमिका को भी महत्व दिया जा रहा है। सीमाओं पर तैनात सैनिक और सीमा से सटे गांवों में रहने वाले नागरिक राष्ट्र की सुरक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि बनबसा में स्थापित सैनिक स्मारक देश की सीमाओं की रक्षा में योगदान देने वाले वीर जवानों के प्रति सामूहिक कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है। यह स्थल युवाओं को राष्ट्रहित, अनुशासन और देशसेवा के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सैनिक परिवार से आने के कारण सेना और सैनिक परिवारों से उनका भावनात्मक जुड़ाव रहा है। उन्होंने कहा कि सैनिकों के सम्मान से जुड़े कार्यक्रम में शामिल होना उनके लिए गर्व के साथ अत्यंत भावुक क्षण भी है। उन्होंने कहा कि सैनिकों के त्याग को केवल स्मरण करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके परिवारों के सम्मान और कल्याण को भी समाज एवं सरकार की प्राथमिकता में शामिल किया जाना चाहिए।

### छह सितंबर

महोबा, झांसी, ललितपुर, जौनपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फरुर्खाबाद, कन्नौज, लखनऊ, बाराबंकी, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, एटा, कासगंज, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल और बदायूं समेत आसपास के क्षेत्र शामिल हैं। मौसम विभाग ने सोनभद्र, मिजार्पुर, चंदौली, गाजीपुर, वाराणसी, प्रयागराज, जौनपुर, भदोही, चित्रकूट और कौशाम्बी में आकस्मिक बाढ़ की आशंका भी जताई है। इन जिलों में प्रशासन को विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है। नदियों, नालों और जलभराव वाले इलाकों की लगातार निगरानी के साथ-साथ संभावित प्रभावित आबादी को समय रहते सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की तैयारी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### हरियाणा : खड़े

देते हुए बताया कि यह हादसा तड़के करीब 4.30 बजे हुआ, जब पिक-अप गाड़ी में सवार लोग राजस्थान में खाटू श्याम मंदिर और राज्य के अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन करके लौट रहे थे और वृंदावन जा रहे थे। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के बाद चालक मौके से भाग गया और उसका पता लगाने की कोशिश की जा रही है। अधिकारी के अनुसार मरने वालों में तीन महिलाएं थीं। मृतकों की पहचान विजय (75), राजकुमार (40), रेशमा (45), कमला (65), सुधा (52), और महेश (60) के रूप में हुई है। घायलों को पलवल के एक अस्पताल ले जाया गया।




# काशी रुद्राक्स ने मेरठ मावेरिक्स को हराया

## यूपी टी-20 : कानपुर में डिफेंडिंग चैंपियन काशी रुद्राक्स की जीत से तय हुईं प्लेऑफ की 4 टीमें

**खेल संवाददाता**

कानपुर। यूपी टी20 लीग 2026 के 29वें और बेहद अहम मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन काशी रुद्राक्स ने टेबल-टॉपर्स मेरठ मावेरिक्स को 56 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। 40 अंतरराष्ट्रीय मैचों के इतिहास वाले कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में मिली इस धमाकेदार जीत के साथ ही यूपी टी-20 के चौथे सीजन के प्लेऑफ (टॉप 4) की तस्वीर पूरी तरह साफ हो

**यूपी टी-20 2026: प्लेऑफ का पूरा शेड्यूल (इकाना स्टेडियम, लखनऊ)**

- 3 सितंबर 2026 (गुरुवार):
- क्वालिफायर 1: मेरठ मावेरिक्स बनाम लखनऊ फाल्कन्स (दोपहर 3:00 बजे से)
- एलिमिनेटर: काशी रुद्राक्स बनाम नोएडा किंग्स (शाम 7:30 बजे से)
- 4 सितंबर 2026 (शुक्रवार):
- क्वालिफायर 2: क्वालिफायर 1 की हारने वाली टीम बनाम एलिमिनेटर की विजेता टीम (शाम 7:30 बजे से)
- 6 सितंबर 2026 (रविवार):
- ग्रैंड फिनाले (फाइनल): क्वालिफायर 1 की विजेता बनाम क्वालिफायर 2 की विजेता (शाम 7:30 बजे से)

गई है। लीग चरण की समाप्ति के बाद पॉइंट्स टेबल में मेरठ मावेरिक्स 15 अंकों के साथ शीर्ष पर रही, जबकि लखनऊ फाल्कन्स 13 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। काशी रुद्राक्स और नोएडा किंग्स 10-10 अंकों के साथ क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहते हुए प्लेऑफ में



जगह बनाने में सफल रहीं। वहीं, गौर गोरखपुर लायंस और मेजबान कानपुर सुपरस्टार्स का सफर यहीं खत्म हो गया है। 'करो या मरो' के इस मुकाबले में काशी रुद्राक्स के कप्तान करण शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निडर फैसला लिया।

सलामी बल्लेबाजों ने इस फैसले को सही साबित करते हुए 51 गेंदों में 75 रनों की मजबूत साझेदारी की। वैभव जायसवाल ने 24 गेंदों में तेज तर्रार 33 रन बनाए, जबकि कप्तान करण शर्मा ने 40 गेंदों में 57 रनों की कप्तानी पारी खेलकर ठोस नींव रखी। इसके बाद विकेटकीपर-बल्लेबाज उपेंद्र यादव ने मैदान पर उतरकर तबाही मचाई। उपेंद्र ने महज 29 गेंदों में 4 चौकों और 5 गगनचुंबी छक्कों की मदद से नाबाद 57 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जिसके दम पर काशी रुद्राक्स ने 20 ओवर में 175/4 का विशाल स्कोर खड़ा किया। 176 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेरठ मावेरिक्स की शुरूआत बेहद खराब रही।

स्टार ओपनर स्वास्तिक चिकारा को कार्तिक यादव ने 4 गेंदों के डक पर पवेलियन भेज दिया। कार्तिक यादव ने घातक गेंदबाजी करते हुए अपने 4 ओवरों में महज 12 रन देकर 3 विकेट झटके और मेरठ के टॉप ऑर्डर को ध्वस्त कर दिया। इस मैच विनिंग प्रदर्शन के लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। मेरठ के लिए दिव्यांश राजपूत (39 रन) ने संघर्ष किया, लेकिन 16वें ओवर की पांचवीं गेंद पर वह 'हिट-विकेट' आउट हो गए। अगली ही गेंद पर ऋषभ राजपूत ने यश गर्ग को आउट किया। 17वें ओवर की पहली गेंद पर इम्पैक्ट प्लेयर संगम सिंह ने विकेट लेकर टीम की हैट्रिक पूरी की। ऋषभ राजपूत (3/13) और अटल बिहारी विपिन राय (2 विकेट) की धारदार गेंदबाजी के आगे मेरठ की पूरी टीम 19.2 ओवर में 119 रनों पर ढेर हो गई। कानपुर में लगातार

**बारिश के कारण लखनऊ के इकाना स्टेडियम में शिफ्ट हुए सभी प्लेऑफ मुकाबले**

बारिश और गीले मैदान की परिस्थितियों को देखते हुए लीग प्रशासन ने प्लेऑफ के सभी मुकाबलों को लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में शिफ्ट कर दिया है। वहीं दूसरी ओर मध्यक्रम के अनुभवी बल्लेबाज सिद्धेश लाड को आगामी रणजी ट्रॉफी सत्र के लिए शार्दुल ठाकुर की जगह मुंबई का कप्तान नियुक्त किया गया है। ठाकुर को कार्यभार प्रबंधन के तहत इस पद से हटाया गया।

ठाकुर ने 2025-26 सत्र के लिए अजिंक्य रहाणे की जगह मुंबई की कप्तानी संभाली थी, जिसमें 42 बार की रणजी ट्रॉफी विजेता टीम क्वार्टर फाइनल में ही बाहर हो गई थी। रणजी सत्र की शुरुआत 11 अक्टूबर को होगी और मुंबई की टीम अपने पहले मैच में चंडीगढ़ से भिड़ेगी। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के एक शीर्ष अधिकारी ने लाड की नियुक्ति की पुष्टि की है। 34 वर्षीय लाड बीच में मुंबई को छोड़कर गोवा चले गए थे। उन्होंने एक साल की कूल ऑफ अवधि पूरी करने के बाद 2024-25 में मुंबई की टीम में वापसी की थी। पिछले रणजी ट्रॉफी सत्र में उन्होंने आठ मैचों में 77.40 की औसत से 774 रन बनाए, जिसमें पांच शतक और एक अर्धशतक शामिल है।

# अल्काराज ने जीत के साथ वापसी की, सबालेंका भी दूसरे दौर में

न्यूयॉर्क। मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज़ ने चोट से उबरने के बाद शानदार वापसी करते हुए यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट में सीधे सेटों में जीत दर्ज करके दूसरे दौर में जगह बनाई जबकि महिला वर्ग में पिछली दो बार की चैंपियन एरिना सबालेंका भी आगे बढ़ने में सफल रही। अल्काराज़ दाहिनी कलाई में चोट के कारण अप्रैल से ही बाहर थे तथा इस कारण फ्रेंच ओपन और विंबलडन में ही नहीं खेल पाए थे। स्पेन के इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने सोमवार को रोमन सफिउलिन को 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर खिताब बचाने के अपने अभियान का शानदार आगाज किया। सबालेंका के बाद आर्थर ऐश स्टेडियम में प्रवेश करने वाले दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज़ मैच के आगे बढ़ने के साथ अधिक सहज नज़र आने लगे और उन्होंने शानदार खेल का नजारा पेश किया। उन्होंने दर्शकों से अपार समर्थन पाने के लिए अपने कान पर हाथ रखा और मैच के अंतिम गेम में एक शानदार वॉली विनर के बाद मुट्ठी हवा में लहराई। अल्काराज़ ने कहा, मुझे फिर से प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिला, इससे मैं बहुत खुश हूं।



मुझे लगता है कि टेनिस का स्तर निश्चित रूप से बेहतर होगा। मैंने अपने पहले मैच में जिस तरह का खेल दिखाया उससे मैं खुश हूं। अगर सात बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन फिट रहते हैं, तो यानिक सिनर के घुटने की चोट के कारण बाहर होने और नोवाक जोकोविच के पहले दौर में हारने के बाद, वह जल्द ही प्रबल दावेदार बन सकते हैं। महिला एकल में सबालेंका ने कैमिला ओसोरियो को 6-4, 6-4 से हराकर 2012-14 में सेरेना विलियम्स के बाद लगातार तीन यूएस ओपन चैंपियनशिप जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनने की तरफ कदम बढ़ाए। वह वर्ष के अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पिछले तीन अवसरों पर फाइनल में पहुंच चुकी हैं। सबालेंका ने 2023 में कोको गॉफ से मिली हार से उबरते हुए 2024 में जीत हासिल की और फिर पिछले साल अमांडा अनिसिमोवा को हराकर खिताब का बचाव किया। मैच के बाद सबालेंका ने कहा, मुझे लगता है कि यह मेरे पसंदीदा स्टेडियमों में से एक है। मैंने इस स्टेडियम में सबसे अच्छी भावनाओं का अनुभव किया है।

## स्टेन वावरिंका का ग्रैंड स्लैम करियर का हार के साथ अंत

न्यूयॉर्क। यूएस ओपन में 2016 के चैंपियन स्टेन वावरिंका का ग्रैंड स्लैम करियर सोमवार को पहले दौर में ही मैटियो बेरेटिनी से 7-6 (4), 7-6 (3), 6-0 से हार के साथ समाप्त हो गया। वावरिंका ने अपना आखिरी ग्रैंड स्लैम खिताब फ्लशिंग मीडोज (जहां यूएस ओपन खेला जाता है) में जीता था। उन्होंने 10 साल पहले फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराया था। इस 41 साल के खिलाड़ी ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि आप उनका आखिरी सत्र होगा। उन्हें इस बार यूएस ओपन में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया था। वावरिंका ने कहा, मुझे इसकी बहुत याद आएगी। मुझे इसकी बहुत ज्यादा याद आएगी। मुझे यह खेल बहुत पसंद है। इस अवसर पर अमेरिकी टेनिस एसोसिएशन (यूएसटीए) के अधिकारियों ने वावरिंका को कोर्ट पर सम्मानित भी किया।

## संक्षेप

### राष्ट्रीय युवा चैंपियनशिप में तमिलनाडु के धावकों का जलवा

लुधियाना। तमिलनाडु के धावकों ने राष्ट्रीय युवा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले ही दिन मंगलवार को यहां 100 मीटर स्पर्धा के पुरुष और महिला दोनों वर्गों का स्वर्ण पदक जीतकर अपना दबदबा कायम किया। समराज आर (10.46 सेकंड) ने पुरुष वर्ग में नया युवा राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया, जबकि टी मृदिका (11.78 सेकंड) ने महिला वर्ग में मीट रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। समराज का यह प्रदर्शन 2023 में कोयंबटूर में अंशु रजक द्वारा बनाए गए 10.63 सेकंड के पिछले युवा राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर रहा। मृदिका ने 2012 में बेंगलुरु में दुती चंद द्वारा बनाए गए 11.80 सेकंड के पिछले मीट रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। वह फाइनल में 12 सेकंड से कम समय में दौड़ पूरी करने वाली इकलौती धाविका रहीं।

### प्रशांत सिंह को साइ गांधीनगर केंद्र का क्षेत्रीय निदेशक नियुक्त

नयी दिल्ली। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने खेलो इंडिया योजना के पूर्व अधिकारी प्रशांत सिंह को अपने गांधीनगर केंद्र का क्षेत्रीय निदेशक नियुक्त किया है और इसके साथ ही उन्हें गुजरात और राजस्थान की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। साइ ने मंगलवार को यह घोषणा की। लखनऊके रहने वाले सिंह को खेल प्रशासन में 10 वर्षों से अधिक का अनुभव है और वे खेलो इंडिया योजना की शुरुआत से ही इससे जुड़े रहे हैं। उन्होंने लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना और ओलंपिक सेल में भी जिम्मेदारियां संभाली हैं। उन्होंने दिल्ली स्थित साइ मुख्यालय में एथलेटिक्स, कुश्ती, हॉकी, साइकिलिंग, तलवारबाजी और जूडो सहित विभिन्न खेलों के खेल विकास अधिकारी के रूप में भी कार्य किया है।

### सांगवान की अर्धशतकीय पारी से उत्तर क्षेत्र का संघर्ष जारी

बेंगलुरु। सनत सांगवान की 76 रन की जुझारू पारी की बदौलत उत्तर क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के तीसरे दिन मंगलवार को यहां दक्षिण क्षेत्र के खिलाफ दूसरी पारी में सात विकेट पर 256 रन बनाकर अपना संघर्ष जारी रखा। उत्तर क्षेत्र की टीम इस तरह 139 रन की बढ़त हासिल कर चुकी है और उसके तीन विकेट शेष हैं। दिन की शुरुआत में दक्षिण क्षेत्र के कप्तान तिलक वर्मा बीते दिन के अपने स्कोर में 10 रन और जोड़कर 116 रन पर नाबाद रहे। उन्होंने 10वें विकेट के लिए कावुरी साईतेजा (12) के साथ 42 रन की साझेदारी कर टीम को पहली पारी का स्कोर 312 रन तक पहुंचाने के साथ 117 रन की बड़ी बढ़त दिलाई।

# रणजी : सूर्यकुमार को मिल सकती है कमान

**एजेंसी**

मुंबई। मध्यक्रम के अनुभवी बल्लेबाज सिद्धेश लाड को आगामी रणजी ट्रॉफी सत्र के लिए शार्दुल ठाकुर की जगह मुंबई का कप्तान नियुक्त किया गया है जबकि सीमित ओवरों के घरेलू टूर्नामेंटों में श्रेयस अय्यर या सूर्यकुमार यादव में से किसी एक को टीम की कप्तानी सौंपी जा सकती है। यह फैसला दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धता पर निर्भर करेगा। ठाकुर को

**रणजी में लाड संभालेंगे मुंबई की कप्तानी**

कार्यभार प्रबंधन के तहत कप्तानी से हटाया गया है। उनकी कप्तानी में 42 बार की रणजी ट्रॉफी विजेता मुंबई की टीम क्वार्टर फाइनल में कर्नाटक से हार कर बाहर हो गई थी। मुंबई टीम प्रबंधन का लक्ष्य ठाकुर को लाल गेंद वाली टीम के प्रमुख गेंदबाज के रूप में अधिकतम प्रभावी ढंग से इस्तेमाल करना है। ठाकुर ने अतीत में मुश्किल परिस्थितियों में बल्ले से भी टीम के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मुंबई लगातार दूसरे सत्र में नए कप्तान की अगुवाई में रणजी ट्रॉफी में उतरेगी। 2025-26 सत्र से पहले ठाकुर ने अजिंक्य रहाणे की जगह टीम की कमान संभाली थी। सभी प्रारूपों से इस साल जुलाई में संन्यास लेने वाले रहाणे ने 2023-24 सत्र में मुंबई को रिकॉर्ड 42वां रणजी ट्रॉफी खिताब दिलाया था। फाइनल में मुंबई ने विदर्भ को हराकर खिताब अपने नाम किया था। सफेद गेंद के घरेलू क्रिकेट में भी मुंबई अपने नेतृत्व विकल्पों का अधिकतम इस्तेमाल करना चाहेगी। भारतीय टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम के मौजूदा कप्तान श्रेयस अय्यर और उनके पूर्ववर्ती सूर्यकुमार यादव, दोनों कप्तानी की दौड़ में हैं। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई से कहा, सफेद गेंद की कप्तानी के लिए हमारे पास श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव, दोनों विकल्प हैं, लेकिन यह उनकी उपलब्धता पर निर्भर करेगा। अय्यर ने इससे पहले भारतीय टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव से संभाली है। सूर्यकुमार ने इसी साल फरवरी में भारत को टी20 विश्व कप में लगातार दूसरी और कुल तीसरी खिताबी जीत दिलाई थी। अय्यर ने 2024-25 सत्र में मुंबई को सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी का खिताब भी दिलाया था। रणजी सत्र की शुरुआत 11 अक्टूबर से होगी और मुंबई की टीम एलीट ग्रुप डी के अपने पहले मुकाबले में चंडीगढ़ से भिड़ेगी। इस ग्रुप में हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, रेलवे, तमिलनाडु और उत्तराखंड की टीमें भी शामिल हैं। चौतीस वर्षीय लाड को दबाव की परिस्थितियों में शांत और संयमित रहने के साथ-साथ लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की उनकी क्षमता के कारण मुंबई का नया कप्तान चुना गया है। लाड 2022-23 सत्र में गोवा से जुड़े थे, लेकिन वहां एक साल बिताने के बाद मुंबई लौट आए। 2023-24 सत्र में अनिवार्य एक साल का कूलिंग ऑफ पीरियड पूरा करने के बाद उन्होंने 2024-25 सत्र में फिर र ा



मुंबई का रुख किया और टीम में वापसी की। पिछले रणजी ट्रॉफी सत्र में उन्होंने आठ मैचों में 77.40 की औसत से 774 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने पांच शतक और एक अर्धशतक लगाया था। वहीं दूसरी ओर भारतीय तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ ने कहा कि पिछले तीन महीनों में सीनियर तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के साथ गेंदबाजी करने से उन्हें सही लेंथ से गेंदबाजी करने में मदद मिली है और अब उनका लक्ष्य सभी प्रारूपों में खेलना है।

## चीन मास्टर्स के पहले दिन उन्नति को मिली शिकस्त

शेनजेन। उन्नति हुड्डा चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में मंगलवार को महिला एकल के पहले दौर की चुनौती पार करने में विफल रहीं, जबकि पुरुष युगल में हरिहरन अम्साकरुणन और एमआर अर्जुन की जोड़ी ने अपने शुरुआती दौर के मुकाबले में पहले गेम के दौरान ही मैच से हटने का फैसला किया। विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज उन्नति को पहले दौर में दक्षिण कोरिया की 12वीं रैंकिंग वाली किम गा-यून के हाथों 10-21, 18-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। हरिहरन और अर्जुन की जोड़ी पहले गेम में चीन के चेन बो यांग और लियू यी के खिलाफ 8-11 से पीछे चल रही थी तभी उन्होंने मुकाबले से हटने का फैसला किया। उनके मैच से हटने की वजह तत्काल स्पष्ट नहीं हो सकी, लेकिन माना जा रहा है कि यह फिटनेस से जुड़ी हो सकती है।

# मार्श व हेड की वनडे टीम में वापसी

सिडनी। कप्तान मिशेल मार्श और उनके साथी सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड को इस महीने के आखिर में जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की 17 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है जबकि शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को बाहर कर दिया गया है।



मार्श और हेड इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान और बांग्लादेश में वनडे सीरीज में नहीं खेल पाए थे। ऑस्ट्रेलिया के लिए 15 सितंबर से शुरू होने वाला यह दौरा काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि अगले साल दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में वनडे विश्व कप खेला जाएगा। तेज गेंदबाज पैट कमिंस और मिशेल स्टार्क की जोड़ी जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली सीरीज में नहीं खेल पाएगी और उसके बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के लिए टीम में शामिल होगी। युवा खिलाड़ी जोएल डेविस और ओली पीक ने पाकिस्तान और बांग्लादेश में अच्छे प्रदर्शन के बाद टीम में अपनी जगह बनाए रखी है। जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन वनडे मैच 15, 18 और 20 सितंबर को हरारे में खेले जाएंगे। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज डरबन (24 सितंबर), जोहान्सबर्ग (27 सितंबर) और पोटचेफस्ट्रूम (30 सितंबर) में खेली जाएगी। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टेस्ट मैच खेलेगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा, यह छह मैचों की श्रृंखला अगले साल होने वाले विश्व कप को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण है। इसलिए मिच (मार्श), ट्रैविस और जोश (हेज़लवुड) का वापसी करना बहुत अच्छा है।

ऑस्ट्रेलिया की वनडे टीमः मिशेल मार्श, पैट कमिंस (केवल दक्षिण अफ्रीका के लिए), जेवियर बार्टलेट, एलेक्स कैरी, कूपर कॉनॉली, जोएल डेविस, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेज़लवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, स्पेंसर जॉनसन, ओलिवर पीक, मैथ्यू रेनशॉ, बिली स्टैनलेक, मिशेल स्टार्क, एडम ज़म्पा।

# आर्सेनल और बार्सिलोना का विजय अभियान जारी

**एजेंसी**

लंदन। आर्सेनल ने एस्टन विला को 1-0 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखा, जबकि बार्सिलोना और रोमा ने क्रमशः स्पेन और इटली में शानदार जीत दर्ज की। मौजूदा चैंपियन आर्सेनल ने बुकायो साका के 59वें मिनट में किए गए गोल के दम पर तीन अंक हासिल किए। उधर ला लिगा में लामिन यामल और राफिन्हा दोनों ने दो-दो गोल किए जिससे बार्सिलोना ने रायो वैलेकानो को 5-2 से हराकर अपने घरेलू मैदान पर लगातार 21वीं जीत दर्ज की। इस जीत से बार्सिलोना गोल अंतर के आधार पर रियाल मैड्रिड से आगे निकलकर लीग तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। इटली की लीग सीरी ए में डोनेल मालेन ने दो मैचों में अपने गोल की संख्या पांच तक पहुंचा दी। उनके शानदार प्रदर्शन से रोमा ने लेचे के खिलाफ 4-0 से जीत हासिल की। मालेन ने रोमा की फियोरेंटीना के खिलाफ शुरुआती मैच में जीत में हैट्रिक लगाई थी। वहीं दूसरी ओर अच्छे दिन आए, बुरे दिन भी आए और फिर एक ऐसा बदनाम दिन भी आया जिसे कोलकाता शायद भूल जाना चाहेगा।



इन सबके बीच लियोनेल मेस्सी किसी ना किसी तरह इस शहर के फुटबॉल प्रेम के करीब बने रहे। अर्जेंटीना के इस सुपरस्टार की अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा के 24 घंटे भी पूरे नहीं हुए हैं और कोलकाता में ऐसा महसूस हो रहा है जैसे कुछ हाथ से फिसल रहा है। मेस्सी इस शहर के लिए कभी सिर्फ एक और सुपरस्टार नहीं रहे जो आए, खेले और चले गए। मेस्सी के पहली बार सॉल्ट लेक स्टेडियम में कदम रखने के भी अब ठीक 15 साल हो गए हैं। दो सितंबर की उस शाम शुरू हुआ 90 मिनट का जादू गहरे जुनून में बदल गया।

## साइ बेंगलुरु में भारतीय एथलीट स्मार्ट ट्रैक पर कर रहे अभ्यास

नयी दिल्ली। एशियाई खेलों के करीब आने के साथ स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले, लंबी दूरी की धाविका पारुल चौधरी समेत आठ भारतीय ट्रैक एवं फील्ड एथलीट बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) में विशेष स्मार्ट ट्रैक पर अपनी तैयारियों को धार दे रहे हैं। आठ खिलाड़ियों के साथ यह शिविर आठ सितंबर तक चलेगा। इस शिविर को टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के तहत मंजूरी दी गई है। शिविर में 800 मीटर धावक कृष्ण कुमार, डेकाथलॉन एथलीट तौफीक एन, उंची कूद के एथलीट आदर्श राम और सुप्रिया बी तथा पैदल चाल खिलाड़ी मंजू रानी और प्रियंका भी शामिल हैं।

# कोन्स्टास, हैंड्सकॉम्ब और रिचर्डसन भारत दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया ए टीम में

**एजेंसी**

सिडनी। तेज गेंदबाज बेन ड्वार्शियस, सैम कॉन्स्टास और नाथन मैकस्वीनी जैसे सीनियर टीम की तरफ से खेल चुके खिलाड़ियों को भारत ए के खिलाफ होने वाली श्रृंखला के लिए मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया ए की दो प्रारूपों के लिए चुनी गई 14 सदस्यीय टीमों में शामिल किया गया।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) की राष्ट्रीय चयन समिति ने कहा कि भारत का यह दौरा बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि इसका उद्देश्य खिलाड़ियों को उपमहाद्वीप की परिस्थितियों से परिचित कराना और उन्हें भारत में खेलने की चुनौतियों के लिए तैयार करना है। ऑस्ट्रेलिया ए की टीम इस दौरे में चार दिवसीय मैच भी खेलेगी जिसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अगले साल की शुरुआत में भारत में होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए सीनियर टीम में जगह बनाने का मौका मिल सकता है। ऑस्ट्रेलिया ए टीम पुडुचेरी में दो चार दिवसीय मैच और तीन एक दिवसीय मैच खेलेगी।

पहला चार दिवसीय मैच 22 सितंबर से जबकि दूसरा मैच 29 सितंबर से शुरू होगा है। अनौपचारिक वनडे मैच छह, नौ और 11 अक्टूबर को खेले जाएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि यह दौरा विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि अगले साल ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम भारत का दौरा करने वाली है।

# गत चैंपियन मध्य क्षेत्र को हराकर पूर्व क्षेत्र दलीप ट्रॉफी के फाइनल में

**एजेंसी**

बेंगलुरु। बंगाल के तेज गेंदबाजों मोहम्मद शमी और मुकेश कुमार की धारदार गेंदबाजी के बाद वैभव सूर्यवंशी की तेजतर्रार पारी के दम पर पूर्व क्षेत्र ने मंगलवार को यहां सेमीफाइनल के तीसरे दिन गत चैंपियन मध्य क्षेत्र को चार विकेट से हराकर दलीप ट्रॉफी के फाइनल में प्रवेश किया। पूर्व क्षेत्र के सामने फाइनल में दक्षिण क्षेत्र या उत्तर क्षेत्र की चुनौती होगी। फाइनल मुकाबला छह सितंबर से चेपक (चेन्नई) में खेला जाएगा।



शमी और मुकेश ने सात विकेट आपस में साझा करते हुए मध्य क्षेत्र की दूसरी पारी को 158 रन पर समेट दिया। पूर्व क्षेत्र ने इसके बाद छह विकेट गंवाने के बावजूद 159 रन के लक्ष्य को हासिल कर लिया। स्पिनरों के लिए लगातार मददगार होती जा रही पिच पर 159 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पूर्व क्षेत्र के लिए ठोस शुरुआत करना बेहद जरूरी था। सूर्यवंशी (40 रन, 43 गेंद) ने दो अलग-अलग अंदाज वाली पारी खेली। उन्होंने शुरुआती 15 रन 30 गेंदों में बनाए, जो पहली पारी में 42 गेंदों पर बनाए गए उनके अर्धशतक के बिल्कुल विपरीत था। इस दौरान उन्होंने तेज गेंदबाज आर्यन पांडे की गेंद पर सिर्फ एक छक्का लगाया। इसके बाद उन्होंने महज 13 गेंदों में 25 रन बटोर लिए, जिसमें एक और छक्का और तीन चौके शामिल थे। उनके सलामी जोड़ीदार अभिमन्यु ईश्वरन ने शुरुआत में उनसे तेज गति से रन बनाए। उन्होंने ऑफ स्पिनर सारांश जैन की गेंद को लॉन्ग-ऑन के ऊपर से छक्का लगाकर अपना खाता खोला। सूर्यवंशी ने पारी के 14वें ओवर में यश ठाकुर के खिलाफ तीन चौके और एक छक्का लगाया, लेकिन इस 15 वर्षीय बल्लेबाज ने इसी ओवर में एक और बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में अपना विकेट गंवा दिया। कप्तान रजत पाटीदार ने दौड़ते हुए शानदार कैच लपककर उनकी पारी का अंत किया। सूर्यवंशी के आउट होते ही पूर्व क्षेत्र की पारी पर जैसे सन्नाटा छा गया।

इसके बाद टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाने लगी और लक्ष्य का पीछा अचानक मुश्किल नजर आने लगा। बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे ने लगातार गेंदों पर कुमार कुशाग्र और अनुकूल रॉय को आउट कर स्कोर पांच विकेट पर 124 रन कर दिया। कप्तान इशान किशन (नाबाद 39 रन, 41 गेंद) ने हालांकि मध्यक्रम में आत्मविश्वास से भरी पारी खेलते हुए अपनी टीम को जीत तक पहुंचा दिया। इससे पहले, मध्य क्षेत्र ने अपनी दूसरी पारी तीन विकेट पर 45 रन से आगे बढ़ाई, लेकिन दूसरे दिन भी उसकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ। टीम ने पहले सत्र में ही अपने बाकी सात विकेट गंवा दिए। नौवां विकेट गिरने के बाद सत्र को 30 मिनट के लिए बढ़ाया गया था। भारतीय टीम से बाहर चल रहे शमी और मुकेश ने मध्य क्षेत्र के बल्लेबाजों को क्रीज पर ज्यादा समय बिताने का मौका नहीं दिया।

# छात्रों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी वापस ली जायेंगी : नड्डा



नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने मंगलवार को कहा कि जुलाई में दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के नेतृत्व में हुए प्रदर्शनों में शामिल प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज सभी प्राथमिकी वापस ली जाएंगी और उनके खिलाफ कोई कड़ी कार्वाई नहीं की जाएगी।

सूत्रों ने बताया कि सरकार ने नीट-यूजी (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक) 2026 प्रश्नपत्र लीक के बाद आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिजनों को भी 90 दिनों के भीतर उचित मुआवजा देने का फैसला किया है। नड्डा की यह टिप्पणी 20 से 25 जुलाई के बीच देशभर में कॉजपा के नेतृत्व में हुए प्रदर्शनों में शामिल छात्रों के खिलाफ दर्ज सभी प्राथमिकी उच्चतम न्यायालय द्वारा रद्द किए जाने के कुछ ही समय बाद आई। शीर्ष अदालत के इस फैसले के बाद कॉजपा ने पांच सितंबर को राष्ट्रीय राजधानी में प्रस्तावित अपना मार्च वापस ले लिया। नड्डा ने कहा कि 25 जुलाई को उन्होंने और उनके सहयोगी जितेंद्र सिंह ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की थी और उन्हें आश्वासन दिया था कि उनके खिलाफ दर्ज मामले वापस ले लिए जाएंगे तथा इस मामले में कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की जाएगी। नड्डा ने यहां संवाददाताओं से कहा कि भारत सरकार की ओर से हमने छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उन्हें आश्वासन दिया था कि प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ दर्ज मामले वापस ले लिये जाएंगे और उनके खिलाफ आगे कोई कड़ी कार्वाई नहीं की जाएगी। नड्डा ने मार्च रद्द करने के कॉजपा के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि केंद्र ने भाजपा शासित सभी राज्यों से चर्चा की है और उन्होंने अपने-अपने क्षेत्राधिकार में कॉजपा के प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज सभी प्राथमिकी वापस लेने का आश्वासन दिया है। नड्डा ने कहा, इसी भावना के साथ हमने भाजपा शासित राज्यों के साथ भी चर्चा की। अब हम अपना आश्वासन पूरा करने जा रहे हैं। हम दिल्ली में पांच सितंबर के प्रदर्शन वापस लेने के कॉजपा के फैसले का स्वागत करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि देश के युवाओं का कल्याण और उनकी प्रगति सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। कॉजपा ने केंद्र पर 25 जुलाई को किए गए उन वादों को पूरा नहीं करने का आरोप लगाते हुए शिक्षक दिवस (पांच सितंबर) को दिल्ली में विरोध मार्च निकालने का आह्वान किया था। कॉजपा ने कहा था कि केंद्र ने इन वादों के जरिए परीक्षा में अनियमितताओं और नीट-यूजी 2026 के प्रश्नपत्र लीक के खिलाफ 36 दिनों से जारी आंदोलन को खत्म करने के लिए समूह को मनाया था। सरकार और कॉजपा के बीच 25 जुलाई को हुए समझौते के अनुसार, सरकार ने प्रश्नपत्र लीक होने और इसके बाद परीक्षा रद्द किए जाने के बाद आत्महत्या करने वाले नीट-यूजी अभ्यर्थियों के परिवारों को सम्मानजनक मुआवजा देने का वादा किया था। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के बाद मई में आयोजित नीट-यूजी 2026 की परीक्षा बारह मई को रद्द कर दी थी। इसके बाद 21 जून को दोबारा परीक्षा कराई गई। कॉजपा के अनुसार, इस मार्च का नेतृत्व उन छात्रों के परिवार करने वाले थे, जिन्होंने नीट-यूजी 2026 की परीक्षा रद्द किए जाने और उसके बाद दोबारा परीक्षा कराए जाने के बाद आत्महत्या कर ली थी। कॉजपा के अनुसार इसके अलावा, जुलाई में हुए आंदोलन के दौरान कथित तौर पर पुलिस की ज्यादती का सामना करने वाले लोग भी मार्च में शामिल होने वाले थे। इससे पहले, 20 जुलाई को कॉजपा के नेतृत्व में निकाले गए चलो संसद मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प हो गई थी। संसद की ओर बढ़ने की कोशिश कर रही भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षाबलों ने लाठीचार्ज किया था और आंसू गैस के गोले छोड़े थे। कई शहरों तक फैले छात्रों के इस आंदोलन में तत्कालीन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग प्रमुख थी।

जंतर-मंतर पर 20 जून को शुरू हुआ आंदोलन 25 जुलाई को प्रधान के इस्तीफे और सरकार द्वारा कॉजपा की अन्य मांगें स्वीकार किए जाने के बाद समाप्त कर दिया गया था।

# जीएसटी संग्रह अगस्त में 14.8 प्रतिशत बढ़कर करीब दो लाख करोड़ रुपये पर




नयी दिल्ली। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का कुल संग्रह अगस्त में सालाना आधार पर 14.8 प्रतिशत बढ़कर करीब दो लाख करोड़ रुपये हो गया। अप्रैल-जून तिमाही में शुल्क संबंधी चुनौतियों और पश्चिम एशिया संकट के बावजूद मजबूत आर्थिक गतिविधियों तथा खपत के दम पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि के आधिकारिक आंकड़े जारी होने के एक दिन बाद आए अगस्त के जीएसटी संग्रह के आंकड़े साझा किए गए हैं।

घरेलू लेनदेन से जीएसटी राजस्व 9.3 प्रतिशत बढ़कर 1.37 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। वहीं आयात से राजस्व 29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 62,604 करोड़ रुपये हो गया। अगस्त में सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व 1,99,853 करोड़ रुपये रहा। कुल केंद्रीय जीएसटी संग्रह अगस्त में 38,413 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी संग्रह 46,316 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी संग्रह 1.15 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। अगस्त में रिफंड 68 प्रतिशत बढ़कर 31,795 करोड़ रुपये हो गया। समीक्षाधीन महीने में शुद्ध जीएसटी संग्रह 1.68 लाख करोड़ रुपये रहा जो सालाना आधार पर 8.3 प्रतिशत की वृद्धि है। ईवाई इंडिया के कर भागीदार सौरभ अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी संग्रह भारतीय अर्थव्यवस्था की अंतर्निहित मजबूती को दर्शाता है, जिसमें लगातार बनी हुई खपत एवं अनुपालन में सुधार दिखाई देता है। यह पारंपरिक औद्योगिक केंद्रों से आगे आर्थिक गतिविधियों के विस्तार और अधिक समावेशी तथा भौगोलिक रूप से संतुलित वृद्धि का संकेत है। त्योहारों के नजदीक होने से अगले कुछ महीनों में उपभोक्ता खर्च बढ़ने के कारण राजस्व संग्रह में वृद्धि होने की संभावना है। अप्रैल-अगस्त के दौरान कुल जीएसटी राजस्व 11 प्रतिशत बढ़कर 10.43 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले एक साल में संग्रह में निरंतरता को दर्शाता है। जीएसटी परिषद की अगली बैठक 12 सितंबर को निर्धारित है।

## संक्षेप

### कोयला आपूर्ति अगस्त में 5.5 प्रतिशत बढ़ी

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की कोयला आपूर्ति अगस्त, 2026 में सालाना आधार पर 5.5 प्रतिशत बढ़कर 6.06 करोड़ टन हो गई। कंपनी ने पिछले साल अगस्त में 5.74 करोड़ टन कोयले की आपूर्ति की थी। कोल इंडिया ने मंगलवार को बयान में कहा कि गैर-विनियमित क्षेत्र (एनआरएस) को कोयले की आपूर्ति अगस्त में 9.6 प्रतिशत बढ़कर 1.21 करोड़ टन हो गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने में यह 1.10 करोड़ टन थी। कंपनी की कुल कोयला आपूर्ति चालू वित्त वर्ष 2026-27 में अप्रैल से अगस्त तक पांच महीनों के दौरान 6.70 प्रतिशत वृद्धि के साथ 32.29 करोड़ टन रही, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 30.26 करोड़ टन थी। कंपनी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में अधिक आपूर्ति से खदान के मुहाने पर जमा करीब 5.5 करोड़ टन कोयला भंडार को खपाने में भी मदद मिली। कोल इंडिया के खदान के मुहाने पर फिलहाल करीब 7.6 करोड़ टन कोयला उपलब्ध है। कंपनी ने कहा कि यह भंडार आने वाले महीनों में बिजली उत्पादन की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। कोल इंडिया की देश के कुल कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है।

# पांच राज्यों को 1183 करोड़ की दूसरी किस्त जारी होगी



नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को पांच राज्यों - उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु और त्रिपुरा - के लिए दो केंद्रीय योजनाओं के तहत 1,183.11 करोड़ रुपये की दूसरी किस्त जारी करने को मंजूरी दी।

एक सरकारी बयान के अनुसार, चौहान ने इन पांच राज्यों के कृषि मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये समीक्षा बैठक की। कृषि सचिव अतीश चंद्र भी बैठक में शामिल हुए। मंत्री ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (पीएम-आरकेवीवाई) और कृषोन्नति योजना (केवाई) के तहत कुल 1,183.11 करोड़ रुपये की दूसरी किस्त जारी करने को मंजूरी दी। इस राशि का इस्तेमाल किसानों की आय बढ़ाने, खेती की लागत कम करने और कृषि में आधुनिक प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए किया जाएगा। आंध्र प्रदेश को 409.40 करोड़ रुपये, तमिलनाडु को 355.88 करोड़ रुपये, ओडिशा को 219.65 करोड़ रुपये, उत्तराखंड को 106.67 करोड़ रुपये और त्रिपुरा को 91.51 करोड़ रुपये मिलेंगे। चौहान ने सभी राज्यों से जमीनी स्तर पर इन योजनाओं को तेजी से लागू करने का आग्रह किया ताकि योजनाओं का फायदा हर पात्र किसान तक समय पर पहुंच सके।

# बैंक कर्मचारी संगठनों का 11 सितंबर को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान

नयी दिल्ली। बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों के शीर्ष संगठन यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) ने पांच-दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने में देरी, प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना में मतभेद और पेंशन संबंधी मुद्दों समेत विभिन्न लंबित मांगों को लेकर 11 सितंबर को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। यह हड़ताल होने पर खासकर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में बैंकिंग सेवाएं देश के कई हिस्सों में चार दिन तक प्रभावित हो सकती हैं। हड़ताल शुक्रवार के दिन प्रस्तावित है, जिसके बाद दो दिन बैंक अवकाश रहेगा। वहीं, कुछ राज्यों में 14 सितंबर को भी गणेश चतुर्थी का अवकाश है। सात बैंक कर्मचारी एवं अधिकारी संगठनों के निकाय यूएफबीयू ने 28 सितंबर से तीन दिन की एक और राष्ट्रव्यापी हड़ताल की चेतावनी दी है। यह हड़ताल छमाही खाताबंदी के साथ होगी। शीर्ष संगठन ने कहा कि मांगें नहीं मानी जाने की स्थिति में 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का भी फैसला किया गया है। अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ (एआईबीओसी) के महासचिव रूपम रॉय ने कहा कि पांच-दिवसीय बैंकिंग सप्ताह की व्यवस्था लागू करने के प्रस्ताव पर भारतीय बैंक संघ (आईबीए) ने आठ मार्च, 2024 को हुए 12वें द्विपक्षीय समझौतेनौवें संयुक्त नोट के तहत सहमति जताई थी।

# पेट्रोल और डीजल निर्यात पर अप्रत्याशित लाभ कर बढ़ा, विमान ईंधन पर शुल्क घटा

एजेंसी


नयी दिल्ली। सरकार ने मंगलवार को पेट्रोल और डीजल के निर्यात पर अप्रत्याशित लाभ कर बढ़ा दिया। वहीं विमान ईंधन पर शुल्क में मामूली कटौती की गई। संशोधित दरें एक सितंबर से अगले पखवाड़े के लिए प्रभावी होंगी।

वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, डीजल के निर्यात पर सड़क एवं बुनियादी ढांचा उपकर के साथ विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) बढ़ाकर 25 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है, जो पहले 24 रुपये प्रति लीटर था। वहीं, विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर एसएईडी को घटाकर 19 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है, जबकि पहले यह 19.50 रुपये प्रति लीटर था।

पेट्रोल के निर्यात पर शुल्क भी 1.50 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है, जो पहले शून्य था। अप्रत्याशित लाभ कर सरकार की तरफ से लगाया गया शुल्क है। यह उन विशिष्ट कंपनियों या उद्योगों पर लगाया जाता है जो अपनी व्यावसायिक रणनीतियों के बजाय अप्रत्याशित बाहरी घटनाओं के कारण अचानक भारी मुनाफा कमाते हैं।









Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com